CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 17°C

बरेली, सोमवार 3 नवम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 339 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 11 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



न्याय से बढ़कर कुछ नहीं, अति आत्मविश्वास से बचें: जस्टिस सूर्यकांत पेज 2



सुंदर की आतिशी पारी ने भारत को दिलाई बराबरी खेल टाइम्स



चुनावी मौसम में देश के पत्रकारों का कर्तव्य सम्पादकीय



ट्रम्प 2.0 में भारतवंशियों के खिलाफ हेट क्राइम 91 प्रतिशत बढ़ा पेज 12

# इसरो ने लॉन्च किया 'बाहुबली' एलवीएम3-एम5 रॉकेट

## जीटीओ तक लॉन्च होने वाला सबसे भारी सैटेलाइट, नौसेना की क्षमताओं को करेगा और मजबूत

**श्रीहरिकोटा, वार्ता**



**इसरो ने** 2 नवम्बर को शाम 5.26 बजे बाहुबली रॉकेट से 4400 किलो का सैटेलाइट लॉन्च किया। ये भारतीय जमीन से जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) तक लॉन्च होने वाला सबसे भारी सैटेलाइट है। ये नौसेना की कम्युनिकेशन क्षमताओं को और मजबूत करेगा। जीटीओ (29,970 किमी) एक अंडाकार ऑर्बिट है। रॉकेट ने इस आर्बिट में सैटेलाइट छोड़ दिया है।

अब 3-4 दिन बाद सैटेलाइट इंजन फायर होगा और ये ऑर्बिट को सर्कुलर कर लेगा। इसे जियोस्टेशनरी आर्बिट (जीईओ) कहते हैं। इसमें सैटेलाइट 24 घंटे कवरेज दे सकता है। इससे पहले इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन में 3900 केजी पेलोड जीटीओ में भेजा था। जीटीओ में भेजा गया दुनिया का सबसे भारी सैटेलाइट इकोस्टार 24 (जुपिटर 3) है। इसका वजन लॉन्च के समय करीब 9,000 किलो था। इसे स्पेसएक्स के फाल्कन हैवी रॉकेट से लॉन्च किया गया था। स्टड3 लॉन्च व्हीकल की ये पांचवीं ऑपरेशनल फ्लाइट (एलवीएम3-एम5) है। व्हीकल ज्यादा वजन ले जा सके इसके लिए इसमें स्ट्रक्चरल चेंजेस किए गए हैं। इसके अलावा थ्रस्ट बढ़ाने के लिए इंजन में भी कुछ बदलाव हुए हैं। स्ट्रक्चरल चेंजेस से इसे थोड़ा हल्का किया गया है। सीएम-03 एक मल्टी-बैंड कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जो हिंद महासागर के बड़े इलाके सहित पूरे भारतीय इलाके को सर्विस देगा। ये भारत को कंटीन्यूएस कवरेज देगी। ये एक जीएसएटी-7 आर सैटेलाइट है, जिसका कोडवर्ड सीएमै-03 है। ये श्रीहरिकोटा स्पेसपोर्ट से लॉन्च होगा। ये पुराने हो चुके जीएसएटी-7 (रुक्मिणी) सैटेलाइट की जगह लेगा, जो फिलहाल नौसेना के कम्युनिकेशन्स का मुख्य आधार है। रुक्मिणी ने युद्धपोतों, पनडुब्बियों, विमानों और किनारे पर बने कमांड सेंटर्स के बीच सुरक्षित रीयल-टाइम कनेक्शन मुमकिन किए हैं। सीएईएस-03 आर सैटेलाइट भारत की नेटवर्क-सेंट्रिक वॉरफेयर क्षमताओं को कई गुना मजबूत कर देगा। ये नौसेना के ऑपरेशन्स, एयर डिफेंस और स्ट्रैटेजिक कमांड कंट्रोल के लिए रीयल-टाइम कम्युनिकेशन मुहैया कराएगा, वो भी विशाल समुद्री और जमीन वाले इलाकों में। जियोस्टेशनरी ऑर्बिट (जीईओ) यानी धरती से 36,000 किलोमीटर ऊपर की गोल कक्षा। इस आर्पबिट में सैटेलाइट पृथ्वी को लगातार देख सकता है। ये 24 घंटे कवरेज के लिए जरूरी है। इसी वजह से कम्युनिकेशन सैटेलाइट्स को हमेशा जीईओ में ही रखना पड़ता है। इसरो आमतौर पर भारी कम्युनिकेशन सैटेलाइट्स को फ्रेंच गयाना में यूरोपीय स्पेसपोर्ट से लॉन्च करता है। ये पहली बार है जब ये भारतीय मिट्टी से 4.4 टन का सैटेलाइट लॉन्च हुआ। इसरो ने पहले 5 दिसम्बर 2018 को एरियन-5 रॉकेट की मदद से फ्रेंच गयाना से जीएसएटी-11 लॉन्च किया था, जो 5,854 किलो का था। ये इसरो का अब तक का सबसे भारी सैटेलाइट है। स्टड3 रॉकेट का सबसे भारी पेलोड लो अर्थ आर्बिट तक पहुंचाने का रिकॉर्ड वन वेब मिशन से जुड़ा है। इसमें 5,800 किलो का पेलोड धरती से 450 किमी ऊपर भेजा गया था। ए 36 छोटे सैटेलाइट्स का ग्रुप था, सिंगल नहीं। ये सिंगल कम्युनिकेशन सैटेलाइट के मामले में नया रिकॉर्ड है। 1999 में हुई कारगिल जंग में कम्युनिकेशन के लिए अमेरिका ने मदद से मना कर दिया था। इसके बावजूद भारत ने इस जंग में पाकिस्तान को हरा दिया था। 1999 में कारगिल की ऊंची-ऊंची चोटियों पर पाकिस्तानी घुसपैठिए छिपे हुए थे। भारतीय सेना को सटीक लोकेशन और सैनिकों की मूवमेंट ट्रैक करने के लिए ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम की सख्त जरूरत थी। भारत ने अमेरिका से मदद मांगी, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। कारगिल खत्म होने के बाद भारत ने दो मोर्चों पर काम चालू किया। भारत के पास पहले से इनसैट सीरीज के सैटेलाइट्स थे, जो वाइस काल्स, डेटा ट्रांसमिशन और सिचुएशनल अवेयरनेस में थोड़ी मदद कर रहे थे।

■ कारगिल जंग से सबक लेकर इसरो ने बनाया अपना सैटेलाइट नेटवर्क, नेवी की ताकत बढ़ेगी

### डाटा सुरक्षित और तेजी से उपलब्ध होगा

सीएमएस-03 का पूरा नाम कम्युनिकेशन सैटेलाइट मिशन-03 है। यह मल्टी-बैंड संचार उपग्रह कई तरह की रेडियो तरंगों पर काम करेगा। इसमें इंटरनेट कनेक्टिविटी, वीडियो कान्फेंसिंग और सुरक्षित डाटा ट्रांसमिशन जैसी सुविधाएं होंगी। इससे दूरदराज के इलाकों, जहाजों और हवाई जहाजों तक मजबूत संचार नेटवर्क उपलब्ध होगा और पहले के संचार उपग्रहों की तुलना में तेजी से डाटा उपलब्ध होगा। इसरो ने बताया कि विशेष तौर पर नौसेना के लिए विकसित यह संचार उपग्रह सात साल काम करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### तेलंगाना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीआरएस ऑफिस पर हमला किया

**हैदराबाद।** तेलंगाना के खम्मम जिले के मनुगुरु इलाके में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) के स्थानीय ऑफिस पर हमला कर दिया। उन्होंने ऑफिस में तोड़फोड़ की, फर्नीचर जलाया और कांग्रेस का झंडा फहरा दिया। वायरल वीडियो में कांग्रेस के झंडे थामे लोग बीआरएस ऑफिस में घुसते और नारेबाजी करते दिखाई दिए। झड़प के दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हुई और कुछ लोग घायल भी हुए। हालांकि पुलिस ने अभी तक किसी के घायल होने की पुष्टि नहीं की है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हमें हमारा ऑफिस वापस दो के नारे लगाते हुए प्रदर्शन भी किया। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। इधर, कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि बीआरएस शासन के दौरान उनका ऑफिस जबरन कब्जा कर लिया गया था। उनका कहना है कि तब के विधायक ने पुलिस सुरक्षा में कांग्रेस दफ्तर पर कब्जा कर उसे बीआरएस के गुलाबी रंग में रंगवा दिया था। हम इसे फिर वापस लेंगे।

### 'मोन्था' का असर खत्म, अब बारिश नहीं, ठंड बढ़ेगी

**नई दिल्ली।** मोन्था तूफान का असर लगभग खत्म हो गया है। इसके रूट में आने वाले राज्यों में अब बारिश नहीं होगी। हालांकि राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब और हिमाचल में बारिश हो सकती है। आईएमडी के मुताबिक पहाड़ी राज्यों और मैदानी इलाकों में अगले 3-4 दिन में तापमान में गिरावट होगी, जिससे ठंड बढ़ेगी। हिमाचल में 4 और 5 नवम्बर को बर्फबारी के आसार बन रहे हैं। तीन नवम्बर की रात से वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। फिलहाल कुकुमसेरी में तापमान माइनस 1.2 डिग्री सेल्सियस और ताबो में माइनस 0.8 डिग्री सेल्सियस चल रहा है। इधर, राजधानी दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों में प्रदूषण गंभीर होता जा रहा है। रविवार को हवा क्वालिटी और बिगड़ गई। एम्स और आसपास के इलाकों में एआईक्यू लेवल 420 तक पहुंच गया है।

### SIR नहीं रोका गया, तो अदालत जाएगा तमिलनाडु

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन ने चुनाव आयोग पर केंद्र सरकार के अधीन काम करने का आरोप लगाते हुए आयोग से तमिलनाडु में 4 नवम्बर से शुरू होने वाले प्रस्तावित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को रोकने की मांग की। श्री स्टालिन की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में सर्वसम्मति से पारित इस प्रस्ताव में कहा गया कि अगर चुनाव आयोग इस प्रक्रिया को नहीं रोकता है, तो तमिलनाडु के पास देश की शीर्ष अदालत में जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। श्री स्टालिन ने एसआईआर को लोगों के मताधिकार छीनने वाली प्रक्रिया कहा। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया की घोषणा ऐसे समय में की है जब तमिलनाडु में 2026 के अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## महागठबंधन के अंदर चल रही खींचतान पर मोदी का तंज

**पटना, वार्ता**

**बिहार विधानसभा** चुनाव में पहले चरण के मतदान से चार दिन पहले आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महागठबंधन के अंदर चल रही खींचतान पर बड़ा बयान दे दिया है। उन्होंने पहले राजद और कांग्रेस को देश के मुद्दे पर घेरा और फिर बिहार चुनाव में खींचतान तक लेकर आए।

पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में देश की सेना की इतनी बड़ी सफलता कांग्रेस और राजद को पसंद नहीं आई। धमाके पाकिस्तान में हो रहे थे और नींद कांग्रेस के शाही परिवार की उड़ी हुई थी। आज तक कांग्रेस और राजद के नामदार ऑपरेशन सिंदूर के सदमे से बाहर नहीं निकल पाए। आज विकसित बिहार के संकल्प के साथ पूरा एनडीए एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद के अंदर घमासन मचा हुआ है। अंदर की बात यह है कि नामांकन वापस लेने के एक दिन पहले बंद कमरे में गुंडागर्दी का खेल खेला गया। कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि सीएम पद पर राजद के उम्मीदवार का नाम तय हो, लेकिन, राजद ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रखकर सीएम पद चोरी कर लिया। फिर जबरन सीएम पद की घोषणा करवाई गई। पीएम मोदी ने आगे कहा कि राजद और कांग्रेस में झगड़ा भयंकर बढ़ गया।



■ कहा: आरजेडी ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रख सीएम पद का ऐलान कराया
■ कांग्रेस की पहचान सिखों के कत्लेआम से है, कांग्रेस के लोगों ने सिखों को नरसंहार किया था

## न तेजस्वी मुख्यमंत्री बनेंगे, न राहुल प्रधानमंत्री बनेंगे: शाह

**नई दिल्ली/पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मुजफ्फरपुर के बिशुनपुर सरैया में चुनावी सभा की। उन्होंने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि आपका वोट बिहार को जंगलराज से बचाने के लिए होगा। ये लोग कपड़े और चेहरे बदलकर फिर जंगलराज लाएंगे। इन लोगों को वापस मत आने देना।

शाह ने कहा कि लालू यादव और सोनिया गांधी को देश की कोई परवाह नहीं है। लालू अपने बेटे को मुख्यमंत्री और सोनिया अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। उनकी यह इच्छा पूरी होने वाली नहीं है, क्योंकि जगह ही खाली नहीं है। यहां नीतीश कुमार सीएम हैं और दिल्ली में नरेंद्र मोदी पीएम हैं। दूसरी तरफ, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बेगूसराय में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि 56 इंच की छाती वाला डरपोक है। महात्मा गांधी की छाती बड़ी नहीं थी, लेकिन वो किसी से डरते नहीं थे। इंदिरा भी किसी से नहीं डरती थीं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुजफ्फरपुर में पब्लिक रैली में रविवार को कहा कि 1994 में लालू-राबड़ी के शासन में गोपालगंज में डीएम कृष्णैया को पीट-पीटकर मार डाला गया था।

■ केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा: दोनों जगह खाली नहीं, राहुल ने कहा- 56 इंच की छाती वाला डरपोक है

## मुझे दबाने के लिए मेरे परिवार पर दर्ज हुए मुकदमे: रमणा

**अमरावती।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) एनवी रमणा ने कहा कि सांविधानिक सिद्धांतों की रक्षा करने वाले न्यायिक अधिकारियों को भी दबाव और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि जिन जजों का किसी राजनीतिक मामले में कोई हाथ नहीं था, उनके परिवार को भी राजनीतिक संगठनों ने निशाना बनाया। रमणा अमरावती में वीआईटी-एपी विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आप सभी जानते हैं कि मेरे परिवार को कैसे निशाना बनाया गया और उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए।

■ सांविधानिक सिद्धांतों की रक्षा करने वाले न्यायिक अफसरों को भी दबाव व उत्पीड़न का सामना करना पड़ा: पूर्व सीजेआई

## प्रियंका गांधी ने प्रदूषण को लेकर जताई चिंता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने प्रदूषण को लेकर चिंता जताई है। प्रियंका गांधी ने कहा कि पहले वायनाड और फिर बिहार के बछवाड़ा से दिल्ली की हवा में लौटना वाकई परेशान करने वाला है। इस शहर को प्रदूषण ने मानो उस पर एक धुएं और ग्रे रंग का चादर डाल दिया हो।

अब समय आ गया है कि हम सब अपनी राजनीतिक मजबूरियों की परवाह किए बिना एकजुट होकर प्रदूषण के बारे में कुछ कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। इस भयावह स्थिति को कम करने के लिए वे जो भी कदम उठाएंगे, हम सब उनका समर्थन और सहयोग करेंगे।

■ कहा: सभी एकजुट होकर प्रदूषण के बारे में कदम उठाएं



देहरादून : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उनका स्वागत करते हुए।

## भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में मक्का पर खींचतान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** मक्का आयात को लेकर अमेरिका की ओर से दबाव के बावजूद भारत अपने किसानों के पक्ष में मज़बूती से खड़ा है और पीएम मोदी और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल दोनों साफ़ कर चुके हैं कि भारतीय किसानों हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

दोनों देशों के बीच इस समय चल रही व्यापार वार्ताओं में अमेरिका की ओर से, खास कर कृषि उपजों के भारतीय बाजार को खोलने का मुद्दा उठता रहा है। हाल ही में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने वाशिंगटन पत्रकारों से बातचीत में भारत के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा था कि भारत कहता है कि उसकी आबादी 1.4 अरब की है, तो क्या ये 140 करोड़ लोग अमेरिका का एक बुशल (लगभग 25 किलो) मक्का भी नहीं खरीद सकते? वे हमें भी चीजें बेचते हैं, लेकिन हमारे माल पर भारी भरकम आयात शुल्क लगा देते हैं, क्या यह उचित है? अमेरिकी मंत्री लुटनिक की हताशा के पीछे दो प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं। एक तो अमेरिका में इस बार मक्के की बम्पर पैदावार हुई है और दूसरे, चीन ने मक्के का आयात घटा दिया है। अमेरिकी कृषि विभाग (यूएसडीए) ने गत अगस्त में बताया कि 1866 के बाद 2025-26 में वहां मक्के का उत्पादन अनुमानित 16.7 अरब बुशल के साथ एक नया रिकॉर्ड बना सकता है। अमेरिकी मक्के के सबसे बड़ा खरीदार चीन ने इसकी खरीद में भारी कटौती कर रखी है। चीन पहले अमेरिकी सोयाबीन का भी प्रमुख आयातक था, लेकिन हाल के वर्षों में उसने वहां से सोयाबीन का आयात कम कर दिया था। बीते साल अमेरिका के कुल सोयाबीन निर्यात का लगभग 45 प्रतिशत चीन ने खरीदा था, पर इस बार अभी कोई सौदा नहीं हुआ है।

■ प्रधानमंत्री मोदी की दो टूक: भारतीय किसानों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा



## सबसे ज्यादा कपड़ों व खाने-पीने पर खर्च करते हैं भारतीय

**नई दिल्ली।** शॉपिंग मॉल और शहरों के बड़े बाजारों में भारतीय सबसे ज्यादा पैसा परिधानों पर और उसके बाद खाने-पीने पर खर्च करते हैं।

एक हालिया अध्ययन के अनुसार, देश में शॉपिंग सेंटरों का कुल कारोबार लगभग 4.9 लाख करोड़ रुपये है जिसमें 30.35 (1,500-1,700 अरब रुपये) प्रतिशत कमाई परिधानों की बिक्री से होती है। इसके बाद मुख्य बाजारों का कारोबार लगभग 3.8 लाख करोड़ रुपये का है। इसमें 32:35 प्रतिशत पैसा (1,200-1,400 अरब रुपये) लोग परिधानों पर खर्च करते हैं। परिधानों के बाद दूसरे नंबर पर खाने-पीने की चीजें हैं। मॉलों में अपने कुल खर्च का 20:25 प्रतिशत (1,000-1,100 अरब रुपये) लोग खाने-पीने पर खर्च डालते हैं। वहीं, बड़े बाजारों में लोग 800-950 अरब (22-25 प्रतिशत) इस मद में खर्च कर डालते हैं।

■ एक अध्ययन से रिपोर्ट आई सामने

## संक्षिप्त समाचार

### उमर अब्दुल्ला व सुनील शेट्टी ने मैराथन में लगाई दौड़

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी ने रविवार सुबह श्रीनगर में कश्मीर मैराथन 2-0-2025 को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा किया रवाना। दौड़ सुबह छह बजे पोलो व्यू से शुरू हुई, जहां प्रतिभागियों ने खूबसूरत बुलेवार्ड रोड पर दौड़ते हुए शहर की प्रतिष्ठित डल झील के लुभावने दृश्यों का आनंद लिया।इस मैराथन का आयोजन कश्मीर पर्यटन विभाग द्वारा जम्मू और कश्मीर खेल परिषद के सहयोग से किया गया था और इसमें कई श्रेणियां शामिल थीं, जैसे पूर्ण मैराथन (42 किमी), हाफ मैराथन (21 किमी) और शौकिया और स्थानीय प्रतिभागियों के लिए छोटी दौड़। इस वर्ष के आयोजन में देश भर के 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 1,500 से अधिक धावकों और 11 देशों से 77 विदेशी प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिससे वैश्विक खेल मानचित्र पर कश्मीर की बढ़ती उपस्थिति का पता चलता है।

### मायावती की रैली से बिहार में बढ़े टिकट के दाम

**लखनऊ/पटना।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की हालिया लखनऊ रैली ने बिहार की राजनीति में हलचल मचा दी है। यह रैली मान्यवर कांशीराम जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित की गई थी, लेकिन राजनीतिक गलियारों में सवाल उठ रहे हैं कि इस बार का आयोजन असामान्य रूप से बीज.पी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए किया गया था। रविवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस के पूर्व सांसद डा. उदित राज ने कहा कि बिहार में भाजपा को जिताने के लिए मायावती ने लखनऊ में रैली आयोजित की थी।

# नीतीश सरकार में पक्षपात नहीं, न्याय होता है: केशव प्रसाद मौर्य

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ/पटना।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बिहार विधानसभा चुनाव के बीच मोकामा में हुई हिंसक वारदात और अनंत सिंह की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था पूरी तरह मजबूत है और नीतीश कुमार की सरकार निष्पक्ष कार्रवाई कर रही है।

रविवार को मीडिया से बात. चीत में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि चुनाव के दौरान ऐसी घटना होना दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन बिहार में कानून-व्यवस्था दुरुस्त है। नीतीश कुमार की सरकार में कोई पक्षपात नहीं होता, न्याय होता है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर गिरफ्तारी की, यह सुशासन की मिसाल है। राजद नेता तेजस्वी यादव के बयान पर भी केशव मौर्य ने पलटवार किया। तेजस्वी ने कहा था कि अगर राजद को बहुमत मिला, तो सभी विधायकों को मंत्री बनाया जाएगा।

इस पर मौर्य ने कहा कि अगर तेजस्वी यादव सभी विजई प्रत्याशियों को उपमुख्यमंत्री भी बना दें, तब भी राजद-कांग्रेस गठबंधन का बिहार में कोई भविष्य नहीं है। वे 50 का आंकड़ा पार कर लें, वही बड़ी बात होगी। मौर्य ने कहा कि बिहार की जनता अब परिवारवाद और भ्रष्टाचार की राजनीति से ऊब चुकी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास और सुशासन के पक्ष में है। गौरतलब है कि मोकामा में आरजेडी समर्थक दुलार चंद यादव की हत्या के बाद से राजनीतिक माहौल गर्माया हुआ है। इस हत्या को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। विपक्ष इस घटना को 'सामाजिक न्याय बनाम मनुवाद' की लड़ाई बता रहा है, जबकि सत्तारूढ़ जेडीयू और भाजपा इसे कानून-व्यवस्था की सख्ती का परिणाम बता रहे हैं।

# यूपी में चक्रवात मोंथा का प्रभाव समाप्त

शाह टाइम्स ब्यूरो



**प्रदेश में शुष्क मौसम, सुबह धुंध और कोहरा पड़ने की संभावना**

**लखनऊ।** बंगाल की खाड़ी में बने गंभीर चक्रवाती तूफान 'मोंथा' का प्रभाव अब समाप्त हो गया है। इसके प्रभाव से बीते सप्ताह उत्तर प्रदेश में मौसम में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया।

राज्य के कई हिस्सों जैसे आगरा, इटावा, बाराबंकी, झांसी और फुर्सतगंज (अमेठी) में अक्टूबर महीने में अधिकतम तापमान न्यूनतम स्तर तक दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डा. एके सिंह के अनुसार अब चक्रवात का असर समाप्त होने के साथ ही प्रदेश का मौसम धीरे-धीरे साफ़ हो रहा है। पिछले 24 घंटों में पश्चिमी और मध्य उत्तर प्रदेश के ज़िलों में अधिकतम तापमान में 3 से 7 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि आज पूर्वी उत्तर प्रदेश में तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की संभावना व्यक्त की गई है। इसके बाद तापमान में किसी बड़े परिवर्तन की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्रा नहीं है। ऐसे में आगामी एक सप्ताह तक मुख्यत: शुष्क मौसम बना रहेगा। हालांकि 4 से 5 नवम्बर के दौरान पश्चिमी हिमालई क्षेत्र पर सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के उत्तरी भागों में आंशिक बादलों की आवाजाही संभव है।

मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि इस अवधि में न्यूनतम तापमान में पहले 48 घंटों में लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट, उसके बाद अगले 48 घंटों में करीब 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि, और फिर क्रमिक रूप से 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की पुन: गिरावट दर्ज की जा सकती है। इसके साथ ही, 3 और 4 नवम्बर की सुबह राज्य के पूर्वांचल एवं उत्तरी तराई क्षेत्रों में कहीं-कहीं कम से मध्यम को. हरा और हल्की धुंध पड़ने की संभावना है। यह कोहरा प्रात:काल के समय सीमित रहेगा और सूर्योदय के बाद दिन चढ़ने के साथ समाप्त हो जाएगा। विभाग ने किसानों और आम नागरिकों को सलाह दी है कि इस दौरान दृश्यता कम होने पर सुबह के समय वाहन चलाते समय सावधानी बरतें और तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण बुजुर्गों और बच्चों को ठंड से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी गई है।

## विद्यार्थियों को न्याय की मूल भावना को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी

# न्याय से बढ़कर कुछ नहीं, अतिआत्मविश्वास से बचें

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सुप्रीम कोर्ट के भावी मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने विधि स्नातकों को संबोधित किया**

**लखनऊ।** डा. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्व. विद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह रविवार को गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के भावी मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने विद्यार्थियों को न्याय की मूल भावना को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि किसी भी केस को जीतने से अधिक महत्वपूर्ण है उसमें न्याय मिलना।

विधि स्नातकों से उन्होंने कहा कि जीवन में आत्ममंथन अत्यंत आवश्यक है। क्या मेरी तैयारी पूरी थी? क्या मैंने बहस सही से की? जैसे सवाल खुद से पूछने की आदत सुधार की दिशा में पहला कदम है। जस्टिस सूर्यकांत ने अपने वकालत के दिनों का अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक बार अतिआत्मविश्वास के कारण वह केस हार गए थे। उसके बाद से उन्होंने हर केस के लिए नोटबुक रखना शुरू किया, ताकि हर गलती से सीख ली जा सके। उन्होंने नए विधि स्नातकों को अतिआत्मविश्वास से बचने और विनम्रता बनाए रखने की सलाह दी। समारोह में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ ने विद्यार्थियों को तीन मंत्रा दिए मेहनत, ईमानदारी और खुशमिजाजी। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति इन तीन बातों का पालन करता है, वह जीवन में अवश्य सफल होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। उन्होंने कहा कि न्यायिक व्यवस्था जितनी सशक्त होगी, सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करना उतना ही आसान होगा। यही वह व्यवस्था है जिसे हमारे पूर्वजों ने रामराज्य कहा था। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि पहले हमारे डीजे के चैम्बर में एसी नहीं था।

आज ये लग्जरी नहीं, जरूरत है, ताकि जब बार को गुस्सा आए, तो एसी से गुस्सा ठंडा हो सके। मुख्यमंत्री ने सभी उपाधिधारकों के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि सत्य बोलना और धर्म का आचरण करना है।

### मजबूत न्याय व्यवस्था ही सुशासन का आधार: सीएम योगी

**लखनऊ।** डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरएमएलएनएलयू) का चौथा दीक्षांत समारोह रविवार को आयोजित हुआ। इस मौके पर बीए-एलएलबी आनर्स, एलएलएम वन इयर, पीजीडीसीएल, पीजीडीआईपीआर पाठ्यक्रमों के मेधावियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य सहित कुल 21 पदक दिए गए। इस दौरान 309 उपाधियां सफल विधार्थियों को दी गईं। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुप्रीम के जस्टिस सूर्यकांत की मौजूदगी में मेधावियों ने न्याय की राह पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपाधियां अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश की मजबूत न्याय व्यवस्था ही सुशासन का आधार है।

समारोह में इलाहाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण कुमार भंसाली, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, विधायक डा. राजेश्वर सिंह और कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह भी मौजूद रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पाठ्यक्रमों के 309 विद्यार्थियों को उपाधियां और 21 मेधावियों को स्वर्ण, रजत, कांस्य व स्मृति पदक प्रदान किए गए। विशेष स्वर्ण पदक पाने वालों में प्रदीप कुमार अग्रवाल, मुस्कान शुक्ला, दर्शिका पांडेय, धीरज दिवाकर और अभ्युदय प्रताप शामिल हैं। इस वर्ष 24 पीएचडी उपाधियां भी प्रदान की गई।

# प्रदेश में पर्याप्त खाद उपलब्ध: सूर्य प्रताप शाही

लखनऊ, वार्ता



उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों को आश्वस्त किया कि रबी 2025-26 सीजन के लिए प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है, जिसे किसानों को उनकी जोत के अनुपात में उपलब्ध कराया जा रहा है।

रविवार को विभागीय अधिकारियों के साथ प्रदेश में खाद की अद्यतन उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि एमएफएमएस पोर्टल के अनुसार 2 नवम्बर 2025 तक प्रदेश में कुल 35.68 लाख मीट्रिक टन उर्वरक प्राप्त हो चुका है, जिनमें से 9.77 लाख मीट्रिक टन की बिक्री की जा चुकी है। इस प्रकार राज्य में 25.91 लाख मीट्रिक टन का स्टॉक किसानों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु उपलब्ध है। यह मात्रा गत वर्ष की इसी अवधि में उपलब्ध 24.32 लाख मीट्रिक टन की तुलना में 1.59 लाख मीट्रिक टन अधिक है। रबी सीजन के लिए उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। वर्तमान में प्रदेश में 4.35 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 4.80 लाख मीट्रिक टन एनपीके, 12.71 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 3.03 लाख मीट्रिक टन एसएसपी तथा 1.02 लाख मीट्रिक टन एमओपी उपलब्ध है। इनमें से डीएपी की उपलब्धता गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में 1.94 लाख मीट्रिक टन अधिक है, जबकि एनपीके की मात्रा 2.60 लाख मीट्रिक टन अधिक है। सहकारी समितियों के पास वर्तमान में 5.27 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 1.80 लाख मीट्रिक टन डीएपी तथा 1.13 लाख मीट्रिक टन एनपीके का भंडार मौजूद है।



सेंसेक्स 84556.40
निफ्टी 25891.40



सोना रु. 125770
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 155000
प्रति किलो



# आर्थिक आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा



**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी रही, जबकि शेष तीन दिन गिरावट देखी गई। बीएसई का सेंसेक्स सप्ताह के दौरान 0.32 प्रतिशत टूटकर सप्ताहांत पर 83,938.71 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 0.28 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट में 25,722.10 अंक पर बंद हुआ। सप्ताह के दौरान बुधवार को दोनों प्रमुख सूचकांक अवतक की ऐतिहासिक ऊंचाई पर बंद हुए थे। मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली रहने से एनएसई का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.61 प्रतिशत चढ़कर शुक्रवार को 17,006.30 अंक पर बंद हुआ। स्मॉलकैप-100 सूचकांक भी 0.70 अंक पर आ गया।

गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में घरेलू अर्थव्यवस्था के आंकड़े और वैश्विक कारक बाजार को दिशा देंगे। आने वाले सप्ताह में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़े जारी होने हैं।

इसके अलावा अक्टूबर के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और वाहनों की बिक्री से शनिवार को आए आंकड़ों का असर भी सोमवार को बाजार खुलने पर दिखेगा। वैश्विक स्तर पर भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता अब भी अटकी हुई है। साथ ही भू-राजनैतिक स्थिति में भी तनाव बना हुआ है। इसका असर भी शेयर बाजारों पर दिखेगा। बीते सप्ताह सोमवार और बुधवार को बाजार में तेजी रही,

### शीर्ष चार कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 95,447 करोड़ बढ़ा

**मुंबई।** शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल चार कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 95,447 करोड़ रुपए बढ़ गया, जबकि अन्य छह के संयुक्त एमकैप में 91,686 करोड़ रुपए की गिरावट दर्ज की गई। विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का एमकैप सबसे अधिक 47,431 करोड़ रुपए बढ़ी और उसका बाजार पूंजीकरण सप्ताह के दौरान 20 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक का एमकैप 30,092 करोड़ रुपए, भारती एयरटेल का 14,540 करोड़ रुपए और भारतीय जीवन बीमा निगम का 3,384 करोड़ रुपए बढ़ा। बाजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण सबसे अधिक 29,090 करोड़ रुपए घट गया।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 6.9 अरब डॉलर की गिरावट फिर भी रिकॉर्ड के करीब

**नई दिल्ली।** भारत के विदेशी मुद्रा भंडार यानी फारेक्स रिजर्व में पिछले सप्ताह 6.925 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 24 अक्टूबर 2025 को समाप्त सप्ताह में देश का कुल भंडार घटकर 695.355 अरब डॉलर पर आ गया। हालांकि यह आंकड़ा अब भी सितम्बर 2024 के सर्वाधिक रिकॉर्ड स्तर 704.89 अरब डॉलर के करीब बना हुआ है। आरबीआई के अनुसार वो विदेशी मुद्रा संपत्तियां, जो भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा है, घटकर 566.548 अरब डॉलर रह गईं। इसमें 3.862 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं सोने के भंडार में भी 3.010 अरब डॉलर की कमी आई और यह 105.536 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह गिरावट वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और निवेशकों द्वारा सोने की मांग में बढ़ोतरी के चलते आई है। भले ही भंडार में गिरावट आई है, लेकिन यह अब भी स्थिर और मजबूत स्थिति में है।

# चावल, दाल, खाद्य तेलों में साप्ताहिक गिरावट रही



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव घट गए। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में भी गिरावट रही जबकि गेहूं और चीनी के दाम कमोबेश स्थिर रहे। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 38 रुपए बढ़कर सप्ताहांत पर 3,826 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 2,859.91 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत छह रुपए गिरकर 3,318.60 रुपए प्रति क्विंटल रह गई। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 111 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई। पाम ऑयल में 18 रुपए की गिरावट रही। मूंगफली तेल 85 रुपए और सोया तेल 21 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 14 रुपए और वनस्पति की 28 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में 29 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 13 रुपए और मूंग दाल की 50 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल 11 रुपए और उड़द दाल 62 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव छह रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी के भाव में कमोबेश टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7859.91 रुपए, मसूर काली 8071.18 रुपए, मूंग दाल 10078.30 रुपए, उड़द दाल 10338.44 रुपए, तुअर दाल 10513.88 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2859.91 रुपए और चावल 3826 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4326.43 रुपए और गुड़ 5039.27 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17778.60 रुपए, मूंगफली तेल 17536.92 रुपए, सूरजमुखी तेल 15624.98 रुपए, सोया तेल 13751.96 रुपए, पाम ऑयल 12509.23 रुपए और वनस्पति 14476.94 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# आढ़ती-मुनीम किसानों का आठ करोड़ लेकर फरार

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश में पीलीभीत मंडी समिति से लगभग आठ करोड़ रुपए लेकर फरार आरोपी आढ़ती और उसके मुनीम के विरुद्ध पुलिस ने कानूनी कार्रवाई की है। शाहजहांपुर जनपद के दो पीड़ित किसानों की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। मंडी सचिव प्रवीण अवस्थी के अनुसार आढ़ती का लाइसेंस निलंबित किया जा चुका है। इस बीच आढ़ती संगठन ने भी उनकी सदस्यता समाप्त कर दी है।

शाहजहांपुर जिले के निगोही थाना क्षेत्र के ग्राम संडा खास निवासी संदीप कुमार और हरीश कुमार ने सुनगढ़ी पुलिस को संयुक्त दी। उन्होंने आरोप लगाया कि पीलीभीत की मंडी समिति में बालमुकुंद राममूर्ति आढ़त कृषि मंडी के आढ़ती प्रियांशु अग्रवाल (पुत्र सुरेंद्र कुमार अग्रवाल) और उनके मुनीम अरुण कुमार ने उनके धान की बिक्री का भुगतान नहीं किया। हरीश कुमार ने 7 अक्टूबर को 140 क्विंटल धान 1910 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बेचा था। इसी प्रकार संदीप कुमार ने 17 और 19 अक्टूबर को कुल 1280 क्विंटल धान उसी आढ़त पर बेचा था। इन दोनों किसानों को उनके धान की बिक्री का भुगतान नहीं मिला। भुगतान न मिलने पर किसानों ने आढ़ती से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। जब वे मंडी समिति पहुंचे, तो आढ़त पर ताला लगा मिला। पूछताछ करने पर उन्हें पता चला कि प्रियांशु और मुनीम अरुण कई किसानों के लगभग आठ करोड़ रुपए लेकर फरार हो गए हैं। उनके मोबाइल नंबर भी बंद आ रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सुनगढ़ी नरेश कुमार त्यागी ने मीडिया को बताया पुलिस ने दोनों किसानों की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। धोखधड़ी प्रकरण की विवेचना आसाम रोड चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रविंद्र बालियान को सौंपी गई है।

### दो वर्षीय बच्ची को दबोच ले गया भेड़िया, गांव में मचा हड़कंप

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के जनपद बहराइच के फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कंदौली में रविवार की सुबह भेड़िए ने एक बार फिर हमला कर दो वर्षीय बालिका को दबोच लिया और खेत की ओर भाग गया। घटना से पूरे गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल है। लगभग 20 दिन बाद हुई इस दूसरी घटना से ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया है।

# योगी ने नाव हादसे के पीड़ितों से की मुलाकात पुनर्वास व मुआवजे का दिया आश्वासन

**बहराइच।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को बहराइच जिले का दौरा किया और हाल ही में कौड़ियाला नदी में नाव पलटने से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। इस दु:खद हादसे में एक महिला की मौत हो गई थी, जबकि आठ लोग लापता हो गए थे। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों को हरसंभव सरकारी मदद का आश्वासन दिया, साथ ही उनके लिए पुनर्वास, आवास और मुआवजे की घोषणा भी की।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर करीब 2:50 बजे मिहींपुरवा तहसील पहुंचे। यहां उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से रेस्क्यू ऑपरेशन की विस्तृत जानकारी ली और नाव दुर्घटना स्थल का हवाई सर्वेक्षण भी किया। पीड़ित परिवारों से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें सांत्वना दी और एक बड़ी राहत की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गांव वालों के पुनर्वास की व्यवस्था की जाएगी। एक कॉलोनी बनाकर दी जाएगी। इनके लिए सभी प्रकार की सुविधाएं और बाजार उपलब्ध होंगे। इसके लिए जमीन लेकर इनके रहने की व्यवस्था की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि नाव हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के लिए जमीन, राशि और आवास की सुविधा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया अगले एक महीने में पूरी करने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने नाव हादसे में जान गंवाई है, उनके परिवार के प्रति हमारी संवेदना है। उनको दु:ख की इस घड़ी में हम परिवार के साथ में हैं। उनकी सारी मदद सरकार करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने इस दौरान वन्य ग्रामों में रह रहे लोगों की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि अगर वन्य गांव या कोई ऐसी जगह है, जहां लोग घने जंगलों में रहने को मजबूर हैं। उन्हें वहां से विस्थापित कर सुरक्षित जगह पर रहने की व्यवस्था करेंगे। जिससे आनी वाली पीढ़ियां अपना सुरक्षित जीवन यापन कर सकेंगी। उन्होंने यह कहते हुए पीड़ित परिवारों के साथ खड़े रहने का विश्वास दिलाया कि इस दुख की घड़ी में सरकार और जनप्रतिनिधि पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैराजगेंज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सूचना दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले किसी विज्ञापन पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभियोग जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उनके कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सत्यता या अनुमोदन हेतु उत्तरदायी नहीं होंगे।

# घाटों पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, हर-हर गंगे के गूंजे जयकारे

## पतित पावनी गंगा में सुबह से ही शुरू हो जाता है स्नान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** तिगरी गंगा मेले में घाटों पर श्रद्धालुओं की खूब भीड़ उमड़ रही है और हर हर गंगे के जयकारे वातावरण को गुंजित रह रहे हैं। चहुंओर उल्लास ही उल्लास है। गंगा मैया के आंचल में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले तिगरी मेले में श्रद्धालुओं आस्था और उल्लास के रंग में रंगने के लिए पहुंचते हैं। गंगा की रेती में तंबु और डेरे लगाते हैं और स्नान करते हैं। रविवार को घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ इस बात का प्रमाण थी कि उनके मन में गंगा मैया के प्रति कितनी बड़ी आस्था है। श्रद्धालुओं छोटे छोटे बच्चों को अपनी गोद में लेकर स्नान करा रहे थे, मानों यह समझा रहें हों कि धरती पर देवनदी गंगा में स्नान करना कितना बड़ा सौभाग्य है। श्रद्धालु स्नान के बाद गंगा मैया के फूल, बताशे और प्रसाद चढ़ाकर सुख व स्मृद्धि का आशीर्वाद मांग रहे हैं।

**■ प्रसाद चढ़ाकर माग रहे सुख-स्मृद्धि का आशीष**



### काशी की तर्ज पर हो रही भव्य महाआरती

**गजरौला।** मेला तिगरी को प्रशासन ने कुंभ मेले की तर्ज पर आयोजित कराने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। यही कारण है कि गंगा किनारे बने आरती स्थल पर शाम को काशी से आए आचार्यों द्वारा गंगा की महाआरती कराई जा रही है। रविवार की शाम को हुई महाआरती का समय होते ही श्रद्धालु भी पहुंच गए थे। अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने भी गंगा मैया की आरती उतारी। आचार्यों ने शंखनाद भी किया। आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।



■ गजरौला। गंगा मेले तिगरी के घाटों पर स्नान को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। छाया: शाह टाइम्स



■ गजरौला। तिगरी मेले में लगी श्रृंगार की दुकानों से खरीदारी करती महिलाएं।

## मेले के बाजारों में बढ़ी रौनक, खूब चल रहा खरीदारी का दौर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** तिगरी गंगा मेले में जैसे जैसे कार्तिक पूर्णिमा की तिथि करीब आ रही है, वैसे वैसे ही मेले के बाजारों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। चारों और उल्लास का वातावरण देखने को मिल रहा है।

महिलाएं जहां सौन्दर्य प्रशाधन की दुकानों से सामान खरीद रही हैं तो वहीं बच्चे खेल-खिलौने खरीद रहे हैं। श्रद्धालुओं के लिए मेले में खानपान का भी बढ़िया इंतजाम है। यहां पर चाइनीज फूड्स, सॉफ्टी, कॉटन कैंडी समेत फास्ट फूड के भी अनेकों स्टॉल हैं। यहां पर डोसा, बर्गर और चाव के स्टॉल भी लगे हैं। छोले भटूरों, जलेबी और पकौड़ियों की खूब दुकानें सजी हैं। रात के समय मेले की रौनक रंगीन बल्वों की रोशनी से और भी बढ़ जाती है।

**■ चाइनीज फूड्स, सॉफ्टी व फास्ट फूड के लगे स्टॉल**

## डबल इंजन की सरकार में बढ़ा तिगरी मेले की प्रतिष्ठा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** केन्द्र व प्रदेश में संचालित भाजपा की डबल इंजन सरकार में तिगरी गंगा मेले की ख्याति और प्रतिष्ठा बढ़ी है, यह बात व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने कही। बताया कि वे परिवार सहित पिछले तीस वर्षों से तिगरी गंगा मेले में आते हैं और तंबु डालकर रहते हैं।

रविवार को उनके शिविर पर पहुंचे शाह टाइम्स प्रतिनिधि को हसनपुर निवासी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि अब मेले की व्यवस्थाएं बढ़ी हैं तो वहीं साफ-सफाई भी अच्छी है। जब से प्रदेश में योगी सरकार आई है तब से तिगरी मेला की प्रतिष्ठा बढ़ी है। शिविर में रेशु अग्रवाल, योगिता अग्रवाल, श्रियांशी अग्रवाल, देवांश अग्रवाल, पुष्कर अग्रवाल, डॉ. सपना अग्रवाल, राहुल गुप्ता आदि मौजूद रहे।



## गन्ना मूल्य की बढ़ोतरी कम: टिकैत

### तिगरी गंगा मेले में पहुंचे भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत रविवार को तिगरी गंगा मेले पहुंचे, जहां पर कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया।

रविवार को दोपहर के दो बजे मेला क्षेत्र पहुंचे राकेश टिकैत को कार्यकर्ता जुलूस के रूप में गाड़ियों के काफिले के साथ शिविर में लेकर पहुंचे। यहां पर श्री टिकैत ने किसानों को संबोधित किया, कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बढ़ाया गया गन्ना मूल्य कम है, कम से कम 450 रूपये प्रति कुन्तल मूल्य घोषित होना चाहिए। उन्होंने किसानों से एकजुट होने का आह्वान किया। वहीं गजरौला के सलारपुर गांव में भी राकेश टिकैत का स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष दानवीर सिंह, जिलाध्यक्ष डॉ.चंद्रपाल सिंह, महेश सिंह, काले चौहान, सुरेन्द्र सिंह, हर्षित गिल, विजेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं सलारपुर में जितेन्द्र सिद्धू के आवास पर भी उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर विजेन्द्र सिद्धू, हर्ष सिद्धू, राज सिद्धू, उधम सिंह, संग्राम सिंह, सतपाल सिंह, सुखवीर सिंह, सतेन्द्र सिंह मौजूद रहे।



## बालक वर्ग में असमौली व बालिका वर्ग में मल्हूपुरा विजयी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** जिला खेल कार्यालय अमरोहा में आयोजित चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन खुली बालक एवं बालिका वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन अस्थाई स्पोर्ट्स स्टेडियम निकट कृषि प्रदर्शनी एवं जिला स्काउट गाइड गाइड शि. विर राजकीय गंगा मेला तिगरी धाम में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन उप जिलाधिकारी वृक्षपाल सिंह ने किया।

बालक वर्ग वालीबॉल प्रतियोगिता में जनपद अमरोहा के विभिन्न ग्रामीण अंचलों और वालीबॉल क्लबों की 08 टीमों जबकि बालिका वर्ग में 07 टीमों ने प्रतिभाग किया। नाक आउट आधार पर खेली गई इस प्रतियोगिता में प्रथम सेमीफाइनल संविलयन विद्यालय मल्हूपुरा और और स्पोर्ट्स स्टेडियम माली खेड़ा टीम 'बी' के मध्य खेला गया। जिसमें गजरौला की टीम ने 32 -23 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच नेहरू स्मारक इण्टर कॉलेज रजबपुर अमरोहा और माली खेड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम अमरोहा के बीच हुआ, जिसमें नेहरू स्मारक इण्टर कॉलेज रजबपुर अमरोहा की टीम ने संघर्ष पूर्ण मुकाबले में स्पोर्ट्स स्टेडियम माली खेड़ा को 25-23 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला संविलयन विद्यालय मल्हूपुरा और माली नेहरू स्मारक इण्टर कॉलेज जबपुर अमरोहा के मध्य खेला गया, जिसमें संविलयन विद्यालय मल्हूपुरा ने माली खेड़ा अमरोहा को कड़े मुकाबले में 21-19 से हराकर के प्रतियोगिता की विजेता टीम बनी। बालिका वर्ग का पहला सेमीफाइनल मैच गजरौला और रजबपुर के बीच हुआ जिसमें गजरौला ने आसानी से 21-08 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरा सेमीफाइनल अमरोहा और स्टेडियम के बीच खेला गया जिसमें अमरोहा ने स्टेडियम के कड़े मुकाबले में पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। बालक वर्ग की वालीबॉल प्रतियोगिता फाइनल में असमोली और चोटीपुरा के बीच खेला गया जिसमें असमोली ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में चोटीपुरा को 25 -23 से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। उप जिलाधिकारी मसीह नज्म, कृषि उप निदेशक डॉ.राम प्रवेश, जिला कृषि अधिकारी मनोज तोमर, अवनीश कुमार श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक डॉ. संजीव कुमार चौहान, एम्पायर पुरजीत सिंह, राजकुमार सिंह, राजदीप सिंह, देवेन्द्र सिंह, सचिन पाल, रनदीप सिंह, अमित कुमार, आंचल, साक्षी तोमर, लक्ष्य त्यागी मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन डॉ 0 संजीव कुमार चौहान ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी श्री अश्विनी कुमार जी, प्रधानाचार्य श्री देवेन्द्र सिंह चौहान, श्री अजय चौहान और, श्री सत्यवीर सिंह त्यागी, श्री रिंकू चौहान जी मौजूद रहे।



## धूमधाम से हुआ तुलसी विवाह

### नगर के बुधबाजार स्थित शिव मंदिर में हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** देवोत्थान एकादशी के अवसर पर महिलाओं ने नगर के बुधबाजार स्थित शिव मंदिर में तुलसी विवाह का कार्यक्रम धूमधाम से कराया गया। पंडित हरिगोपाल शास्त्री के मार्गदर्शन में पूजा अर्चना कराई। महिलाओं ने कीर्तन भी किया।

रविवार को शिव मंदिर में भगवान विष्णु व माता तुलसी का विवाह धूमधाम से हुआ। इस अवसर पर विशेष पूजा अर्चना, भजन कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस मौके पर वंदना गोयल, आशा वर्मा, सत्तो गोयल, रितु तिवारी, रश्मि, राधा गर्ग, मीनाक्षी वर्मा, बीना, सीमा, रेखा व सुमन मौजूद रहे। पंडित हरिगोपाल शास्त्री ने भक्तों को तुलसी विवाह की महत्त के बारे में विस्तार से बताया।



## प्रशिक्षु सिपाहियों को मेले में दिया व्यवहारिक प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हाल में आयोजित की गई पुलिस भर्ती में चयनित प्रशिक्षित सिपाहियों के दल को पुलिस अधिकारियों ने व्यवहा. रिक प्रशिक्षण दिया और अभ्यास कराया। मेले में भीड़ नियंत्रण के बारे में जानकारी दी।

रविवार को कोतवली परिसर में प्रभारी आरटीसी राम सिंह रावत ने प्रशिक्षुओं को तिगरी मेले में लाकर उन्हें व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। मेले जैसे बड़े आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण के लिए बनाई जाने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए श्रद्धालुओं के साथ किए जाने वाले विनम्रता पूर्वक व्यवहार के बारे में समझाया। श्री रावत ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य मानसिक रूप से सशक्त और अनुशासनप्रिय पुलिसकर्मी के रूप में तैयार करना है।

**■ तिगरी मेला कोतवाली में कराई गई परेड**

## बाबा खाटू श्याम के भजनों पर झूमे भक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री झारखंडी महादेव सेवक संघ द्वारा आयोजित चतुर्थ श्री श्याम संकीर्तन का शुभारंभ विधायक राजीव तरारा ने ज्योति प्रज्वलित करके किया।

शनिवार की शाम को बस्ती स्थित पुराने रामलीला ग्राउंड में आयोजत कार्यक्रम में बाबा श्याम का श्रृंगार दीपक वर्मा ने किया जबकि रुद्रपुर से आए शुभम सक्सेना, चांदपुर से आए श्रीकांत कोहली एवं धनौरा से आई छाया प्रजापति ने बाबा श्याम के सुंदर सुंदर भजनों से समा बांध दिया। रात को 12 बजे केक काटा गया। बाबा श्याम की आरती और छप्पन भोग के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर सभासद ब्रजेश अग्रवाल, अध्यक्ष अमन अग्रवाल, केशव कौशिक, वंशिक शेखर, शुभम सिंघल, शानू, गौरव सिंघल, वैभव गोयल, मयंक शर्मा, प्रफुल्ल बंसल, प्रशांत शर्मा, अनुराग बंसल, आयुष जिंदल, हर्ष सिंघल, वरुण अग्रवाल, समर्थ अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, निशांत वर्मा, अंकुर गोयल, अंकुर नागर मौजूद रहे।

## अगले वर्ष तिगरी मेले में निकलेगी वृहद पेशवाई

### सूर्य मंदिर तिगरी में खड़ दर्शन साधु सेवा संघ की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गंगा मेला तिगरी में अगले वर्ष आयोजित होने वाले कार्तिक पूर्णिमा के मेले में कुम्भ की ही तर्ज पर साधु संतो का अमृत स्नान देखने को मिलेगा। इसके साथ ही मेले में एक शंकराचार्य भी आमंत्रित किए जाएंगे। अखाड़ों से जुड़े वरिष्ठ साधु संत भी सम्मिलित रहेंगे।

रविवार को तिगरी में स्थित सूर्य मंदिर परिसर में खड़ दर्शन साधु सेवा संघ की बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय सचिव कर्णपुरी जी महाराज ने कहा कि अग्रिम तिगरी मेले में वृहद पेशवाई का आयोजन किया गया, जिसके लिए शासन प्रशासन सम्पूर्ण व्यवस्था व सुविधाएं उपलब्ध कराए। महंत हरिओम गिरि ने संस्था के पंजीकरण का प्रस्ताव रखा, शांतानंद गिरि ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया। संत कर्णपुरी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी सनातन धर्म जागरण यात्रा निकाली गई, लेकिन अगले वर्ष इसे कुंभ मेले की तर्ज पर और भी वृहद रूप दिया जाएगा। जिसमें विभिन्न अखाड़ों से जुड़े साधु संत, नागा साधु व किसी पीठ के एक शंकराचार्य सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर महंत नरोत्तम गिरि, बुद्धूनाथ, गुलाबनाथ, भूतनाथ, प्रेमद. ास, महेश गिरि, धर्म गिरि, मंगल गिरि, करनगिरि, कमलगिरि, सेवानाथ, जगतगिरि, शांतिगिरि, ओमकार गिरि, करनगिरि, अरूण नाथ, गोविन्द दास, योगाक्षर आदि मौजूद रहे।

## कैंटर ने रोडवेज में मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** तेज गति से दौड़ रही कैंटर ने अनियंत्रित होकर सामने से आ रही रोडवेज में जोरदार टक्कर मार दी। भिड़ंत होने से रोडवेज बस क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने कैंटर को अपने कब्जे में ले लिया है। रविवार की सुबह जनपद बदायूं से सवारियां भरकर रोडवेज की बस दिल्ली को जा रही थी। जब वह गांव से सिहाली जागीर के समीप पहुंची तो सामने से तेज गति से आ रही अनियंत्रित कैंटर ने रोडवेज में टक्कर मार दी। जिससे रोडवेज के चालक की खिड़की बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। चालक कैंटर को लेकर घटना को अंजाम देकर फरार होने लगा। लेकिन रोडवेज के चालक ने बस को मोड़कर उसके पीछे लगा दिया तथा कुछ दूरी के बाद कैंटर को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। जिस समय कैंटर ने बस में टक्कर मारी उसमें बैठे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। गनिमत रही की चालक ने रोडवेज को कच्चे में उतार दिया। अन्यथा बड़ा हदसा घटित हो सकता था।

# दुष्कर्म के आरोपी ने प्रेमिका से किया निकाह

## कार्रवाई के डर से प्रेमी ने लिया फैसला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दुष्कर्म के आरोपी प्रेमी ने पीड़ित प्रेमिका के साथ निकाह कर लिया। पंचायत में दोनों के परिजन इस रिश्ते के लिए राजी हो गए लिहाजा काजी बुलाकर उसी वक्त प्रेमी जोड़े का निकाह करा दिया गया। दुष्कर्म पीड़िता को वहीं से ससुराल विदा करा दिया गया। वहीं, दुल्हन बनकर प्रेमी के घर पहुंची पीड़िता ने मामले में अगली कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया है

गौरतलब है कि डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने शनिवार को प्रेमी पर शादी करने का झांसा देते हुए दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। उसने खुद के ढाई महीने की गर्भवती होने का दावा किया था। दरअसल, किसान के परिवार के लोग तीन महीने पहले चेहलुम का जुलूस देखने के लिए गए थे। घर में किसान की 19 वर्षीय बेटी अकेली थी। उसी दौरान गांव मूंढा इम्मा निवासी सानिब घर में घुस आया था। शादी करने का झांसा देकर उसने युवती के साथ दुष्कर्म किया था। इसका राज तब खुला था जब दो महीने बाद युवती की अचानक तबीयत खराब हुई। पेट में दर्द की शिकायत पर परिजन जब अस्पताल लेकर पहुंचे तब डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड कराया। जिसमें युवती के ढाई महीने के गर्भ से होने की पुष्टि हुई। इसके बाद युवती ने परिजनों को उस दिन की आपबीती सुना दी थी। इसके बाद पीड़िता के पिता और भाई ने आरोपी के घर जाकर शादी की बात की तो उसके परिजनों ने साफ इनकार कर दिया था। साथ ही दोनों को बेइज्जत भी किया था। इतना ही नहीं पुलिस कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। मामले में पुलिस ने सानिब, शाकिर, फिरोज और हसीबा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद से पुलिस आरोपी सानिब को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही थी। इसी बीच रविवार को गांव में बैठी पंचायत में फैसला कराने के बाद दोनों का निकाह करा दिया गया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया पता चला है कि दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली युवती ने आरोपी प्रेमी के साथ निकाह कर लिया है। पीड़िता के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हार्ट अटैक से प्रिंटिंग प्रेस संचालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** प्रिंटिंग प्रेस संचालक की हार्ट अटेक आने के कारण मौत हो गई। गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया है। नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी रवि प्रभाकर पुत्र राजेश्वर दयाल सक्सेना को शनिवार की रात करीब 9:00 हार्ट अटैक आ गया। जिससे रवि प्रभाकर आयु 74 वर्ष की मौत हो गई। परिजन रवि प्रभाकर को चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे लेकिन उन्होंने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। रवि प्रभाकर की मौत होने से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। रवि प्रभाकर का गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# खाटूश्याम के जन्मदिन पर झूम उठे भक्त

## सुंदर झाकियों ने किया मंत्रमुग्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** खाटूश्याम नरेश का जन्मदिन भक्तों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। सुंदर झांकियों ने सभी का दिल जीत लिया।

डिडौली के साप्ताहिक बाजार में शनिवार की रात भक्तों द्वारा खाटूश्याम का जन्मदिन पूरे उत्साह व उल्लास के साथ मनाया। जिसमें खाटूश्याम नरेश, भगवान हनुमान व भगवान गणेश की सुंदर झांकियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान कलाकारों ने खाटूश्याम महाराज के भजनों पर सभी का दिल जीत लिया। पूरे बाजार परिसर में भक्ति का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने ताली बजाकर कलाकारों की हौंसला अफजाई की। भक्तों द्वारा उनकी आरती की गई तथा सुख समृद्धि की कामना की गई। जिससे सारा माहौला भक्तिमय हो गया। सुरक्षा के लिये पुलिस बल भी मौजूद रहा। कार्यक्रम में सौरभ गुप्ता, हरिओम सिंह, नरेन्द्र कुमार, रूप सिंह धामा, तुषार गुप्ता, उमेश ठाकुर,



कपिल, सुशील, पवन गुप्ता, कोतवाल हरीश वर्धन सिंह, सोमवती देवी, प्रियंका वर्मा, अनिल गुप्ता, मंजीत कुमार, धर्मेन्द्र भारती, चन्द्रप्रकाश गुप्ता मौजूद रहे।

# मन्दिर के दानपात्र से एक लाख की चोरी

## घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मंदिर के दानपात्र के तालों को तोड़कर चोरों ने एक लाख से अधिक की नगदी को चोरी कर लिया। मंदिर के नजदीक घर की रसोई का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर को भी चोरी किया है। मंदिर के सीसीटीवी कैमरो में वारदात को अंजाम देते हुए चोर कैद हो गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव करनपुर माफी के बाबा गोरखनाथ जवाहर वीर मंदिर के दानपात्र के तालों को तोड़कर चोरों ने उसमें रखी एक लाख के करीब नकदी को चोरी कर लिया। इसके अलावा चोरों ने मंदिर के इनवर्टर बैटरो को भी चोरी किया है। साथ ही मंदिर के पास बने घर की रसोई के तालों को भी तोड़ लिया गया। वहां से भी चोरों ने गैस सिलेंडर को चोरी कर लिया। मंदिर का सीसीटीवी कैमरों में घटना को अंजाम देते हुए कैद हो गये। पहचान करने पर एक चोर को पकड़कर पुलिस को ग्रामीणों ने सौंप दिया। इसके अलावा ग्राम भूतखदेड़ी के शिव मंदिर के दानपात्र के तालों को भी तोड़ने का प्रयास किया गया। कुछ दिन पहले चोरों ने भूतखदेड़ी के शिव मंदिर के दानपात्र को चोरी कर 90000 की नगदी को चोरी कर लिया था। पुलिस पकड़े गये चोर से पूछताछ कर रही है। यदि पुलिस ने पकड़े गये चोर से ठीक से पूछताछ कर ली तो पूरे गैंग को भी पकड़ा जा सकता है।

# दुकान में तोड़फोड़ के विरोध पर पिता-पुत्र को पीटा

## चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव चौधरपुर में तोड़फोड़ का विरोध करना दुकानदार को भारी पड़ गया। शिकायत लेकर आरोपी के घर पहुंचे पिता-पुत्र पर आरोपी पक्ष ने हमला कर दिया। दोनों के साथ जमकर मारपीट की गई। हमले में दोनों गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव चौधरपुर निवासी हसनैन खां की गांव में किराना की दुकान है। शुक्रवार को सुबह दुकान से सामान लेने आए गांव के ही महबूब अली से उनकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके बाद महबूब अली ने गुस्से में आकर दुकान में तोड़फोड़ कर दी। जब इसकी शिकायत करने वह अपने बेटे सद्दाम हुसैन के साथ महबूब अली के घर पहुंचे तो वहां महबूब अली, उसकी पत्नी केसर जहां और बेटियां फरहाना व आरिफा ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पीड़ित हसनैन खां की तहरीर पर पुलिस ने महबूब अली, उसकी पत्नी तथा दो बेटियों समेत चार के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दबंगों ने बाइक सवारों को तमंचों की बटों से पीटा

## दहशत फैलाने को हवाई फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मुंडन कराने गंगा स्नान करने जा रहे बाइक सवार युवकों को दबंगों ने तमंचों की बटो से पीट कर घायल कर दिया। दहशत फैलाने के लिए एक राउंड फायरिंग भी की गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा निवासी जीतू पुत्र रोहतास अपने भाई सूरज के बच्चों का मुंडन करवाने के लिए गंगा पूठघाट पर दो ट्रैक्टर ट्रालियों में भरकर जा रहे थे। जीतू अपने भाई जागेश के साथ बाइक पर जा रहा था। रास्ते में सामने से आ रहे बाइक सवारों से निकलने को लेकर कहा सुनी हो गई। उसके बाद दोनों में गाली गलौज होने लगी। आरोप है कि युवकों ने फोन कर गांव से आधा दर्जन हथियारबंदों को बुला लिया। उनके हाथों में तमंचे थे। दबंग युवको ने जीतू पर तमंचे की बट मार कर घायल कर दिया। दहशत फैलाने के लिए एक राउंड फायरिंग भी की गई। दो अन्य युवकों के साथ मारपीट कर उन्हें भी चोटिल कर दिया गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। किसी ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस मामले की जांच करने में लगी हुई है।

# लकड़ी माफियाओं ने काटे आम के पेड़

## ट्राली व लकड़ी वन विभाग ने ली कब्जे में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** लकड़ी काटने वाले माफियाओं ने रात के अंधेरे में आम के हरे-भरे पूरे बाग को कुल्हाड़ी चला कर काट डाला। वन विभाग ने लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव ताहरपुर में किसान इंटर कॉलेज के पीछे स्थित आम के हरे-भरे बाग को माफियाओं ने शनिवार की रात आरा चला कर पूरी तरह से काट दिया। माफिया काटी गई लकड़ी को ट्रैक्टर ट्राली में भरकर ले जा रहे थे। लेकिन वह मिट्टी में फंस गया। इस दौरान सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। टीम को देखकर माफिया ट्रैक्टर ट्राली को छोड़कर मौके से फरार हो गये। वन विभाग ने ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में लिया तथा सिहाली जागीर स्थित विभाग के कार्यालय पर ले जाकर खड़ा कर दिया। लेकिन मौके पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारियों ने खेला कर दिया। उन्होंने आला अधिकारियों को मात्र दो पेड़ काटे जाने के बारे में बताया। जब के मौके पर कम से कम डेड दर्जन आम के पेड़ों को काटा गया है।

# तिगरी मेला बना संस्कृति और श्रद्धा का संगम

## मेले में झूम उठे श्रद्धालु, हर-हर गंगे के जयघोष से गूंजा घाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** पौराणिक और ऐतिहासिक गंगा तिगरी मेला रविवार को सांस्कृतिक रंगों में रंग गया। गंगा तट पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंडलायुक्त अंजनेय कुमार, डीआईजी मुनिराज जी, डीएम निधि गुप्ता वत्स, विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी, एडीएम गरिमा सिंह, एसडीएम विभा श्रीवास्तव, स्कूल प्रबंधक राहुल




अग्रवाल व निर्देशिका राखी अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान मुख्य अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच पर बच्चों ने गंगा स्तुति, भगवान बुद्ध और आम्रपाली का बैलेट डांस, अयोध्या वाले राम जी की झांकी, महिला सशक्तिकरण पर लिरिकल डांस विजयी भव, हरियाणवी लोकनृत्य, सत्यभामा-रुक्मिणी तुला भरम नाटक मंचन और स्पोर्ट्स थीम पर दे दना दन गोल जैसे कार्यक्रमों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ओडिशी डांस फॉर्म में गंगा स्तुति की प्रस्तुति ने माहौल को भक्ति रस में डुबो दिया। इस दौरान सीडीओ अश्विनी मिश्रा, एएसपी अखिलेश भदौरिया, एसडीएम मसीह नजेम, एसडीएम चंद्रकांता, अमरोहा पालिकाध्यक्ष शशि जैन, प्रिंसिपल अंजली दुबे, अजय कौशिक, अक्षय अग्रवाल सहित स्कूल स्टाफ व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गुरू ग्रंथ साहिब के पाठ के साथ पेराई सत्र शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** क्षेत्र की प्रमुख औद्योगिक इकाई वेव शुगर मिल में रविवार को नए पेराई सत्र का शुभारंभ विधिवत रूप से किया गया। शुभारंभ समारोह का माहौल पूर्णत: धार्मिक और उत्सवमय रहा। मिल परिसर में गुरु ग्रंथ साहिब के पवित्र पाठ और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गन्ना चेन कैरियर में डालकर नए सत्र की शुरुआत की गई। शुभारंभ अवसर पर श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवा. जों का अद्भुत संगम देखने को मिला।

इस मौके पर मिल के प्रबंध निदेशक डी.एस. बिंद्रा, इकाई प्रमुख एस.पी. तोमर, तथा गन्ना विभाग प्रमुख जगतवीर सिंह ने संयुक्त रूप से पूजा-अर्चना के बाद पेराई प्रक्रिया की शुरुआत की। जैसे ही चेन में पहला गन्ना डाला गया, मिल परिसर जय गन्ना देव और हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। मिल प्रशासन ने परंपरा के अनुसार पहले गन्ना



लेकर आने वाले किसानों का सम्मान भी किया। इस दौरान रोहताश सिंह निवासी खंडसाल, सतपाल सिंह निवासी चौहड़पुर, इंद्रपाल सिंह निवासी कौराल, और जगरूप सिंह निवासी लेनपुरी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मिल प्रबंधन ने उन्हें क्षेत्र के मेहनती और अनुशासित किसान बताते हुए शुभकामनाएं दीं। गन्ना विभाग प्रमुख जगतवीर सिंह ने बताया कि पिछले पेराई सत्र में मिल ने 139.73 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की थी, जबकि इस वर्ष 175 लाख क्विंटल गन्ना पेराई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बार मिल क्षेत्र के गन्ना क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 105 से 108 केंद्र कर दी गई है, जिससे किसानों को अधिक सुविधा मिल सकेगी।

### गैस सिलेंडर में लगी आग, हजारों का नुकसान

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली क्षेत्र के गांव कनपुरा में रविवार दोपहर गैस सिलेंडर में आग लगने से हड़कंप मच गया। हादसे में एक मवेशी की झुलसकर मौत हो गई जबकि गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। जिसकी कीमत 25 हजार रुपये बताई जा रही है।जानकारी के मुता. बिक गांव निवासी अशोक वाल्मीकि की पत्नी सुमन देवी रसोई में खाना बनाने की तैयारी कर रही थीं। जैसे ही उन्होंने गैस चूल्हा जलाने के लिए माचिस जलाई, सिलेंडर ने अचानक आग पकड़ ली। आग की लपटें उठते ही सुमन देवी घबराकर बाहर भागीं और शोर मचा दिया। परिवार के लोगों ने किसी तरह सिलेंडर को बाहर फेंका, लेकिन सिलेंडर जलते हुए कपड़ों पर गिर गया और वहीं बंधे एक मवेशी के बच्चे की झुलसकर मौत हो गई।

### मां-बेटे के खिलाफ युवती को भगाने में मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** प्रेम प्रसंग के चलते युवक युवती को लेकर फरार हो गया। मामले में बेटे व उसकी मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव असगरीपुर के रहने वाले कलीम पुत्र निजामुद्दीन का प्रेम प्रसंग इसी कोतवाली क्षेत्र के गांव की रहने वाली युवती से चल रहा था। तीस अक्टूबर की घटना है कि युवक अपनी प्रेमिका को लेकर फरार हो गया। जब लड़की परिजनों को घर नजर नहीं आयी तो उन्होंने तलाश की। रिश्तेदारी व आसपास के क्षेत्र में ढूंढने पर भी जब उसका कोई सुराग नहीं लगा तो पीड़ित पिता की तहरीर पर कलीम व उसकी मां रहसाना के खिलाफ डिडौली कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### पटेल ने देश को एकता के सूत्र में बांधा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** गुर्जर संघर्ष समिति द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। गांव रसूलपुर गुर्जर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एकता में पिरोने का काम किया। उस समय बिखरी हुई रियासतों का एकीकरण किया। उनके द्वारा देश को आजाद कराने में जो कार्य किये गये हैं उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। हम सभी को देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठ होने की शपथ लेनी चाहिए। कार्यक्रम में ब्रहम सिंह पंवार, प्रीतम सिंह, रोहताश सिंह, कर्मवीर सिंह, वीर सिंह, सुशील नागर, सत्यवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# पकड़े जाने से डर से पिकअप व भैंस छोड़ चोर फरार

## पिकअप व मोबाइल भी छूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** किसान की भैंस को चोरी कर पिकअप में चढ़ा रहे चोर ग्रामीणों को देखकर फरार हो गये। मौके से मिले मोबाइल व पिकअप को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव दाउ. दपुर जागीर निवासी राकेश उर्फ बिल्लू का घर गांव के बीचों बीच मंदिर के पास है। शनिवार की रात चोरों ने राकेश के घर में घुसकर उसकी भैंस को चोरी कर लिया। पड़ोसी गांव ईसापुर के जंगल में चोर पिकअप में भैंस को चढ़ाकर भागने का प्रयास कर रहे थे। अचानक मिट्टी में पिकअप फस गई उसे निकालने का काफी प्रयास किया। लेकिन वह कामयाब नहीं हो सके। उधर भैंस को खूंटे से गायब हुआ देखकर राकेश की आंख खुल गई तथा उसने शोर मचाया तो ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीण भैंस का खोज लेते हुए पिकअप का समीप पहुंच गये। ग्रामीणों को अपनी और आता देखकर चोर पिकअप व उसके भीतर रखे मोबाइल को छोड़कर फरार हो गये। सूचना मिलते थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर मिले मोबाइल की लोकेशन के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पिकअप जनपद बागपत के नंबर की बताई जा रही है।

# रामलीला मैदान की बाउंड्रीवाल निर्माण पर हंगामा

## प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के रामलीला मैदान में चल रहे बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य को लेकर रविवार को हंगामा खड़ा हो गया। थाना मार्ग स्थित निर्माणाधीन मकान स्वामी ने अपनी भूमि के सामने दीवार बनने का विरोध किया, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई।

जानकारी मिलते ही प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। राजस्व विभाग और पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। निर्माण कार्य करा रही संस्था ने बाउंड्रीवॉल को पूरी तरह वैध और नियमानुसार बताया, जबकि मकान स्वामी ने अपने तर्क रखते हुए कहा कि दीवार उनकी भूमि के सामने गलत तरीके से बनाई जा रही है। दोनों पक्षों के बीच नोकझोंक बढ़ने लगी तो पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए स्थिति को शांत कराया। थाना प्रभारी बालेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर अपने-अपने पक्ष उच्चाधिकारियों के समक्ष रखने की सलाह दी गई है। इस मामले में यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड मुरादाबाद ने भी एसडीएम को पत्र भेजकर अवगत कराया था कि रामलीला मैदान के सौंदर्यीकरण कार्य के दौरान प्लॉट संख्या 60, 61 व 62 के स्वामियों ने निर्माण शुरू कर दिया है, जबकि राजस्व नक्शे और टोटल स्टेशन सर्वे के अनुसार उक्त भूमि का कोई रास्ता गाटा संख्या 132 में दर्शाया नहीं गया है। संस्था ने मांग की थी कि राजस्व और पुलिस टीम की मौजूदगी में नक्शे के अनुरूप बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया जाए। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि, रामलीला मैदान की बाउंड्रीवॉल का कार्य चल रहा है। यूपीपीसीएल संस्था द्वारा पत्र भेजकर बताया गया था कि प्लॉट संख्या 60 व 61 के स्वामी निर्माण कार्य में बाधा डाल रहे हैं। शिकायत पर राजस्व टीम को मौके पर भेजा गया था। वर्तमान में कार्य सुचारू रूप से जारी है। उधर रामलीला मैदान की इस बाउंड्रीवॉल को नगर के सौंदर्यीकरण और सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा के मद्देनजर अहम बताया जा रहा है

### कमाल के आवास पहुंचे आजम खां



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर के वालिद कैसे इंतकाल होने के बाद राजनीतिक पार्टी के नेताओं का आने का सिलसिला रुक नहीं रहा है। सपा के कद्दावर नेता आजम खान ने भी पूर्व मंत्री कैसे आवास पर पहुंचकर उनके वालिद को खिराजे अकीदत पेश की है। रविवार की देर शाम गये पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान उझारी स्थित पूर्व मंत्री कमाल अख्तर के आवास पर पहुंच गये। उन्होंने उनके वालिद नफीसुद्दीन के इंतकाल होने पर उन्हें खिराजे अकीदत पेश की। पूर्व मंत्री आजम खान ने गम का इजहार करते हुए कहा कि मौत बरहक है सबको एक दिन जाना है। इस अवसर पर पूर्व विधायक अब्दुल्लाह आजम खान, चमरोआ के विधायक नासिर खान, नूरपुर के विधायक रामावतार सैनी, विधायक फहीम अहमद, संभल के पूर्व जिला अध्यक्ष फिरोज खान समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद थे

# गुरुनानक जी के प्रकाश पर्व पर निकाली प्रभात फेरी

## गुरुद्वारे में सबद कीर्तन, वाहे गुरू सतनाम के जयकारे गूंजे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गुरु नानक देव जी के 556 वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर रविवार सुबह गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की ओर से भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में महिला, पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। ढोल-मंजीरों की मधुर ध्वनि और वाहे गुरु सतनाम के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा।

प्रभात फेरी गुरुद्वारा परिसर से प्रारंभ होकर गंज बाजार, होली पार्क होते हुए बाईपास रोड से पुन: गुरुद्वारे पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। फेरी में शामिल श्रद्धालु गुरु नानक देव जी के भजन गाते हुए चल रहे थे, जिससे नगर का वातावरण पूर्ण रूप से भक्तिमय बन गया। गुरुद्वारा परिसर पहुंचने पर सामूहिक अरदास की गई और प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर गुरुद्वारा समिति के अध्यक्ष मंजीत सिंह ने बताया कि एक नवंबर से 12 नवंबर तक प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि तीन नवंबर से अखंड पाठ आरंभ होगा,



जिसका समापन पांच नवंबर को किया जाएगा। वहीं, 13 नवंबर को प्रात: 11 बजे भव्य नगर कीर्तन और रात्रि में विशाल लंगर का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष के नगर कीर्तन का विशेष आकर्षण रहेगा फौजी बैंड, अखाड़ा मुरादाबाद, मुरादाबाद का सेवा दल, अखाड़ा बाबा दीप अमरोहा, तरनप्रीत सिंह नरसिंघा वादक अमृतसर साहिब, गुरु सेवक कीर्तनी जत्था बरेली तथा भाई मनप्रीत सिंह रागी जत्था पटियाला वाले। प्रभात फेरी में मंजीत सिंह, सनप्रीत, लककी, रशमीत कौर, सिमरनजीत कौर, सोनी, नीतू, नीलू, सुरजीत सिंह, त्रिवेदर सिंह, दुज. ेंदर कोकी ढिल्लों, सरदार कीरत सिंह, शैली सिंह, हैप्पी सिंह, गगन चोपड़ा और ग्रंथि वीर सिंह सहित अनेक श्रद्धालु शामिल रहे।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा बेटा शारिक गलत संगत में पड़ गया है। आये दिन परिजनों के साथ मारपीट करता रहता है। जिस कारण मैं व मेरा परिवार उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है। उसके द्वारा किये गये किसी भी गलत कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

नाजिम पुत्र अबरार हुसैन निवासी असगरीपुर थाना डिडौली जिला अमरोहा

# ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर पैजनिया मार्ग पर गांव मीमला मुस्तफाबाद में ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद फरार हुए ट्रैक्टर ट्राली का पता लगाने के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के गांव रामपुर बीडार निवासी नकुल (19 वर्ष) पुत्र धर्मपाल सिंह रविवार की प्रातः नहटौर किसी कार्य से आया था। काम को निपटाने के बाद वह करीब 12 बजे बाइक द्वारा अपने घर वापस जा रहा था। बताया जाता है कि नहटौर-पैजानिया मार्ग स्थित ग्राम मीमला मुस्तफाबाद के पास ट्रैक्टर ट्राली से उसकी बाईक टकरा गई, जिससे नकुल की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद ट्रैक्टर ट्राली चालक ट्रैक्टर ट्राली को लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नकुल के शव को नहटौर सीएचसी ले आई। नकुल की मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन सीएचसी नहटौर पहुंचे, जिनका रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। पुलिस ने नकुल के शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है। बताया जाता है नकुल ने हेलमेट नहीं लगा रखा था। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

# दरगाह परिसर के सौंदर्यकरण का लोकार्पण

## विधायक मनोज पारस का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** विधायक नगीना एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री मनोज पारस ने किरतपुर क्षेत्र की सम्मानित जनता से किया गया अपना एक और वादा पूरा कर दिखाया। जनसेवा और क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए विधायक मनोज पारस ने 50 लाख रुपए की लागत से किरतपुर स्थित दरगाह जनाब हजरत दादा गुलाम मोहीयुद्दीन मियां साहब के तीन दिवसीय उर्स मुबारक के मौके पर दरगाह परिसर के सौंदर्यकरण कार्य का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में विधायक ने फीता काटकर इस बहुप्रतीक्षित कार्य का उद्घाटन किया। दरगाह परिसर में हुए इस भव्य कार्यक्रम में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। दरगाह कमेटी के सैय्यद मुकरम शाह चिश्ती साबरी (सज्जादा नशीन), सैय्यद इमरान शाह चिश्ती साबरी (खादिम-ए-दरगाह) एवं कमेटी के अन्य सदस्यों ने विधायक मनोज पारस सहित उनके साथ आए सभी कार्यकर्ताओं का पगड़ी बांधकर और फूलमालाओं से स्वागत किया।

विधायक मनोज पारस ने कहा कि किरतपुर की जनता ने हमेशा मुझे अपार प्रेम और आशीर्वाद दिया है। क्षेत्र के विकास और धार्मिक स्थलों के सम्मान व सौंदर्यकरण के लिए मेरी पूरी कोशिश जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि दरगाह हजरत दादा गुलाम मोहीयुद्दीन मियां साहब आस्था का केंद्र है और इसके सौंदर्यकरण से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में विधायक के साथ उनके छोटे भाई पुरुषोत्तम कुमार उर्फ बब्बी, किरतपुर चेयरमैन अब्दुल मन्नान, समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा, नगीना विधानसभा अध्यक्ष शेख मौहम्मद जाहिद, नगर अध्यक्ष शब्बन जुनैदी, वरिष्ठ पत्रकार मौहम्मद मेहरबान (अध्यक्ष, मीडिया क्लब रजि. किरतपुर) दिलशाद अल्वी, परवेज शरीफ, साबिर, मौहम्मद शादान सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार, और श्रद्धालु मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने विधायक मनोज पारस की जनहितैषी सोच और विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में धार्मिक, सामाजिक एवं स्कूलों और बुनियादी ढांचे के कार्यों में लगातार प्रगति हो रही है। कार्यक्रम में किरतपुर सहित आस-पास के जनपदों से बड़ी संख्या में जायरीन शरीक हुए और दरगाह पर चादरपोशी कर अमन, भाईचारे और तरक्की की दुआएँ मांगीं।

## एक नजर

### प्रतियोगिता में मिस्बाह परवीन प्रथम

**नजीबाबाद।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान 2025 के तहत आयोजित प्रतियोगिता में मिस्बाह परवीन उच्च प्राथमिक विद्यालय दहीरपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसका जनपद स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयन किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा मिस्बाह परवीन तथा ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 200 व 400 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कैफिया मुश्ताक को सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान मौ. राशिद ने उक्त छात्राओं को पांच-पांच सौ रुपये का नकद इनाम भेंट किया। मुख्य अध्यापक इकबाल अहमद ने कहा कि अभिभावक को अपनी बेटियों को बेटों की तरह तालीम के बराबर अवसर देने चाहिए। सहायक अध्यापक अमित कुमार ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। ग्राम प्रधान मौ. राशिद ने कहा कि सभी बच्चों को कठिन मेहनत कर अपने विद्यालय, ग्राम व परिवार का नाम रोशन करना चाहिए। कार्यक्रम में शशिकांत शर्मा, अरूण कुमार, पुष्पा रानी, मौहम्मद आदिल, अब्दुल मजीद, इब्राहीम, मकसूद आकिल आदि मौजूद रहे।

### शिव मंदिर से निकली प्रभात फेरी



**धामपुर।** सनातन धर्म सभा पंजाबी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी का नगर में स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा कर एवं मिष्ठान वितरित कर स्वागत किया गया। शिव मंदिर से प्रातः प्रभात फेरी निकाली जिसे नगर परिक्रमा करते हुए रोडवेज बस स्टैंड पर चेतराम सैनी परिवार के द्वारा स्वागत किया गया। प्रभात फेरी का पुष्प वर्षा कर एवं मिष्ठान वितरित कर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में चेतराम सैनी, अजय सैनी, हरिश्चंद्र सैनी, बलराम सैनी, महेंद्र सैनी, धीरज सैनी, बाबूराम, मीनाक्षी देवी, कुमकुम देवी आदि शामिल रहे। प्रभात फेरी में जितेंद्र मोहन कपूर, डीके सलूजा, पंडित अश्वनी शर्मा, जगदीश अरोड़ा, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, निखिल अरोड़ा, पूनम सचदेवा, निर्मल दुआ, बबीता छाबड़ा, सुनीता, अनीता, मुस्कान आदि शामिल रहे।

### बंगाली कॉलोनी में स्वास्थ्य शिविर

**बिजनौर।** सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवा बिजनौर प्रभाग द्वारा दुर्गा मंदिर प्रांगण चंदपुरा बंगाली कॉलोनी में आज निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वामी भक्ति वेदांत नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. (मेजर) अभिनव सिंह के संयोजन में आयोजित इस शिविर में 100 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। खुद डॉ. अभिनव सिंह ने नेत्र रोगियों का परीक्षण किया। इनके अलावा जनरल फिजिशियन डॉ. शैलेन्द्र, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु राठी, आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सक डॉ. इला चौधरी ने भी रोगियों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया।

### बिलाई मिल में पेराई सत्र का शुभारंभ



**हल्दौर।** बिलाई चीनी मिल परिसर में रविवार को नए पेराई सत्र का शुभारंभ विधिवत वैदिक अनुष्ठान के साथ किया गया। पंडित नरेश चंद्र शास्त्री ने मुख्य यजमान यूनिट हेड विजयवीर सिंह के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण करते हुए हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कीं और आगामी सत्र की सफलता की कामना की। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान गांव हसनपुर जट निवासी किसान फत्तू सिंह ने परंपरागत बैल-बुग्गी से गन्ना लेकर मिल गेट के कांटे पर पहला तौल कराया। उन्हें मिल प्रशासन की ओर से उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश, यूनिट हेड विजयवीर सिंह, सीनियर गन्ना महाप्रबंधक राहुल चौधरी, कारखाना प्रबंधन अधिकारी संजय गोयल सहित अन्य पदाधिकारियों ने चीनी मिल की चैन में गन्ना डालकर नवीन पेराई सत्र का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर हल्दौर ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र सिंह, जीएम (प्रोडक्शन) पंकज अग्रवाल, एडिशनल जीएम (इंजीनियरिंग) गोपाल कुमार,अनूज शर्मा, कपिल त्यागी, भाकियू (अराजनैतिक) के वरिष्ठ नेता हुकुम सिंह, राजपाल भगत होशराम सिह राजकुमार सिह दुष्यंत प्रधान क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मिल परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल रहा।

### मामूली बात पर दुकान में घुसकर पीटा



**नहटौर।** मौहल्ला झील कॉलोनी में महेश मेहता की गारमेंट्स की दुकान है। बताया जाता है कि रविवार की दोपहर के समय गारमेंट्स दुकान के पास ही रास्ते में बाइक खड़ी हुई थी। जिस पर महेश मेहता ने वहां से बाईक हटाने की बात कही की। इस दौरान मामूली नोकझोंक हो गई। इसके बाद महेश मेहता वहां से चले गए। कुछ देर बाद करीब आधा दर्जन युवक महेश मेहत्ता की दुकान में घुस गए। दुकान में मौजूद महेश मेहता के पुत्र यतिन मेहता के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें आधा दर्जन युवक दुकानदार के पुत्र के साथ मारपीट करते हुए नजर आ रहे हैं। महेश मेहता की ओर से पुलिस से शिकायत की गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है और आरोपियों की पहचान का प्रयास कर रही है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# वीरा परिवार ने कुँवर सत्यवीरा की पुण्यतिथि मनाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला बिजनौर की पावन धरती पर जन्मे महान शिक्षाविद् एवं पूर्व राज्यमंत्री श्रद्धेय स्व. कुँवर सत्यवीरा की 22वीं पुण्यतिथि कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के विशाल परिसर में आज बड़े ही श्रद्धा- भाव से मनाई गई।

इस अवसर पर सर्वप्रथम कॉलेज परिसर में स्थित स्व. कुँवर सत्यवीर जी की प्रतिमा पर वीरा सोसाइटी के सचिव एवं उनके सुपुत्र कु. उद्यन वीरा जी, कुँवरानी रुचिवीरा जी (सांसद मुरादाबाद) एवं प्रबंध समिति सदस्य स्वाति वीरा महाजन द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। इसके उपरांत एक हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन में मुख्य यजमान कु. उद्यन वीरा एवं कुँवरानी रुचिवीरा व स्वाति वीरा महाजन रहे। उनके साथ प्रबंध समिति सदस्य प्रवीण गुप्ता, खुशनुद खान, कॉलेज के संस्था निदेशक प्रो. (डा.) अमित कुमार बंसल, प्राचार्य डॉ. एमएस कौरव, गिरिराज सिंह, राजीव थॉमस, कैप्टन बिशन लाल, संजू शर्मा, वाजिद हुसैन आदि ने यज्ञ में आहुति देते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। यज्ञ आर्य राधेश्याम चिकारा एव आर्य ब्रजवीर सिंह ने आर्य समाज के पूर्ण विधि विधान से सम्पन्न कराया।

यज्ञ में उपस्थित सभी महानुभावों ने आहुतियां देकर कुँवर सत्यवीरा का भावपूर्ण स्मरण कर उनके द्वारा किए गए समाज एवं शिक्षा क्षेत्र हेतु किए गए कार्यो को स्मरण किया गया और उनके द्वारा बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला व नगर के अनेक पवन कुमार (प्रबंध निदेशक कृष्णा कॉलेज बिजनौर), प्रो. अजय राणा, मौ. असलम प्रधान, संजीव राजपूत, नवीन गर्ग आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

सांसद कुँवरानी रुचिवीरा ने कहा कि मेरे पूज्य ससुर स्व. कुँवर सत्यवीर 22 वर्ष पूर्व आज ही के दिन सन 2003 मे हमारे बीच से सदा के लिए विदा हो गए थे। सभी लोग जानते है कि महान शिक्षाविद् एवं पूर्व राज्यमंत्री श्रद्धेय स्व. कुँवर सत्यवीर ने बिजनौर मे 09 शैक्षिक संस्थानो की नीव रख कर बिजनौर को एक पहचान दी है।

इस अवसर पर डीन एकडेमिक्स मनोज कुशवाहा एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. लोकेश कुमार अग्रवाल, डा. शुएब अली खान एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल, डा. अजय कुमार, गौरव गुप्ता, डा. शुभम कुमार, विभोर राजवंशी, सुधीर कुमार एवं सुनील भारद्वाज, एनपीएस भण्डारी आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# टाइम कीपर ने टीआई बन कर बसों की चेकिंग की

## सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा चैकिंग का फोटो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बिजनौर रोडवेज डिपो में वर्कशाप के प्रभारी टाइम कीपर ने खुद को ट्रैफिक इंस्पेक्टर बताकर बस की चेकिंग कर डाली। फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विभाग में हड़कम्प मचा हुआ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बिजनौर डिपो में दर्शन सिंह चालक है। व्यवस्था के तहत एआरएम बिजनौर ने नियम विरूद्ध उन्हें वर्कशॉप में प्रभारी टाइम कीपर की जिम्मेदारी दे रखी है। टाइम कीपर रोड पर आकर बसों की चेकिंग नहीं कर सकता। इसके बावजूद शनिवार को टाइम कीपर दर्शन सिंह ने टीआई की मशीन लेकर नगीना रोड पर परिचालक अरविंद कुमार की बस को चैक किया, जिसका वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक, बिना अधिकार के बसों की जांच करना सेवा नियमों का उल्लंघन है। वहीं, यात्रियों और चालक-परिचाल. कों के बीच इस घटना को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है। एआरएम अशोक कुमार ने बताया कि वायरल फोटो की सत्यता की जांच कराई जा रही है। टाइम कीपर को पत्र देकर स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। दोषी पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाई की जाएगी।

# संगठन की मजबूती व महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर रितिक चौहान के नेतृत्व एवं श्रीमती शोभा राजपूत (जिला अध्यक्ष, महिला मोर्चा) की अध्यक्षता में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर सिंह विहार कॉलोनी नूरपुर रोड जैतरा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में करणी सेना के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी सम्मानित पदाधिकारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती एवं महिला सशक्तिकरण पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप चौहान, जिला महामंत्री जयवीर सिंह सिसोदिया, महेंद्र सिंह, निर्देश, मंजू, पूनम, हिमांचल, लता, रीता, चंचल, उर्मिला ठाकुर सचिन चौहान जिला मीडिया प्रभारी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ

## आयोजक परिवार को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा में प्रीतम सैनी के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेवा चली यह भजन सबको खूब पसंद आया सब ने तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को संस्था द्वारा राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में प्रीतम सिंह सैनी, मंजू रानी, गुंजन सैनी, अरनव सैनी, वंश सैनी, हंसिका सैनी, खुशी सैनी, भूमि राजीव सैनी, शीतल सैनी, प्रेमवती सैनी, नरेश सैनी, मीना सैनी आदि शामिल रहे।

श्रीमद भगवत भक्ति प्रचार मंडल से महंत राहुल अग्रवाल, अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, विजय शर्मा, प्रवेश मिश्रा, संजीव शर्मा, नंदकिशोर रस्तोगी, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# तुलसी शालिग्राम विवाह में दो कन्याओं को भेंट की विवाह सामग्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** साई सेवा संघ धार्मिक सामाजिक संस्था धामपुर व हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति धामपुर बिजनौर के संयुक्त तत्वाधान में डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, राखी कौशिक, उपासना कौशिक द्वारा तुलसी शालिग्राम विवाह में दो कन्याओं को विवाह सामग्री व उपहार भेंट किये गए।

कार्यक्रम में संस्था के सदस्य शशिबाला शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, सुदेश शर्मा, अनिल अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, सुनीता गोस्वामी, पुष्पा सैनी, सृष्टि अग्रवाल, ललिता यादव, तुलसी जोशी, सार्थक रस्तौगी, सुषमा रस्तौगी, रौनक, शम्भू रस्तौगी, रजनी रस्तौगी, डा. रश्मि रावल, ऐश्वर्या चौधरी, बीना, शिवानी, संजना, सृष्टि, पायल, गुंजन, परी, संध्या, अनिल कश्यप, रवि चौहान, दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन, मनोरमा, अनिता, रेखा कात्यायन, अंजू मित्तल, सरोज, सरला, मनीष, स्नोहि, निर्मला मालवीय आदि उपस्थित रहे। सभी के द्वारा दोनों कन्याओं को विवाह सामग्री व उपहार भेंट किये गए। कार्यक्रम में पण्डित शुभम शर्मा द्वारा पूजा हवन करवायी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, शशिबाला शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, सुदेश शर्मा, रेखा मालपानी, डा. रश्मि रावल आदि का योगदान रहा।

# गुरमत समागम का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में पांच दिवसीय गुरमत समागम की शुरुआत श्रद्धा और भक्ति के माहौल में हुई। यह समागम 5 नवंबर तक निरंतर चलेगा।

समागम के पहले दिन स्योहारा से पधारी माता साहिब कौर जी कीर्तनी जत्था की जत्थेदार बीबी सुरेंद्र कौर खालसा ने अपने जत्थे की सेविकाओं बीबी सुप्रीत कौर खालसा और बीबी जसप्रीत कौर खालसा के सहयोग से गुरु वाणी के अमोलक शब्दों का संगत के समक्ष प्रभावशाली कीर्तन प्रस्तुत किया। इस दौरान सरदार मनप्रीत सिंह खालसा ने भी गुरुवाणी उच्चारण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रत्येक शब्द कीर्तन के बीच संगत ने 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' तथा 'वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह' के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। समूचे जत्थे को गुरुद्वारा प्रबंध समिति की ओर से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट एवं स्त्री सत्संग सभा की वरिष्ठ सदस्य बीबी जसपाल कौर के संयोजन में किया गया। इस दौरान सरदार जसप्रीत सिंह एडवोकेट व उनकी धर्मपत्नी बीबी शैलप्रीत कौर, सरदार शुभ करन सिंह, सरदार प्रभकरन सिंह, सरदार लवजीत सिंह, प्रियंका सिंह व अबीर सिंह सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सक्रिय सहभागिता की।

कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक प्रमुख चौधरी अतुल कुमार सिंह राजा, उनकी धर्मपत्नी ममता सिंह, सौरभ कुमार व रुचि रानी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्हें आयोजक परिवार की ओर से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सरदार प्रभकरन सिंह को उनके 14वें जन्मदिन पर गुरु घर में निष्ठा व सेवाभाव के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सम्मानित करने वालों में सरदार शरणागत सिंह खालसा, सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, सरदार सुरेंद्र सिंह हुड्डा, सरदार गुरु चरण सिंह चावला एवं सरदार तरजीत सिंह मोगा शामिल रहे।

## एक नजर

### रामगंगा घाट पर मेले की तैयारी जोरों पर



**अफजलगढ़।** ग्राम भूतपुरी में रामगंगा घाट पर गंगा स्नान पर लगने वाले मेले की तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी गई है। प्रबंध समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विश्राम के लिए टैंट लगाए जाएंगे। वही नदी के किनारे बेरिकेटिंग की जाएगी। स्थल की सफाई गंभीरता से की गई। झाड़ झंकाड़ काटकर साफ किये गये है। भूमि को समतल कर गढ्ढों को भरा गया है। समिति के संरक्षक फुल कुंवर सिंह ने बताया कि यह मेले ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होता है, जिसकी देखरेख का जिम्मा समिति पर है। मूलभूत सुविधाएं श्रद्धालुओं को मुहैया कराई जाएगी। इसकी तैयार की गंभीरता से की जा रही है। राजस्व विभाग व थानाध्यक्ष ने स्थल का निरीक्षण किया है। इस बार मेले का ठेका 1.10 लाख का दिया गया है।

### खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव मनाया



**नूरपुर।** राधा कृष्ण मंडप में खाटू श्याम प्रेमियों ने बाबा का जागरण कर उनका जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया। श्याम सेवा समिति के बैनर तले नगर के मुख्य मार्गो से शोभायात्रा निकाली गई। जिसके बाद रात को राधा कृष्ण मंडप में खाटू श्याम का जागरण कर भक्तों ने अपनी मुरादे मांगी। भजन गायकों ने खाटू श्याम मुझे तेरा ही सहारा, खाटू बाला सेठों का सेठ आदि भजनों का गुणगान किया। इस अवसर पर वंदना शर्मा, नितिन दिवाकर, सचिन जोशी, नीरज अग्रवाल, लक्की कर्णवाल, अनुभव कर्णवाल, संजीव जोशी, वीर प्रकाश भुइयार, अनिल जुनेजा, सरदार गोविंद सिंह आदि ने बाबा की आरती उतार कर परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर पूरा पंडाल श्रद्धालुओं से भरा रहा।

# अखिल भारतीय किसान सभा का जिला सम्मेलन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** अखिल भारतीय किसान सभा का जिला सम्मेलन खानपुर नांगल सोती स्थित वीके फार्म हाउस में संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता किसान सभा के जिला अध्यक्ष कॉमरेड अमर सिंह सैनी ने की, जबकि संचालन जिला सचिव फरीद अहमद ने किया।

कार्यक्रम में राज्य केंद्र से आए पर्यवेक्षक किसान सभा के केंद्रीय कमेटी सदस्य एवं उत्तर प्रदेश राज्य उपाध्यक्ष कॉमरेड डी.पी. सिंह ने किसानों को संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में केंद्र व राज्य सरकार की किसान और कृषि विरोधी नीतियों की आलोचना करते हुए किसानों को एकजुट रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत किसान सभा के पूर्व कोषाध्यक्ष कॉमरेड हरपाल सिंह द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद जिला सचिव फरीद अहमद ने पिछले तीन वर्षों में किसान सभा द्वारा किए गए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसे साथियों की चर्चा और सहमति के बाद सर्वसम्मति से पारित किया गया। सम्मेलन में आगामी तीन वर्षों के लिए 25 सदस्यीय नई जिला कमेटी का गठन किया गया, जिसमें 7 पदाधिकारियों व 18 कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष तुलाराम, सचिव फरीद अहमद, उपाध्यक्ष राघव प्रताप एडवोकेट, इसरार अली एडवोकेट, उपसचिव मांगेराम, मौहम्मद इसरार, कोषाध्यक्ष बदरुल हसन, कार्यकारिणी सदस्य पवनवीर सिंह, संदीप कुमार, विजेंद्र सिंह, इंद्र कुमार, सलीम अहमद, शराफत हुसैन, रामओतार, तोसीफुल हसन, दौलत सिंह, जय सिंह, खिलत महेंदी, भारत सिंह, चुननम सिंह, तेजपाल सिंह, सद्दाम हुसैन, अमर सिंह सैनी, मौहम्मद इकराम, ओमपाल सिंह आदि को चुना गया है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

नई जिला कार्यकारिणी का गठन

# कहासुनी होने पर भांजे ने हंसिये से मामा को उतार दिया मौत के घाट

■ बहन की मौत होने पर उसे देखने जा रहा था मृतक
■ पुलिस ने आरोपी भांजे को गिरफ्तार कर भेजा जेल



सुशीला देवी का फाइल फोटो।



मोतीराम का फाइल फोटो।



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी/देवरनियां ।** बहन की मौत होने पर उसे देखने गए युवक की उसके भांजे ने हत्या कर दी। मामा-भांजे के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी, जिस पर मामा ने भांजे पर डंडे से प्रहार कर दिया, जिससे गुस्साए भांजे ने मामा पर हंसिये से वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला व युवक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया, और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना देवरनियां के मोहल्ला शाहबाद निवासी कढ़ेराम पुत्र नारायण का कहना है कि उसकी बहन सुशीला देवी की शादी ग्राम जमनिया, कलीनगर थाना माधो टाण्डा जिला पीलीभीत निवासी भीमसेन के साथ हुई थी। उसकी बहन के चार बेटी व एक बेटा है, जिनमें से तीन बेटियों की शादी हो चुकी है। उसका भांजा सोमपाल व अपंग भांजी विमला तथा बहन व बहनोई करीब ढाई महीने पहले उसके घर पर आकर रहने लगे थे। दिनांक 26.10.2025 को शराब के नशे में उसके भांजे सोमपाल ने अपनी मोटरसाईकिल पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी थी। आग बुझाने के प्रयास में उसकी बहन सुशीला देवी झुलस गई थी। गंभीर रूप से झुलसी सुशीला देवी को बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

शनिवार देर रात सुशीला देवी के अंतिम संस्कार की तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान सोमपाल का अपने छोटे मामा मोतीराम (55) वर्ष से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर सोमपाल ने हंसिए से ताबड़तोड़ वार कर मोतीराम की मौके पर ही हत्या कर दी। इस घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर देवरनियां पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल के बाद आरोपी सोमपाल को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने सुशीला देवी और मोतीराम के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देवरनियां थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी, भोजीपुरा इंस्पेक्टर प्रवीण सोलंकी, सीओ बहेड़ी अरुण कुमार और एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने सोमपाल को हत्या में प्रयुक्त हथियार के साथ न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। देवरनियां थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि आरोपी को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## जहां उठनी थी एक अर्थी, वहां से उठेंगीं दो अर्थियां

सुशीला देवी की मौत के बाद परिजन उसके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे, मगर अचानक सोमपाल का अपने छोटे मामा मोतीराम से विवाद हो गया, और विवाद इतना बढ़ा कि मोतीराम की मौत हो गई। अब एक घर से दो अर्थियां उठेंगी। देवरनियां कस्बे में हुई इस घटना को लेकर चर्चाएं हैं।



## एक नजर

### सड़क पार कर रहे लकवा ग्रस्त व्यक्ति को कार ने मारी टक्कर, घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव गरगईया के रहने वाले भोलेनाथ जो कई वर्षों से लकवा रोग से ग्रसित होने के कारण पैरों से चल-फिर नहीं पाते हैं, सड़क किनारे पान-तंबाकू का खोखा लगाकर अपना जीवन यापन करते हैं।

रविवार को रोजाना की तरह घर से भोजन कर अपने खोखे की ओर जा रहे थे, तभी पीलीभीत की ओर से आ रही एक कार ने उनके रिक्शे में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे सड़क पर दूर जाकर गिर पड़े, और घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने कार को रोक लिया। कार स्वामी ने बताया कि वे दावत में शामिल होने नवाबगंज जा रहे थे। मौके पर बातचीत के बाद कार मालिक ने घायल भोलेनाथ का इलाज कराने की जिम्मेदारी ली। इसके बाद उन्हें नवाबगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

### साढ़े 12 लाख की लागत से बनने वाले रोड का विधायक ने किया लोकार्पण

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव त्यार जागीर में इण्टरलॉकिंग से बनने वाले रोड का रविवार को विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने लोकार्पण किया।



साढ़े 12 लाख की लागत से ग्राम के मनोहर लाल के मकान से सामुदायिक शौचालय तक बनने वाले इस रोड और नाली निर्माण का रविवार को विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने लोकार्पण किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, भाजपा पिछड़ा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र विक्रम सिंह, पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नत्थू लाल आर्य, किसान मोर्चा के जिला महासचिव नितीश उपाध्याय, राजीव गंगवार, शशि कपूर, ब्रह्मदत्त अवस्थी, जमुना प्रसाद फौजी सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और ग्रामीण मौजूद रहे। ग्राम की प्रधान संगीता पाल और छेदालाल पाल ने सभी का स्वागत किया।

### पैसे के लेन-देन को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव बरखन में रविवार को पुराने पैसों के लेनख्रदेन को लेकर दो पक्षों में विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

**लाठी-डंडों से हमला, कई घायल, गांव में तनाव**

घटना में प्रथम पक्ष से शकील तथा दूसरे पक्ष से फहीम आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के कई लोगों को चोटें आईं और वे खून से लथपथ थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने घायलों को तुरंत मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा भेजा। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को किसी तरह नियंत्रित किया। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा नगर अध्यक्ष के घर से सिलेंडर चोरी

■ एक को पकड़कर पुलिस को सौंपा, पुलिस ने स्मैकिया बताकर छोड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** रविवार दोपहर 12 बजे मोहल्ला बालाजी पुरम में भरा हुआ गैस सिलेंडर चोरी करते हुए एक युवक को स्थानीय लोगों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आरिफ निवासी निसरा, जनपद पीलीभीत थाना जहानाबाद बताया। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी को थाने ले गई।

स्थानीय लोगों के अनुसार, इसी सप्ताह बालवीर (ईंध जागीर) के घर से एक बैट्रा व स्टील का टब चोरी हुआ था, जिसकी तस्वीरें सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई थीं। आशंका जताई जा रही है कि पकड़ा गया आरोपी उसी चोरी में भी शामिल है। इसके अलावा चोखेलाल निवासी बालाजी पुरम के घर से मोटर चोरी होने का मामला भी सामने आया है। उधर, दो दिन पूर्व विक्रम सिंह निवासी बालाजी पुरम के घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई थी, जिसकी घटना भी सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसे हिरासत में ले लिया है। इसके साथ ही कस्बे की बस्ती से भाजपा नगर अध्यक्ष केशव गुप्ता के घर से भी एक बड़ा सिलेंडर चोर चोरी कर ले गया। श्री गुप्ता ने इसकी तहरीर पुलिस को दे दी है।लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्र में दहशत फैल गई थी। हालांकि, स्थानीय लोगों की सक्रियता और पुलिस की तत्परता से आरोपियों पर नकेल कसनी शुरू हुई है। पुलिस चोरी की इन घटनाओं की विस्तृत जांच कर रही है।

## पुलिस ने पकड़े गए चोर को नशेड़ी बताकर छोड़ा

स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस ने पकड़े गए चोर को थाने ले जाकर यह कहते हुए छोड़ दिया कि वह नशेड़ी है।

पुलिस का यह रवैया लोगों में नाराजगी का कारण बन गया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि आरोपी कई बार चोरी की घटनाओं में पकड़ा जा चुका है, लेकिन हर बार पुलिस उसे नशेड़ी बताकर छोड़ देती है, जिससे चोर के हौसले और बढ़ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि ऐसे चोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की वारदातों पर रोक लग सके। नगर के साथ ही आसपास के ग्रामों में जुआ, सट्टा के साथ नशे का कारोबार बड़े पैमाने पर हो रहा है, जिसके चलते चोरी की घटनाएं भी दिन व दिन बढ़ती जा रही हैं।

# पुलिस ने 25 हजार का इनामी स्मैक तस्कर दबोचा



■ 34 ग्राम अवैध स्मैक भी की बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामिया वांछित अभियुक्त आसिफ पुत्र आबिद हुसैन निवासी मोहल्ला भोलेनगर एक मीनार मस्जिद के पास कस्बा फतेहगंज पश्चिमी को गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार के निर्देशन में चौकी प्रभारी अनूप सिंह,महिला एसआई स्नेहा लौर की टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर तिराहा कट के पास यात्री शेड के निकट से अभियुक्त को दबोच लिया।उसके कब्जे से 34 ग्राम अवैध स्मैक, 100 रुपये नकद बरामद किये है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह अपने भाई मो. आरिफ के साथ मिलकर स्मैक की बिक्री करता है। उसका भाई मोबाइल पर माल का सौदा तय करता है और वह खुद फतेहगंज पश्चिमी व मीरगंज क्षेत्र में ग्राहकों को स्मैक बेचता है। अभियुक्त के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में भी कार्रवाई हो चुकी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली द्वारा अभियुक्त आसिफ पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीम की इस कार्रवाई की स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार, चौकी प्रभारी अनूप सिंह, महिला एसआई स्नेहा लौर, हेड कांस्टेबल विपिन कुमार, महिला कांस्टेबल मनोरमा वर्मा शामिल रहे।

### नवाबगंज से उमराह शरीफ को जायरीनों का जत्था रवाना

शाह टाइम्स संवाददाता


**नवाबगंज।** नगर के साथ ही नजदीकी गांव हरदुआ किफायतुल्ला से आधा दर्जन से अधिक जायरीन उमराह करने को रवाना हो गए। लोगों ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर रवाना किया।



अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के सदर असलम अंसारी उर्फ मंत्री की बहन शमा परवीन के साथ ही ग्राम हरदुआ किफायतुल्ला के रहने वाले उनके बहनोई मो. सलीम फौजी, उनकी पत्नी तारा वी, पुत्र मो. शाद के साथ ही ग्राम के महबूब हुसैन मुंशी, मुन्नी, फिजा वी, मो. फारूख और कमाल शाह रविवार की शाम उमराह शरीफ को रवाना हो गए। इन्हें ग्राम प्रधान मो. इरशाद, अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के सदर असलम मंत्री, खजांची अनवार अहमद अंसारी, पूर्व सदर तसव्वर हुसैन अंसारी, निसार अहमद अंसारी, सभासद हसीब सिद्दीकी, आढ़ती इस्लाम अंसारी, मो. यूनुस आढ़ती, युवा नेता सलीम कुरैशी सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर अपने लिए दुआ की दरखास्त करते हुए रवाना किया।

# पूर्व विधायक शराफत यार खान ने मीरगंज विधानसभा से की सपा के टिकट की दावेदारी

## राजनीतिक विरासत का हवाला देकर खुद को बताया मजबूत प्रत्याशी



शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक शराफत यार खान ने मीरगंज विधानसभा क्षेत्र में इस बार अपनी सक्रियता बढ़ा दी है । लगातार अपने पुराने सिपहसालारों से संपर्क साध रहे हैं। उन्होंने अपनी राजनीतिक विरासत एवं खुद का क्षेत्र में प्रभाव बताते हुए सपा हाई कमान से टिकट की मांग की है।

बताते चलें कि शराफत यार खान की राजनीतिक विरासत काफी मजबूत हैं। वह यार परिवार के नाम से जाने जाते हैं। शीशगढ़ के निकटवर्ती जनपद रामपुर के ग्राम अहरों के निवासी हैं। जब नेताजी मुलायम सिंह यादव ने वर्ष 1991 में समाजवादी पार्टी की स्थापना की थी शराफत यार खान उसी समय से समाजवादी पार्टी से जुड़ी थे। नेताजी के आह्वाहन पर धरना प्रदर्शन, जेल भरो आंदोलन में भी सक्रिय भूमिका निभाई थी, जिससे खुश होकर नेताजी मुलायम सिंह यादव ने शराफत यार खान को वर्ष 1993 में सपा का प्रत्याशी बनाया। उन्होंने 38345 वोट पाकर भाजपा के विधायक कुंवर सुरेंद्र प्रताप सिंह को 2619 वोटों से करारी शिकस्त देकर अपनी मजबूत पकड़ का अहसास कराया था। शराफत यार खान की यह जीत बड़ी महत्वपूर्ण जीत थी क्योंकि कावर विधान सभा में भाजपा का कब्जा था। इस कब्जे को हटाना आसान नहीं था शराफत यार खान ने ही भाजपा के मजबूत किले को ढाह दिया था।

## जनता के दिलों में राज करते थे मिसर यार खान

मिसर यार खान एक ऐसी शख्शियत थे जो क्षेत्र की जनता के दिलों में राज करते थे। आज भी लोग उनको भुला नहीं पाए हैं। वर्ष 1980 में जब वह बरेली लोकसभा से पहला चुनाव लड़े तो उस समय कांग्रेस की लहर थी, लेकिन क्षेत्र की जनता के दिल में मिसर यार खान के लिए जो मुहब्बत थी उस मुहब्बत ने कांग्रेस लहर को भी पीछे छोड़ दिया। यह पहला ऐसा चुनाव था कि जिसमें मिसर यार खान के नाम पर वोट पड़ा। जनता ने इतनी मुहब्बत दी कि बिना शक्ल देखे ही वोटो की बारिश हो गई और मिसर यार खान पहली बार में ही ऐतिहासिक जीत दर्ज करके देश की सबसे बड़ी संसद के सदस्य बन गए।

## यह है राजनीतिक विरासत एवं पारिवारिक पृष्ठ भूमि

पूर्व विधायक शराफत यार खान का परिवार एक समृद्ध राजनीतिक विरासत से जुड़ा है। उनके पिता स्वय मिसर यार खान ने वर्ष 1974 में कावर विधानसभा से लोकदल पार्टी से चुनाव लड़े और जीत दर्ज करके पहला मुस्लिम विधायक होने का गौरव भी हासिल किया। मिसर यार खान की यह जीत एक ऐतिहासिक जीत थी।

उसके बाद मिसर यार खान ने लोकदल से ही वर्ष 1980 में बरेली लोकसभा का चुनाव लड़ा और ऐतिहासिक जीत दर्ज करके पहले मुस्लिम संसद बनने का गौरव हासिल किया। उस समय कांग्रेस की लहर थी। मिसर यार खान के निधन के बाद आज तक बरेली लोकसभा से किसी मुस्लिम को संसद तक पहुंचने का मौका नसीब नहीं हो सका।

मुलायम सिंह यादव ने वर्ष 1995 में शराफत यार खान को रामपुर लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी बनाया उन्होंने करीब 155000 वोट पाकर अपनी मजबूत पकड़ का एहसास कराया। वर्ष 2010 में नेताजी मुलायम सिंह यादव ने बरेली रामपुर स्थानीय निकाय के चुनाव में शराफत यार खान को अपना एमएलसी प्रत्याशी बनाया।

बसपा के सत्ताधारी प्रत्याशी को कड़ी टक्कर देकर वह दूसरे स्थान पर रहे। शराफत यार खान को हिंदू मुस्लिम दोनों समुदाय का समर्थन प्राप्त है उनके पिता मिसर यार खान के जमाने से उनका यह जलवा कायम है। उन्होंने अपने कार्यकाल में भी सभी वर्गों का पूरा सम्मान किया जो आज भी कायम है। आज भी वह बिना किसी भेदभाव के सभी जाति धर्म के लोगों के काम आते है उनका पूरा सम्मान भी करते है। पूर्व विधायक शराफत यार खान ने समाजवादी पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा संगठनात्मक योगदान अपनी राजनीतिक विरासत एवं क्षेत्र के लोगों के समर्थन, का हवाला देते हुए अपने आपकों मजबूत प्रत्याशी बताते हुए मीरगंज विधानसभा क्षेत्र से टिकट का दावा किया है।

### डीएम व जनप्रतिनिधियों ने किया रामगंगा मेले का उद्घाटन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** सांसद छत्रपाल गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, महापौर डॉ. उमेश गौतम और डीएम अविनाश सिंह सहित कई जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने रविवार को रामगंगा चौबारी मेले का विधिवत उद्घाटन किया। कार्तिक मेले का शुभारंभ हवन-पूजन, फीता काटकर, कबूतर व गुब्बारे उड़ाकर किया गया। इस अवसर पर रामगंगा नदी के किनारे पवित्र गंगा मैया की महाआरती का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

उद्घाटन के बाद, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मेले में स्काउट गाइड द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि प्रशासन और मेला समिति ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं, खासकर सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक झूलों में सुरक्षा सुनिश्चित करने और लोगों से मेले का आनंद लेने व सुरक्षित लौटने की अपील की। मेला प्रबंधन से किसी भी अप्रिय घटना को रोकने की अपेक्षा की गई है।

डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को मेले के दौरान 24 घंटे डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक (नगर) मानुष पारीक, अपर जिलाधिकारी पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार, एसीएम विजय कुमार, तहसीलदार सदर सहित संबंधित अधिकारी और मेला कमेटी के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# एसबीआई बैंक बहेड़ी में आज होगा विशेष शिविर का आयोजन

■ पेंशन खाता धारकों को किया जाएगा सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बहेड़ी शाखा अपने पेंशन खाता धारकों के लिए आज 3 नवंबर सोमवार को एक विशेष शिविर और सम्मान समारोह आयोजित कर रही है। इस आयोजन का उद्देश्य पेंशन भोगियों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने और अन्य बैंकिंग सेवाओं में सहायता प्रदान करना है, साथ ही उन्हें सम्मानित भी करना है।

यह जीवन प्रमाण पत्र प्राप्त कैंप एवं पेंशनर सम्मान समारोह आज सोमवार को सुबह 11 बजे बहेड़ी शाखा परिसर में आयोजित किया जाएगा।

शिविर में पेंशन भोगियों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया में मदद मिलेगी, जिससे उन्हें अपनी पेंशन बिना किसी बाधा के मिलती रहे। शाखा प्रबंधक विनीत कुमार ने बताया कि नवंबर माह में पेंशन भोगियों को अपने संबंधित विभागों में जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होता है। यह प्रमाण पत्र बैंक शाखा या जीवन प्रमाण एप्लिकेशन के माध्यम से ऑनलाइन जमा किया जा सकता है।

समय पर प्रमाण पत्र जमा न करने पर पेंशन भुगतान में रुकावट आ सकती है। एसबीआई बहेड़ी शाखा के प्रबंधक विनीत कुमार और उनकी टीम ने सभी पेंशन खाता धारकों से इस शिविर में उपस्थित होकर बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने परिचित पेंशन भोगियों को भी इस संबंध में सूचित करने का विनम्र अनुरोध किया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस पहल का लाभ उठा सकें।

# पड़ोसी मिल स्वामियों ने भूसी डालकर चकरोड़ पर किया कब्जा, तहसीलदार से की शिकायत



शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** कस्बे के बरखन रोड पर हीरा राइस मिल है इसके पीछे ही दूसरा राइस मिल है। मिल पर जाने के लिए चक मार्ग है, जिससे मिल के साथ ही नगर पालिका के वाहन कूड़ा आदि लेकर जाते हैं।

आरोप है कि पीछे राइस मिल मालिकों ने चकमार्ग पर धान की भूसी डाल कर रास्ता बन्द कर दिया है। रास्ता बन्द होने से हीरा राइस मिल के साथ ही अन्य लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। जब पड़ोस के मिल मालिकों से रास्ता बन्द होने की बात कही गई तो उन्होंने इस मामले में कोई ध्यान नहीं दिया। हीरा राइस मिल मालिकों इकबाल अहमद, अशफाक अहमद, जुनैद ने इस मामले की शिकायत तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह से करते हुए चकरोड से अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग की है। बताया जाता है कि हल्का लेखपाल ने मिल मालिकों से रास्ता खोले जाने को कहा, लेकिन उसके बाद भी रास्ते से भूसी नहीं हट सकी। इस मामले की शिकायत आज होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस में किए जाने की संभावना है।

# सेंथल का नवाब गालिब अली तातारी जिसने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की फौज को दी थी पनाह



शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** सन 1857 ई0 में मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर के परचम तले हिंदुस्तान के मुजाहिदीन ने अंग्रेजी सरकार के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंका तो हिंदुस्तान के कोने-कोने से आजादी के नारों की आवाज सुनाई देने लगी। इधर झांसी की रानी भी एक शेरनी की तरह अंग्रेजी हुकूमत पर टूट पड़ीं। मगर मुल्क के गद्दारों की मदद से जल्द ही अंग्रेजों ने दोबारा हिंदुस्तान पर कब्जा करना शुरु कर दिया था। इसके बावजूद रुहेलखंड तकरीबन एक साल तक मुजाहिदीन के कब्जे में आजादी के गीत गाता रहा और पूरे हिन्दुस्तान के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी यहां पर पनाह लेने लगे। झांसी की रानी की शहादत के बाद अंग्रेजों ने झांसी को खूब लूटा और रानी के फौजी अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर पनाह लेने के लिए भागने लगे। इस तरह नवाब खान बहादुर खां और उनके साथियों की अगुवाई में सिर्फ रुहेलखंड ही बचा था जो अभी तक आजाद था और इसमें आजादी का परचम लहरा रहा था, इसी के साथ हिन्दुस्तान भर के क्रन्तिकारी यहां पनाह ले रहे थे। इसी क्रम में रानी के सहयोगियों को नवाब सैय्यद गालिब अली ने सेंथल के करीब पट्टी गांव के पास तालाब के किनारे जहां बाद में नवाब साहब के कहने पर उनके पुत्र मीर मौहम्मद जफर साहब ने मोहन मंदिर का निर्माण कराया था, आबाद किया ये लोग मय अपने परिवारों के बैलगाड़ियों और घोड़ों के साथ बड़ी तादाद में यहां पहुंचे थे, फिर इनको नवाब साहब ने अपनी जागीर के अलग-अलग गांवों में पनाह दी जिसमें जमनिया, अहमदाबाद, फाजिलपुर, मौअज्जम नगला खालसा, बिजासन, चठिया रज्जब अली, साबिर खेड़ा सहित अन्य गांव शामिल थे। शुरुआत में इन लोगों ने अपनी पहचान छिपाकर अपने आपको लदनियां मशहूर किया लेकिन धीरे-धीरे यह लोग इनकी असली पहचान हरबोले के नाम से जानने लगे।

जब सेंथल के इस नवाब को अंग्रेजों ने नजरबंद करके उसकी सारी जागीर को जब्त कर लिया तो उसके बावजूद इस घने संकट में नवाब गालिब अली अपनी वालिदा की बची हुई जायदाद की आमदनी से पुत्रों की मदद से हरबोलों की सहायता करते रहे।

आज भी इन गांवों में झांसी की रानी के सैनिकों के वंशज आबाद हैं, और ये लोग लदनियां व हरबोले कहलाते हैं। बुंदेलखंड के खंगार समुदाय/इलाके से ताल्लुक रखने वाले इन लोगों का जिक्र एचआर नेविल ने जिला बरेली गजेटियर 1911 ई0 में भी दर्ज किया है।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# परीक्षितगढ़ में तीन गोली लगा शव मिला

## परिवार में इकलौती संतान था मृतक, एसपी देहात व सीओ फॉरेंसिक टीम के साथ जांच में जुटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम अगवानपुर में एक युवक की गांव के पास ही बाग में गोली लगा शव मिलने से सनसनी फैल गई। पीड़ित परिजनो को हत्या का अलसुबह पता चला तो हड़कंप मच गया।

सूचना पर एसपी देहात सीओ सदर सहित थाना पुलिस फोरेंसिस टीम मौके पर पहुची तथा जांच पड़ताल के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया पीड़ित पिता ने अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम अगवानपुर निवासी राहुल पुत्र टेकचंद (33) के मोबाइल पर





शनिवार की रात आठ बजे किसी का फोन आया जिसके बाद राहुल घर पर बिना बताये ही चला गया, जब राहुल देर रात तक वापस नही आया तो परि. जनो को चिंता हुई तथा उसकी तलाश की मगर कोई सुराग नही मिला तो रविवार सुबह चार बजे पीड़ित परिजनो ने चितवाना शेरपुर स्थित पुलिस चौकी पर पहुचे तथा पुलिस को राहुल के गायब होने की सूचना दी। वहीं सुबह साढ़े पांच बजे जब ग्रामीण जंगल की तरफ गये तो गांव के ही पास खूंटी मार्ग पर आरिफ के बाग के पास ही ट्यूबवैल के पास राहुल का शव पड़ा देखा गया। जिसकी सूचना पर परिजन मौके पर पहुचे तथा पुलिस को घटना की सूचना दी। हत्या की सूचना से थाने में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी विजय कुमार राय मौके पर पहुंचे तथा घटना की उच्च अधिकारियो को जानकारी दी। जिसके बाद एसपी देहात अभिजीत सिह सीओ सदर देहात शिव प्रताप सिंह फारेंसिस टीम को लेकर मौके पर पहुचे ओर जानकारी ली, तथा परिजनो व ग्रामीणों से जानकारी हासिल की।

राहुल के तीन गोली लगी हुई थी जिसमें दो गोली सीने व एक गोली पीठ पर लगी हुई थी। वहीं मौके पर पुलिस को दो खोखे व एक जिंदा कारतूस मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया वहीं मृतक के पिता टेकंचद ने अज्ञात लोगो के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी विजय कुमार राय ने बताया कि मृतक का मोबाइल गायब है इसलिए ये नही पता चल सका है कि उसे किसने फोन कर बुलाया था। सीडीआर निकलवा कर जांच कर कार्यवाही की जायेगी। राहुल अपने पिता की इकलौती संतान था तथा उसके तीन बच्चे भी है जिनकी अभी शादी नही हुई है। वह खेती कर तथा ब्याज पर लोगो को रूपये देकर अपने परिवार का पोषण करता था। राहुल की मौत से परिवर पर संकट पैदा हो गया है उसकी मां की पहले ही मौत हो गई थी अब पत्नी अंजली का रो रोकर बुरा हाल है।

## भाजपा नेता राहुल ढडरा को जनप्रतिनिधियों ने दिया आशीर्वाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** रविवार को बागपत रोड स्थित एक फार्म हाउस में अनिल पूनिया की सुपुत्र की शादी में भाजपा नेता राहुल चौधरी ढडरा ने शिरकत की। इस दौरान उनकी मुलाकात जनप्रतिनिधि से हुई यहां उन्होंने सभी का हालचाल जाना। इस दौरान बागपत लोकसभा सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील भराला ने भी उन्हें आशीर्वाद दिया।

# पुलिस के सामने दो गुटों में जमकर मारपीट, कैमरे में कैद हुई घटना

## पत्रकार को पीटा, दबंगों के सामने मेरठ पुलिस की जमकर हो रही वाहवाही

■ **कंकरखेड़ा में दो कार सवार दबंगों ने की सड़क पर गुंडागर्दी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** पुलिस की मौजूदगी में गाड़ी की पार्किंग को लेकर व्यापारी की नाक रगड़वाने का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि शनिवार की देर रात को स्कॉर्पियो सवार दो गुटों में साइड को लेकर कंकरखेड़ा क्षेत्र के खिर्वा चौराहे पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब दो कार सवार दबंगों ने बीच सड़क पर पुलिस के सामने ही जमकर मारपीट, तोड़फोड़ शुरू कर दी। गाड़ी को साइड न देने के विवाद में दबंगों ने स्कॉर्पियो सवार लोगों की जमकर पिटाई कर दी और गाड़ी में डंडों से तोड़फोड़ की। दबंगों ने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों से भी अभद्रता और धक्का-मुक्की की। अफरा तफरी के बीच राहगीर की स्कूटी पर भी कार चढ़ा दी। पूरा घटनाक्रम रिपोर्टर के कैमरे में कैद हो गया। जब रिपोर्टर ने वीडियो बनाया तो दबंगों ने उसे भी पीटा और वीडियो डिलीट कराने की कोशिश की। दबंगों की कार पर पुलिस लिखा था और अंदर दरोगा की टोपी रखी मिली जिससे पुलिसकर्मियों की संलिप्तता की आशंका गहराई है। पुलिस अब गाड़ियों के नंबरों के आधार पर दोनों दबंगों की तलाश में जुटी है। घटना के बाद इलाके में दहशत और ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं आखिर में सबसे बड़ा सवाल यह है कि पुलिस के सामने दबंगों के इतने हौसले बुलंद हो चले हैं की पुलिस नाम कानून का खौफ आम नागरिक से खत्म हो चला है। सीओ दौराला ने बताया कि दोनों गाड़ियों में सवार युवकों में गाड़ी की साइड को लेकर मारपीट हुई है। उनके अनुसार घटना की जांच की जा रही है।

# बजाज शुगर मिल किनोनी में हवन के बाद चैन में गन्ना डालकर किया गया पेराई सत्र का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रोहटा।** बजाज शुगर मिल किनोनी ने रविवार को अपने 22 वे पेराई सत्र का हवन पूजन करने के बाद मुख्य अतिथि बागपत सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, पूर्व एमएलसी चौधरी जगत सिंह, पूर्व मंत्री कुलदीप उज्जवल ने किसानों के साथ मिल की चैन में गन्ना डालकर शुभारंभ किया। बता दे कि किनोनी चीनी मिल प्रबंध तंत्र ने गत सीजन में एक करोड़ 65 लाख कुंतल गन्ने की खरीद कर 11.15 प्रतिशत की औसत रिकवरी पर 18 लाख 43 हजार कुंतल चीनी का रिकॉर्ड उत्पादन किया था।

हवन पंडित दिनेशमणि त्रिपाठी ने मंत्रोच्चार के साथ किया। मिल के महाप्रबंधक गन्ना जयवीर सिंह ने बताया कि प्रबंधन तंत्र में चालू सत्र में एक करोड़ 70 लाख कुंतल गन्ने की पेराई करने



का लक्ष्य दिया है। चीनी मिल में प्रथम बैलगाड़ी से गन्ना लेकर आए ग्राम किनौनी के शोभा राम को शॉल एवम पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार प्रथम ट्रॉली, बड़ी ट्रॉली एवं क्रय केंद्र से गन्ना लेकर आए किसान भाइयों को भी सम्मानित किया गया। मिल के इकाई प्रमुख केपी सिंह का कहना है की किनोनी मिल ने अपना पेराई सत्र शुरू किया है। और गत वर्ष का 95 प्रतिशत भुगतान गन्ना समितियों को भेज कर किसान के हितों का ध्यान रखने का काम मिल प्रबंध तंत्र ने किया है। बकाया गन्ना भुगतान के मामले में उन्होंने कहा की। कि 15 नवंबर तक वह गत सीजन का बकाया भुगतान भी किसानो को अदा करते हुए नए सत्र का भुगतान भी जल्द शुरू किया जाएगा। इस दौरान एच.आर जोनल हेड पंकज पवार, पंडित डोरीलाल, सुनील रोहटा, सुभाष गुर्जर, लोकेंद्र चेयरमैन करनावल, सुमित्र देवी पूर्व चेयरमैन, सत्य प्रकाश, प्रधान जटोला, देवेंद्र पूर्व प्रधान किनौनी, लोकेश राणा, संजीव गुप्ता, परमानंद चौहान, कुंवर मोहम्मद अली चेयरमैन हर्रा, राजीव चौधरी, आदेश तोमर, आदर्श राठी, दिनेश लाला, नेपाल मलिक, भूपेंद्र दौराला चेयरमैन, सुरेंद्र तोमर, अशोक, नीरज सिंह, मांगे राम शर्मा, नन्हे खां सलाहपुर आदि रहे।

# अरबन रिस्ट्रक्चर प्लान के तहत विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा उपलब्ध कराना शीर्ष प्राथमिकताः डॉ. आशीष कुमार गोयल

■ **अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने अरबन रिस्ट्रक्चर प्लान के तहत उपभोक्ताओं को बेहतर एवं त्वरित सेवाएं देने के दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विद्युत उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट एवं त्वरित सेवा उपलब्ध कराने तथा अरबन रिस्ट्रक्चर प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, डॉ. आशीष कुमार गोयल (आईएएस) एवं प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता (आईएएस) ने रविवार को जनपद सहारनपुर में उपभोक्ता सहायता केन्द्र हैल्प डेस्क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घण्टाघर में स्थापित हैल्प डेस्क का स्थलीय निरीक्षण किया तथा उपभोक्ता शिकायत निस्तारण व्यवस्थाओं की समीक्षा की। डा. आशीष कुमार गोयल (आईएएस) अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की अध्यक्षता एवं रवीश गुप्ता (आईएएस) प्रबंध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की उपस्थिति में क्षेत्रीय कार्यालय सहारनपुर क्षेत्र, सहारनपुर शाकुम्भरी विहार, मवींकला, आवास विकास, दिल्ली रोड, सहारनपुर में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों एवं क्षेत्रीय अभियनताओं के साथ अरबन रिस्ट्रक्चर




प्लान के तहत उपभोक्ता को बेहतर सेवा, विद्युत आपूर्ति, 1912 शिकायत निस्तारण प्रणाली पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपभोकता शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें। हैल्प डेस्क कार्य प्रणाली की दैनिक मॉनिटिरिंग की जाये। फील्ड रेस्पॉन्स टीम की तत्परता एवं उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। पारदर्शिता, विनम्र व्यवहार एवं त्वरित सेवा को शीर्ष प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता सेवा प्रणाली उत्कृष्ट, उत्तरदायी एवं पारदर्शी होनी चाहिए। प्रत्येक अधिकारी यह सुनिश्चित करें की उपभोक्ताओं को समय पर और गुणवत्तापूर्ण सेवा मिलें। जनपद सहारनपुर में कुल 04 हैल्प डैस्क संचालित किये जायेंगे जिन पर समर्पित नोडल अधिकारी और निर्धारित मोबाईल संपर्क नं. पर उपलब्ध रहेंगे। यह हैल्प डैस्क फील्ड टीमों के साथ समन्वय स्थापित कर उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करायेंगे। अध्यक्ष ने इस व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये तथा सम्बन्धित अधिकारियों को नियामित समीक्षा और फीडबैक प्रणाली लागू करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान संजय जैन निदेशक (वाणिज्य), राजेश कुमार, मुख्य अभियंता, सहारनपुर क्षेत्र सहारनपुर, आर.एस. वर्मा, अधीक्षण अभियंता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल सहारनपुर, रविन्द्र बाबू अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम द्वितीय, सहारनपुर, अवधेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-घंटाघर, सहारनपुर, अविनाश कुमार, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-जनक नगर, सहारनपुर आदि अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## श्रीराम सुपर 5-एसआर-05 और 303 गेहूं बीज से मिल रही किसानों को रिकॉर्ड उपज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में गेहूं की खेती में श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस द्वारा विकसित 'श्रीराम सुपर 5-एआर-05' और 'श्रीराम सुपर 303' गेहूं बीजों ने उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। इन उन्नत किस्मों ने किसानों के बीच उच्च उपज, रोग प्रतिरोधकता और विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में अनुकूलता के लिए ख्याति प्राप्त की है। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के विश्वविख्यात गेहूं वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई गेहूं की किस्में, श्रीराम सुपर 5-एसआर-05 और 303, इनकी अनुकूलन क्षमता और बेहतरीन उत्पादकता के चलते किसानों में बहुत लोकप्रिय हैं। इनमें कल्ले ज्यादा और बालियां लंबी है, और यह रोगों के प्रति सहनशील है। सबसे खास बात यह है कि बदलती प्रकृति से उभर रही नई-नई चुनौतियों में भी इन किस्मों के परिणाम श्रेष्ठ हैं। अपनी इन्हीं विशेषताओं के चलते ये दोनों किस्में भारत के विभिन्न क्षेत्रों के किसानों की पहली पसंद बन गई हैं। संभल के अनुभवी किसान मोहित ठाकरान बताते हैं कि इस साल उन्होंने अपने खेत में श्रीराम सुपर 5-एसआर-05 गेहूं की बुवाई की। उनका कहना है कि इस किस्म का तना बेहद मजबूत है, जिससे फसल गिरने की संभावना नहीं रहती। साथ ही, कल्लों की संख्या अधिक है और हर बाली में 85-90 दाने मिलने से उत्पादन अत्यधिक रहा।

वे कहते हैं 'विपरीत मौसम में भी श्रीराम सुपर 5-एसआर-05 ने स्थिर और शानदार उपज दी यह सच में भरोसेमंद गेहूं की किस्म है।' साथ ही साथ श्रीराम द्वारा बाजार में दी जा रही किस्म श्रीराम सुपर 303 से भी किसान बहुत खुश हैं व उत्तम परिणाम पा रहे हैं।

# आखिर सालों तक क्यों एक-दूसरे को झेलते रहे दीपक और उसकी महिला मित्र?

## दोनों के दामन दिख रहे दागदार, लेकिन खुद को साबित कर रहे पाक साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/मवाना।** इन दिनों चर्चा में चल रहे युवजन सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक गिरी और उसकी शादीशुदा एक्स गर्लफ्रेंड के प्रकरण में रविवार को फिर से उस समय गर्मी देखने को मिली जब खुद को पीड़ित बताने वाली महिला ने गंगानगर में प्रेस कॉफ्रेंस आयोजित कर अपने आरोप दोहराए और दीपक गिरी को बलात्कारी व ठग बताया। वहीं महिला ने कई बड़े आरोपों के साथ अपनी बात विस्तार से बताई। उधर, दीपक गिरी भी अपनी एक्स गर्ल फ्रेंड पर शोषण करने का आरोप लगा चुका है। दोनों के आरोप-प्रत्यारोप से एक बात तो तय है कि दोनों के दामन ही पाक नहीं हैं। अपने-अपने मतलब के लिए जब तक बनी, तब तक सब कुछ ठीक रहा और जब बात हाथ से निकली तो निर्लज्जता के साथ दोनों खुले मैदान में एक दूसरे के सामने आ डटे।

### पूनम पंडित से सगाई के बाद बिखरा रायता

कुछ दिन पहले युवजन सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक गिरी की पूनम पंडित के साथ मेरठ के एक होटल में सगाई हुई थी। सगाई की फोटो सोशल मीडिया पर आने के बाद दूसरे दिन 16 अक्टूबर को पराग डेयरी परतापुर में तैनात क्लास वन की अधिकारी एवं दीपक की एक्स गर्लफ्रेंड ने मवाना में उसके घर पर पहुंचकर हंगामा खड़ा कर दिया। दीपक व उसके दोनों भाई मिलकर महिला को उठाकर घर में ले गए। काफी देर तक महिला, दीपक के परिवार के लोगों व महिला के प्रोफेसर पति के बीच वार्ता चली। मीडियाकर्मियों को न तो महिला व उसके पति ने और न दीपक गिरी ने कोई बयान दिया। मीडियाकर्मियों के वहां से चले जाने के बाद सभी लोग बारी-बारी से वहां से निकल गए। महिला को अपने घर में जबरन ले जाने की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। उसके अगले दिन 17 अक्टूबर को शादीशुदा महिला ने फेसबुक पर आकर दीपक पर यौन व आर्थिक शोषण करने के आरोप लगाए।



### दीपक को किया गया पदमुक्त

महिला की वीडियो के बाद किसी व्यक्ति ने उसे जबरन अंदर ले जाने का वीडियो एक्स पर यूपी पुलिस को टैग कर दिया। उसके बाद पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी ने दीपक गिरी को पदमुक्त करने का पत्र जारी कर दिया।

### दीपक ने वीडियो के माध्यम से दिया जवाब

पदमुक्त किए जाने के बाद दीपक गिरी ने वीडियो के माध्यम से महिला पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि उनकी कंपनी पराग डेरी में ठेका लेती है और आरोप लगाने वाली महिला उनसे कमीशन को लेकर विवाद कर रही है। उसके बाद दोनों पक्ष एक दूसरे पर वीडियो जारी कर आरोप प्रत्यारोप लगाते रहे। इसी बीच महिला की ओर से थाना भावनपुर में दीपक गिरी व अन्य चार लोगों के खिलाफ यौन शोषण का मुकदमा दर्ज करा दिया गया, जिसकी विवेचना चल रही है।

### महिला ने दिखाया बैंक स्टेटमेंट

गंगानगर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पराग डेयरी की क्लास वन अधिकारी महिला ने बताया कि दीपक गिरी टेंडर की बात बताकर गुमराह कर रहे हैं जबकि अगर उन्हें टेंडर चाहिए था तो उन्हें मुझे पैसे देने चाहिए थे लेकिन दीपक गिरी मुझे लगातार ब्लैकमेल कर रहे थे जिसके चलते उन्होंने ही 15 से 20 लाख दीपक गिरी को दिए हैं। महिला ने अपनी बैंक स्टेटमेंट भी सबके सामने रखी।

### दोनों पक्ष मीडिया को करते रहे मैनेज

दीपक गिरी की एक ऑडियो महिला अधिकारी ने पत्रकारों को दी। जिसमें दीपक किसी व्यक्ति से फोन पर मीडियाकर्मियों को उसका नाम न छापने की ऐवज में 50-50 हजार रुपए दिए जाने की बात कह रहा है। उधर, पत्रकार जगत में भी खबर न छापने के नाम पर 50 हजार लिए जाने की चर्चा जोरों पर रही।

### चार साल बाद क्यों फूटा ढोल?

पिछले चार साल से ढोल की थाप पर भांगड़ा कर रहे दीपक गिरी और पराग डेयरी की महिला अधिकारी का ढोल दीपक से पूनम पंडित की सगाई के बाद फूट गया। आखिर सगाई के बाद ही ढोल क्यों फूटा, अपने आप में कई सवाल पैदा करता है। हालांकि रविवार को गंगानगर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंजी हुई खिलाड़ी की तरह महिला अधिकारी ने पत्रकारों के सवाल के जवाब दिए और कहा कि पहली बार दीपक किसी काम से उसे गंगासागर कॉलोनी में स्थित मकान में ले गया था। वहां दीपक ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इससे पूर्व महिला द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल कुछ फोटो कुछ और ही नजर आ रहे हैं। उधर, महिला के बैंक खाते से दीपक गिरी के खाते में भेजी गई रकम से दीपक का किरदार भी साफ हो गया है कि वह महिला अधिकारी के पैसों का भरपूर फायदा उठा रहा था और कहीं न कहीं महिला पर दबाव बना रहा था ताकि पैसा बटोरा जा सके।

पूरे प्रकरण से एक बात स्पष्ट है कि दीपक और पराग डेयरी के बीच महिला अधिकारी के बीच रिश्ता पूनम पंडित की दीपक की लाइफ में एंट्री के बाद टूट गया और टूटे रिश्तों ने पर्दे के पीछे चल रहे लव-सेक्स-धोखे का खेल उजागर कर दिया।

## धौलडी इंग्लिश स्कूल में यूथ फाउंडेशन की ओर से कराया गया कंपटीशन एग्जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलडी यूथ फाउंडेशन की जानिब से क्विज कॉम्पिटिशन एग्जाम करवाया गया, जिस में गांव के सभी स्कूलों में पढ़ने वाले क्लास 6जी से 12जी तक के तालिब ए इल्म बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और एनर्जेटिक होकर एग्जाम दिया।

इस क्विज प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले छात्रों को 11 नवंबर राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के मौके पर पुरस्कार भी दिए जाएंगे, राष्ट्रीय शिक्षा दिवस भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अब्दुल कलाम आजाद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, धौलडी यूथ फाउंडेशन इसे अपने सालाना महोत्सव का हिस्सा बना रहा है। DYF सभी धौलडी



वासियों छात्र छात्राओं और उनके घरवालों से गुजारिश करती हैं कि आने वाले 11 नवंबर 2025 को बड़े मदरसे में सही सुबह 9 बजे पहुंच कर प्रोग्राम को कामयाब बनाने और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को रोशन करने में अपना सहयोग दे। फाउंडेशन के अध्यक्ष आशु फरीदी ने कहा की आज के समय में शिक्षा बहुत जरूरी है जिसके लिए यूथ फाउंडेशन बच्चों को जागरुक कर रहा है। परीक्षा करवाने में DYF अध्यक्ष आशु फरीदी, उपाध्यक्ष गुलजार अब्बासी, एजुकेशन सेक्रेटरी नूर इस्लाम, मोइन मिर्जा, सैफ राजपूत, मुहम्मद मेहराज, फरमान अंसारी, गुलजार और वसीम खान शामिल रहे।

## सागर लिसाड़ी ने आजाद समाज पार्टी से दिया इस्तीफा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आजाद समाज पार्टी के संस्थापक सदस्य सागर लिसाड़ी ने पार्टी को अलविदा कह दिया। उन्होंने लगभग 200 समर्थको के साथ पार्टी से इस्तीफा दिया। उनका कहना था कि जिला पंचायत चुनाव में पार्टी के नेता पैसे लेकर टिकट बांट रहे हैं। पार्टी के ही नेता संजय हरित और जिलाध्यक्ष चरण सिंह करीब 2018 से ही सागर लिसाड़ी नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद के साथ रहे हैं।

## एमएसडीई, एबीसीएफ और बिट्स पिलानी ने इनोवेशन और स्टार्ट-अप चैलेंज लॉन्च किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के तहत प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) ने आदित्य बिड़ला कैपिटल फाउंडेशन (एबीसीएफ) और पिलानी इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सोसाइटी के साथ हाथ मिलाया है, जो बिट्स पिलानी का इनक्यूबेटर है ताकि देश भर के सभी राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) में छात्रों के बीच इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा दिया जा सके। एनएसटीआई, डीजीटी के तत्वावधान में, उद्योगों के लिए इंस्ट्रक्टर ट्रेनी और स्किल्ड मैनपावर का एक पूल बनाने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण देते हैं। वर्तमान में, देश में 33 एनएसटीआई चल रहे हैं, जहां 10,000 से अधिक छात्र क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर ट्रेनिंग स्कीम (सीआईटीएस) और क्राफ्ट्समैन ट्रेनिंग स्कीम (सीटीएस) के तहत कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कुछ विशेष एनएसटीआई (महिला) भी हैं, जो विशेष तौर पर महिलाओं के व्यावसायिक प्रशिक्षण पर फोकस करते हैं।

लॉन्च के अवसर पर, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार की सचिव देवश्री मुखर्जी ने कहा कि कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में, हमारा मानना है कि हर कुशल व्यक्ति में नौकरी देने की क्षमता होती है। आदित्य बिड़ला कैपिटल फाउंडेशन के साथ इस पार्टनरशिप के जरिए, हम एनएसटीआई छात्रों को अपनी टेक्निकल स्किल्स को इनोवेशन और एंटरप्राइज में लगाने में मदद कर रहे हैं। नवोन्मेष प्रोत्साहन स्पर्धा हमारे युवा इनोवेटर्स के विचारों को टिकाऊ वेंचर्स में बदलने के लिए सशक्त बनाएगी।

# राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने SBR अस्पताल का फीता काटकर शुभारंभ किया

- जनता की सेवा के लिए खुला एस बी आर
- मरीजो को मिलेगा अंशुमान कार्ड का लाभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** रविवार नगर में स्वास्थ्य सुविधाए देने के उद्देश्य ls SBR अस्पताल का भव्य शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख पहुंचे, जिन्होंने फीता काटकर अस्पताल का उद्धघाटन किया। मंत्री के पहुंचते ही।फूलमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया।इस दौरान अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित वार्ड देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

मंत्री बलदेव औलख ने कहा कि क्षेत्र में इस तरह के अस्पताल खुलने से आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि ठत हॉस्पिटल में अत्याधुनिक मशीनें, 24 घंटे इमरजेंसी सेवा और अनुभवी डॉक्टरों की टीम उपलब्ध है। ग्रामीण इलाकों के लोगों को अब मामूली इलाज के लिए शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।पूर्व विधायक अली यूसुफ अली ने कहा कि सरकार की योजनाओं के अंतर्गत अनुशुमान कार्ड धारक 5 लाख तक का फ्री इलाज करा सकते है ।और गरीब जनता को इसका लाभ मिलेगा इस दौरान भाजपा मंन्त्रियो सहित जिले से भाजपा के बड़े नेता उद्घाटन में पहुंचे इस दौरान मंत्री सूर्य प्रकाश पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, खालिद अली चेरमेंन, सरफराज चेरमेंन टाण्डा, खुर्शीद चेरमेंन दढ़ियाल,डोली रंधावा, अम्रत रन्धावा, ताहिर हसन खा, शाहआलम खा, शरद गुप्ता, महेंद्र सेनी लक्ष्मी कांत सैनी, देवेन्द्र दिवाकर,एस बी आर के प्रबंधक फारुख उर्फ बब्लू, प्रधान रहुफ हुसैन,इधर पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, एडिशनल एसपी, सी ओ अतुल कुमार पांडे, कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक आदि लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर अस्पताल के ने बताया कि अस्पताल में गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए विशेष छूट दी जाएगी। साथ ही महिलाओं और बच्चों के लिए अलग वार्ड बनाए गए हैं। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, समाजसेवी और चिकित्सक भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में मंत्री ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और अस्पताल प्रबंधन को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि "स्वस्थ समाज ही समृद्ध राष्ट्र की पहचान है।" समारोह के बाद मिठाई बांटी गई और लोगों ने नए अस्पताल के उद्घाटन को एक बड़ी सौगात बताया।

# जमीयत उलेमा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित, विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** शुक्रवार की रात जमीयत उलेमा जिला रामपुर की एक अहम मीटिंग बाद नमाज इशा महमूदुज्ज्फर रहमानी मरहूम पूर्व चेयरमैन टांडा के मकान पर हुई। जिसकी सदारत जिला सदर मौलाना जहीरुल इस्लाम कासमी ने की। मीटिंग का मकसद वक्फ की संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर किस तरह रजिस्टर्ड कराया जाए और कौन-कौन से कागज इकट्ठे किए जाएं मस्जिद मदरसे के जिम्मेदारों से बात की जाए मौलाना इरफान ने कहां सभी लोग अपना काम जिम्मेदारी के साथ करें।

मौलाना मोहम्मद फहीम ने डिटेल के साथ पूरी जानकारी दी।

वोटर लिस्टों पर भी ध्यान देने की बात कही गई। मौलाना सादिक ने कहां वोटर लिस्ट जारी हो चुकी है। 2003 की वोटर लिस्ट में माता-पिता का नाम होना जरूरी है।



नवेदुज्जफर रहमानी ने बताया 2003 की वोटर लिस्ट ऑनलाइन पड़ चुकी है लोग अपने वार्ड या अपने कस्बे या गांव की वोटर लिस्ट डाउनलोड कर लें । मीटिंग में काफी राय मशविरे किए गए मौलाना मोहम्मद इरफान ने दुआ कराई इस मौके पर मौलाना जहीरुल इस्लाम कासमी जिला सदर, नवेदुज्जफर रहमानी जिला जनरल सेक्रेटरी, डाक्टर असदुज्ज्फर रहमानी, मौलाना मोव इरफान , मौलाना मोव फहीम साहब, कारी रियासत , मौलाना मोव शौकत - मौलाना सादिक अली , हाजी अब्दुल रशीद , हाफिज मोव लुकमान , मौलाना मोव इस्लाम , मोहम्मद उस्मान सैफी, मास्टर मोव रिहान , मास्टर मोव मुबीन अंसारी , मौलाना अब्दुल रशीद, जुनैदुज्जफर रहमानी एडवोकेट, हाजी जुबेर , हाजी गौहर अली , मौलाना मोहम्मद आरिफ , मुफ्ती नजमुल हक , कारी मोव आसिफ, मौलाना मोव नजाकत , मोहम्मद आबिद, मोहम्मद वसीम आदि लोग मौजूद रहे।

## शादी समारोह मे गये ट्रक ड्राइवर की मेरिज हाल के पास से बाइक चोरी, मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** शादी समारोह मे मैरिज हॉल में दावत खाने गए ट्रक ड्राइवर की अज्ञात चोर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए।

मोटरसाइकिल चोरी हो जाने से मैरिज हॉल में हड़कंप मच गया। और पुलिस सूचना पाकर मौके पर पहुंच गई।

रविवार को गागन नगली निवासी हाजी अनवर अली की पुत्री की शादी थी।

इस शादी में शामिल होने के लिए गांव बिजारखाता निवासी ट्रक ड्राइवर मोइनुद्दीन पुत्र जहीर अहमद स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से दावत खाने के लिए मोतीपुरा खोद स्थित स्वर बाजपुर मार्ग के किनारे एन जे मैरिज हॉल में दावत खाकर वापस लौटा तो उसकी मोटरसाइकिल मेरिज हाल के पास से गायब थी मोटरसाइकिल गायब देख उसके होश उड़गयेमैरिज हॉल के आसपास मोटरसाइकिल को काफी तलाश किया गया लेकिन कोई पता नही चल पाया सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले गए लेकिन उन से कोई पता नहीं चल सका।

ट्रक ड्राइवर ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी पुलिस ने मेरिज हाल के आसपास लगे कैमरे में फुटेज खंगाले लेकिन कोई पता नहीं चल सका है पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है मोटरसाइकिल की तलाश जारी है।

## टैंकर ने मारी बाइक को ठक्कर बाईक चालक की हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर में रविवार को रामपुर मार्ग पर अनाज मंडी के पास एक सड़क हादसे में रेलवे कर्मचारी हेमराज (40) की मौके पर मौत हो गई। तेज रफ्तार टैंकर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हेमराज अपने 17 वर्षीय पुत्र अंशुल के साथ फिरोजपुर जा रहे थे।यह घटना तब हुई जब हेम. राज अपने पुत्र अंशुल के साथ मौलागढ़ चंदौसी से फिरोजपुर जा रहे थे। वे अपनी मामी के घर जा रहे थे, जिनका बरेली के अस्पताल में निधन हो गया था। जैसे ही वे शाहबाद नगर की अनाज मंडी के पास पहुंचे, एक टैंकर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सड़क पर गिर गई।हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर एस एस आई रामचंद्र, मुकुल चौधरी, एसआई धीरेंद्र कुमार तोमर घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बही समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अंशुल को प्राथमिक उपचार दे दिया पुलिस ने टैंकर को



कब्जे में ले लिया मृतक हेम. राज रेलवे में ग्रुप डी के पद पर कार्यरत थे। उनके परिवार में पत्नी शारदा, एक पुत्री बेबो और एक पुत्र अंशुल हैं। हादसे की सूचना मिलने पर परिजनो में कोहराम मच गया।

## दढ़ियाल क्षेत्र में बदमाश नई बाइक छीनकर भागे, पुलिस ने पीड़ित को ही घेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** इलाके में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। शनिवार की रात टांडा-दढ़ियाल रोड पर तीन हथियारबंद गुंडों ने एक युवक से उसकी चमचमाती स्प्लेंडर बाइक लूट ली। पीड़ित ने थाने में शिकायत की तो पुलिस ने उल्टा उसे ही शक की नजर से देखकर पूछताछ का शिकंजा कस दिया। अब गांव वाले गुस्से में हैं कि अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं और पुलिस पीड़ितों को ही परेशान कर रही है।

ग्राम मंझरा शीला गदरपुर( उत्तराखंड) के रहने वाले जुगनू के बेटे अनुज बाजपुर के एक होटल में गार्ड की नौकरी करते हैं। रात की ड्यूटी निपटाकर वह अपनी दादी से मिलने पीपली नायक जा रहे थे। रास्ते में त्रिवेणी शुगर मिल के पास चूनामणि चौराहे से महमूदपुर की ओर मुड़ते ही झाड़ियों से निकले तीन बदमाशों ने तमंचा तान दिया। डर के मारे अनुज रुक गए। गुंडों ने धमकियां देकर बाइक छीन ली और भाग निकले।

परिवार वाले बताते हैं कि ये बाइक तो महज 10 दिन पहले गदरपुर की कृष्णा मोटर्स से ली गई थी। अनुज ने जैसे-तैसे घर पहुंचकर सब बताया। थाने पहुंचे तो पुलिस ने घटना को झूठा समझकर अनुज को बुलाया और घंटों सवालों की बौछार की। परिवार का रोना है कि असली लुटेरों को पकड़ने की बजाय पुलिस पीड़ित पर ही शक कर रही है।

## वन विभाग ने दूसरे दिन भी नहीं लगाया पिंजरा, ग्रामीणों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव करीमपुर के जंगल में दो गोवंशीय पशुओं के शिकार के बाद भी तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने पिंजरा नहीं लगाया है जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई है।

शुक्रवार की देर रात तेंदुए ने दो छुट्टा गोवंश पशुओं को अपना शिकार बना लिया था।

शनिवार को जब किसान खेत पर पहुंचे तो गोवंश पशुओं का शिकार देखकर घबरा गए। और किसानों को समझने में देर नहीं लगी। और इस मामले की जानकारी वन विभाग को दी।

वनविभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर तेंदुए के पद चिन्ह तलाश किए। तेंदुए का शिकार हुए पशुओं को बजरंग दल नेता अर्जुन कुमार गुप्ता ने जे सी बी से गड्ढा खोदकर अवशेषों को दफन कर दिया था।

ग्रामीणों ने इस मामले में सब डिविजनल ऑफिसर ओमप्रकाश राम से शिकायत कर पिंजरा लगाने की मांग की है।

लेकिन रविवार का दिन बीतने के बाद भी वन विभाग ने पिंजरा लगाने की जहमत नहीं उठाई है। जिससे किसानों में दहशत व्याप्त हो गई है। किसानों ने महिलाओं व बच्चों को जंगल भेजना बंद कर दिया है। उधर वन दरोगा कुल. बीर सिंह ने बताया कि शीघ्र ही तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा।

## इंडियाज बेस्ट फाइटर ताइक्वांडो चौम्पियनशिप में प्रखर भाटिया ने जीता रजत पदक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सफलता समर्पण और अनुशासन की पहचान होती है और इसी का उदाहरण पेश किया है। रामपुर के एक होनहार खिलाड़ी प्रखर भाटिया ने हाल ही मुरादाबाद के अमन पब्लिक स्कूल में आयोजित इंडियाज बेस्ट फाइटर ताइक्वांडो चौम्पियनशिप में रामपुर शहर के इस प्रतिभाशाली बालक प्रखर भाटिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। प्रखर की इस उपलब्धि से परिवार, प्रशिक्षक और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

गर्व से झूमते पिता हरमेश भाटिया ने कहा कि मेरे बेटे ने इंडियाज बेस्ट फाइटर ताइक्वांडो चौम्पियनशिप में रजत पदक जीता है। मुझे अपने बेटे पर गर्व है।

ताइक्वांडो की कठिन और अनुशासित ट्रेनिंग के बावजूद इस युवा खिलाड़ी ने



दृढ़ इच्छाशक्ति और लगन से अभ्यास जारी रखा। प्रतियोगिता के दौरान उसने शानदार तकनीक, संतुलन और तेजी का प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया।

फाइनल मुकाबले में कड़ी टक्कर के बावजूद उसने अपनी दृढ़ता और खेल भावना से सभी का सम्मान अर्जित किया। कोच और प्रशिक्षकों ने प्रखर की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उसकी मेहनत का परिणाम है और आने वाले समय में वह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन करेगा। स्थानीय खेल प्रेमियों और मित्रों ने भी उसके घर पहुँचकर मिठाइयाँ बाँटी और शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर पेरेंट्स ऑफ ऑल स्कूल के अध्यक्ष गौरव जैन ने कहा कि प्रखर भाटिया की इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं में उत्साह की लहर है। बच्चे और युवा अब खेलों को लेकर और अधिक प्रेरित हो रहे हैं। यह तो बस शुरुआत है लक्ष्य गोल्ड मेडल और भारत का प्रतिनिधित्व करना है। उन्होंने बताया कि हर बच्चे में एक चौंपियन छिपा है, बस जरूरत है विश्वास, मेहनत और सही मार्गदर्शन की।

## समाज तभी आगे बढ़ेगा, जब राजनीति में प्रतिनिधित्व मिलेः कमल तुरैहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अन्तर्गत तहसील बिलासपुर, रामपुर में जिला स्तरीय तुरैहा मछुआ समाज की मासिक बैठक का आयोजन माता दुर्गा मन्दिर धर्मशाला, मोहल्ला शीरी मियाँ में किया गया। आज की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहां तुरैहा मछुआ समाज के बिखराव को दूर करने के उद्देश्य से बैठक अब हर माह किसी न किसी तहसील में रही है, जिससे समाज में संगठन की सहभागिता से अधिक से अधिक साथियों को जोड़कर संगठन का विस्तार भी किया जा रहा है। इसी के अन्तर्गत आज जिला स्तरीय बैठक का आयोजन तहसील बिलासपुर में हो रहा है जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने



कहां की बिलासपुर में मछुआ समाज की जनसंख्या अनाय जातियों के मुक. ाबले काफी अधिक है उसके बाद क्षेत्र के विधायक व मन्त्री सरदार बलदेव सिंह औलख के द्वारा समाज का कोई भी काम नही कराया जा रहा है और न कोई सुनवाई हो रही है। जबकि पूरा मछुआ समाज भाजपा समर्थित है।

समाज के लोगो को जानबूझकर राजनीति का शिकार बनाया जा रहा है, वर्तमान भाजपा सरकार से समाज को बहुत उम्मीद थी लेकिन अभी तक समाज की किसी भी जायज मांगों को लेकर बात की तो किसी ने उस पर कोई अमल नही किया जाता। यही कारण है आज कोई भी मांग समाज की पूरी नही हुई, इसके बाद भी कुछ तथाकथित समाज के हितैषी लोग केवल अपने हित व राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए समाज के लोगो का भरपूर इस्तेमाल कर रहे है जो उचित नही है।

आज के समय में समाज में फैली अनावश्यक कुरीतियों जैसे शराब एवं जुआ का तिरस्कार करना जरूरी है,आज शिक्षा बहुत जरूरी है इसके बिना न तो कोई नौकरी मिल सकती है और न कोई रोजगार किया जा सकता है। इसलिए समाज के हर परिवार को अपने बच्चों को शिक्षित जरूर कराये। अगामी पंचायत चुनाव को देखते हुए शीघ्र ही समाज पर हो रहे अत्याचार व भेदभाव दूर करने हेतु मांग पत्र सीधे मुख्यमन्त्री को दिया जायेगा। जिलाध्यक्ष ने बैठक का संचालन करते हुए बिलासपुर तहसील के अध्यक्ष बाल किशोर तुरैहा ने कहां की हमारी तहसील बिलासपुर में समाज की किसी भी मांग पर कोई सुनवाई नही हो पा रही है जिसके कारण समाज के लोगो में काफी रोष व गुस्सा है। बैठक को सम्बोधित करते हुए बताया की शीघ्र ही मछुआ तुरैहा समाज की महिला कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा। आज की बैठक में बिलासपुर शाखा के अध्यक्ष बाल किशोर तुरैहा, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. कृपाल सिंह तुरैहा, उपाध्यक्ष हरि शंकर, जिला महामन्त्री गोविंद राम तुरैहा, सीता राम, पप्पू भाई, मनोहरी लाल, दीपक कुमार, रामकिशोर तुरैहा, बाल किशन, प्रीतम तुरैहा, राजा राम, राजेश कुमार, धर्म सिंह, चेतराम, जुगल किशोर, अनिल, किशोर, धर्म सिंह तुरैहा, ओम प्रकाश, शिवकुमार तुरैहा, आशा राम तुरैहा, छत्रपाल तुरैहा, विनोद कुमार एडवोकेट, अनिल कुमार, जबर सिंह पंडित, दौलतराम तुरैहा, रामसरन तुरैहा आदि उपस्थित रहे।

# गुरु नानक देव जी महाराज के 556वें प्रकट दिवस पर धूमधाम से निकाला गया नगर कीर्तन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरु नानक देव जी महाराज जी के 556वे आगमन दिवस के उपलक्ष में गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा जी बीपी कॉलोनी सिविल लाइंस रामपुर मैं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इसी परिपेक्ष में दिनांक 2 नवंबर 2025 को दोपहर 3:00 बजे विशाल नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री कलगीधर साहिब खालसा मोहल्ला से आरंभ हुआ। नगर कीर्तन में सबसे आगे जीप एवं एम्बुलेंस उसके उपरांत पीछे 11 घोड़ों पर निहंग सवार होकर चल रहे थे तथा घोड़े करतब भी दिखा रहे थे।

घोड़े के पीछे ताशे वालों की टीम चल रही थी उसके बाद कई करें थी तथा सोनी बैंड , गतका पार्टी मोदी अकैडमी, मिल्टन स्कूल, गुरु नानक पब्लिक स्कूल, गुरु रामदास पब्लिक स्कूल, तारक एकेडमी स्कूल , व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल , गुरु नानक इंटर कॉलेज, गुरु नानक पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल, भाई जी बाबा गुरुद्वारे के छोटे-छोटे बच्चों की पीटी टीम आदि के बच्चे अलग-अलग आइटम पीटी टीम, भांगड़ा , बैंड ढोल



की टीम के रूप में करतब दिखा कर चल रहे थे।

शब्दी जत्थों में खालसा मोहल्ला का शब्दी जत्था बाबा दीप सिंह नगर का शब्द जत्था ,संत भाई जी बाबा गुरुद्वारा का नाम सिमरन जत्था , श्री सुखमनी सेवा समिति का शब्द जत्था आदि गुरबाणी शबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे। प्रचारक के रूप में डाढ़ी जत्थे भी चल रहे थे जो गुरु नानक देव जी महाराज के आगमन पूरब पर पर इतिहास पर प्रकाश डाल रहे थे। नगर कीर्तन में सोनी बैंड, मस्ताना बैंड चल रहे थे।

गतका पार्टी में बच्चों द्वारा जगह जगह गतका करके करतब दिखा रहे थे। नगर कीर्तन के अंत में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी फूलों से सजी बस में विरा. जमान थे तथा सवारी साहब के पीछे नाम सिमरन जत्था की महिलाएं कीर्तन करती हुई चल रही थी सवारी साहिब के आगे नगर पालिका रामपुर का पानी का टैंकर चल रहा था जो सड़क पर पानी का छिड़काव करते हुए चल रहा था तथा झाड़ू की सेवा अजीत सिंह की टीम द्वारा की जा रही थी उसके आगे फूलों की गाड़ी, सिंह सिंहड़ियां, निशानची, पंज प्यारे चल रहे थे। कीर्तन कर रहे थे।

प्रबंधक कमेटी के प्रधान दर्शन सिंह खुराना, मीत प्रधान गुरचरण सिंह आहूजा भूपेंद्र सिंह आहूजा सेक्रेटरी त्रिलोचन सिंह वाधवा, मेंबर सुरेंद्र सिंह चावला, महेंद्र सिंह होरा , अमरजीत सिंह, हरीश अरोड़ा, राधे श्याम अरोड़ा, संतोख सिंह खालसा ,प्रेम अरोड़ा, गुरजीत सिंह माटा, हरपाल सिंह, पपिंदर सिंह, रविंदर सिंह, जसमीत सिंह, धनवंत सिंह नागपाल, तरनदीप सिंह ग्रोवर,सचिन गुलाटी, राज सिंह, कंवलजीत सिंह कथुरिया, सुरेंद्र सिंह, तनप्रीत सिंह, गुरिंदर सिंह, पुपिंदर सिंह, अकाल कृपा फाऊंडेशन के जत्थेदार जोगा सिंह, परविंदर सिंह, विक्रम सिंह, मुख्य ग्रंथि सेवा सिंह एवं गुरदेव सिंह, सतविंदर सिंह आहूजा, पारस अरोड़ा, विनदर पाल सिंह खुराना, प्रसाद के स्टाल लगाकर इंदर पाल सिंह, अकाल कृपा फाउंडेशन एवं अमरीक सिंह डेयरी वाले, जोग अरोड़ा जुबल परिवार, आशु, वेद आहूजा , साहिब मान सिंह चड्ढा कंपनी आदि अपनी अपनी सेवाएं करते हुए चल रहे थे नगर कीर्तन की संपूर्ण समाप्ति रात्रि लगभग 9:00 बजे हुई तथा नगर कीर्तन में स्टाल लगाने एवं सेवाएं देने बालों को सम्मानित किया गया तथा गुरुद्वारा साहिब में गुरु के अटूट लंगर बांटे गए।

नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब में पहुंचने पर प्रबंधक कमेटी के प्रधान दर्शन सिंह खुराना ने सभी संस्थाओं, जत्थेबंदियों, शब्दी जत्थों, नगर कीर्तन के मार्ग में स्टाल लगाकर प्रसाद की सेवा करने बाली संस्थाओं तथा नगर कीर्तन को चलाने वाले प्रबंधको एवं नगर कीर्तन में किसी भी प्रकार की सेवा करने वालों का सहयोग देने के लिए बहुत बहुत धन्यवाद किया गया।

## जंगली हाथियों के हमले में खेत की झोपड़ी में सो रहे ग्रामीण की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** पड़ोसी देश नेपाल सीमा से आए हाथियों के झुंड ने शनिवार रात एक ग्रामीण को पटककर मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पहचान ग्राम ढकिया निवासी पन्नू (75 वर्ष) के रूप में हुई है, जो खेत पर झोपड़ी (झाला) बनाकर रहता था। जानकारी के मुताबिक देर रात हाथियों का झुंड सीमावर्ती जंगल से गांव के खेतों की ओर आया।

इस दौरान खेत पर सो रहे पन्नू पर हाथियों ने हमला कर दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर झुंड जंगल की ओर भाग गया, लेकिन तब तक पन्नू की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर वन विभाग

और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। क्षेत्र में हाथियों के लगातार प्रवेश से लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। ध्यान रहे कि पिछले कई माह से पड़ोसी देश नेपाल की शुक्ल फांटा सेंचुरी से हाथियों के झुंड पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल में घूम रहे हैं जो किसानों की फसलों को तबाह कर रहे हैं। इसके बावजूद पीलीभीत टाइगर रिजर्व और सामाजिक वानिकी वन प्रभाग ने इन्हें खदेडने के कोई प्रयास नहीं किए।

## सरकारी धान केंद्र पर फर्जी धान खरीद के मामले को हजम कर गए अफसर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** 4 दिन पूर्व मंडी स्थित सरकारी धान खरीद को लेकर पीसीयू के केंद्र पर गड़बड़ी मिलने के बाद भी अब तक जिम्मेदारों ने कोई कार्रवाई नहीं की है, जिससे आला अफसरों की भूमिका संदिग्ध हो रही है।

पीलीभीत में बीते 3 दिन पूर्व पीलीभीत मंडी परिसर के भीतर बनाये गए धान क्रय केंद्र पर छापेमारी के दौरान डिप्टी आरएमओ और मंडी सचिव की मौजूदगी में क्रय केंद्र पर हो रही तौल के समय मौके पर किसान की गैर मौजूदगी और किसान के दस्तावेजों के बिना ही तौल कराई जा रही थी।

जिसको लेकर डिप्टी आरएमओ ने केंद्र प्रभारी सहित एएमओ को जमकर फटकार लगाई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भी अब तक पीसीयू प्रबंधक एवं मंडी सचिव एवं खाद्य विपणन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

इन दिनों जनपद में सरकारी क्रय केंद्रों पर धड़ल्ले से फर्जी धान खरीद की जा रही, किसान अपनी फसल की औने पौने दामों पर बेचने को मजबूर है।

# टांडा पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** स्थानीय पुलिस ने रविवार को बाइक चोरी की घटना का पर्दा फाश करते हुए एक आरा. ेपी को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया।जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

नगर के मोहल्ला रांड ईद वाली बगिया निवासी मोहम्मद शफी उर्फ भूरा ने रविवार को थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी थी,जिसे अज्ञात चोर चुरा ले गए।

शिकायत पर पुलिस द्वारा अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी गई।

रविवार को जब पुलिस नगर में गश्त पर थी,तब नगर के ठंडी सड़क तिराहे के पास संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए पुलिस ने मोहम्मद अनवार निवासी मोहल्ला रांड को पकड़ लिया।

पूछताछ में उसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई।जिसे अभियुक्त ने चोरी की होना कबूल किया।

पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।




## कढेरचौरा में 4 नवंबर को सजाया जाएगा श्री खाटू श्याम का विशाल दरबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव कढेरचौरा में 4 नवंबर को श्री खाटू श्याम का विशाल दरबार सजाया जाएगा। पिछले वर्ष कढेरचौरा में ग्राम वासियों ने बाबा का दरबार 14 नंबर को सजाया गया था स इस वर्ष बाबा के आर्शीवाद और सभी क्षेत्रवासी और ग्राम वासियों के सहयोग से 4 नंबर को भव्य एवं विशाल दरबार सजाया जा रहा है जिसमें सभी भक्त सादर आमंत्रित हैं। इस अवसर पर पूरनपुर के खाटू श्याम संकीर्तन के चर्चित सिंगर कुणाल गुप्ता द्वारा सुंदर-सुंदर प्रस्तुति दी जाएगी। टीवी सिंगर रामकुमार सिंह लक्खा द्वारा बाबा के चरणों में हाजिरी लगाई जाएगी। लेडीज कलाकार मेघा पांडे द्वारा बाबा के सुंदर-सुंदर भजनों द्वारा बाबा को मनाया जाएगा। सभी श्रद्धालु भक्त बाबा के दरबार में आए और अपनी हाजिरी लगाकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें। खाटू श्याम बाबा




का जन्मोत्सव कार्तिक शुक्ल पक्ष की देवउठनी एकादशी के दिन मनाया जाता है।

# मेला ड्यूटी से गायब 9 पुलिसकर्मियों को एसपी ने किया निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर लगी ड्यूटी के दौरान ड्यूटी से गायब मिलने वाले 2 दरा. गाओं सहित 9 पुलिस कर्मियों को एसपी ने निलंबित कर दिया है। एसपी की इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।

गढ़मुक्तेश्वर में लगने वाले ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा मेले में गंगा स्नान करने के लिए लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु की सुरक्षा को लेकर मेले में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। श्रद्धालु की सुरक्षा के मद्देनज़र उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से भी पुलिस को बुलाया गया है। कार्तिक पूर्णिमा मेले को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कसी हुई है। लगातार पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मेले का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। इसी क्रम में एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह मेले में गंगा घाट और भीड़भाड़ वाले स्थान आदि का निरीक्षण कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान कई पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी से गैरहाजिर मिले। एसपी ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर ड्यूटी पर लापरवाही बरतने वाले जनपद औरैया के दरोगा अशोक पाल, कानपुर के दरोगा सुदेश कुमार, जनपद मेरठ के थाना नसीरपुर के हेड कांस्टेबल संदीप, फिरोजाबाद के हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र, कानपुर नगर के हेड कांस्टेबल अजीत सिंह, मुजफ्फरनगर के कांस्टेबल सचिन गौतम, एटा के कांस्टेबल आशीष कुमार, मेरठ के कांस्टेबल राहुल देव, मेरठ के थाना लोहिया नगर की महिलाओ कांस्टेबल मिनी कुशवाहा को निलंबित कर दिया है। एसपी की इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। एसपी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। कार्तिक पूर्णिमा मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# बर्तन व्यापारी ने की आत्महत्या, छोड़ा सुसाइड नोट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक बर्तन व्यापारी ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बर्तन व्यापारी ने सुसाइड नोट में अपने पिता और पुत्र समेत चार लोगों पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है। शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र के कसेरठ बाजार निवासी 75 वर्षीय बर्तन व्यापारी वेद प्रकाश अग्रवाल ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। बर्तन व्यापारी के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ। जिसमें पिता और पुत्र समेत चार लोगों पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि बर्तन व्यापारी वेद प्रकाश अग्रवाल अंबा मेटल्स के नाम से बर्तन का व्यापार करते थे। शनिवार की शाम वह अपनी दुकान बंद कर अपने घर पहुंचे और खाना खाने के बाद अपने कमरे में चले गए। सुबह जब परिजनों ने उन्हें मृत अवस्था में देखा तो उनके होश उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बर्तन व्यापारी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि मृतक बर्तन व्यापारी के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। जिसमें पिता पुत्र समेत चार लोगों पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगा है। जिसकी जांच की जा रही है। बर्तन व्यापारी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# अस्पताल में प्रसव के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना थाना क्षेत्र में एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। महिला के परि. जनों ने अस्पताल के चिकित्सकों पर महिला के प्रसव के दौरान लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया।

मिली जानकारी के अनुसार मामला धौलाना थाना क्षेत्र के पिपलेड़ा में स्थित अल हयात हॉस्पिटल का है। जहाँ प्रसव पीड़ा के चलते गांव की ही शमा नामक महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरा. प है कि ऑपरेशन के दौरान अस्पताल के अप्रशिक्षित स्टाफ ने ऑपरेशन के नाम पर महिला के पेट पर लंबा चीरा लगा दिया। उसके बाद महिला के शरीर से शुरू हुआ रक्तस्राव रुक नहीं पाया। अत्यधिक रक्तस्राव के चलते महिला की मौत हो गई। जबकि नवजात को मशीन में रख दिया गया। महिला के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ जमकर हंगामा किया। मामले की सूचना मिलती है पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मामले में जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देते हुए परिजनों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। धौलाना थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और महिला के परि. जनों की तहरीर के आधार पर संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच



# शादी के तीन दिन बाद फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अल्वी नगर में शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक नवविवाहित युवक का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस पूरे मामले की जाँच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला अल्वी नगर में निवासी 26 वर्षीय सुहेल मजदूरी का कार्य करता था। सुहैल की शादी तीन दिन पूर्व जनपद गाजियाबादा के थाना लोनी क्षेत्र के गांव बदरपुर निवासी शबनम से हुई थी। शादी के बाद चाहिए वह अपनी पत्नी शबनम के साथ रह रहा था। शनिवार की देर शाम तक भी जब सुहैल अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों को शक हुआ। परिजनों ने सुहैल को आवाज लगाई तो उसका कोई जवाब नहीं आया। संदेह होने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़कर देखा तो उनके होश उड़ गए। सुहेल का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। शव लटका देख परिजनों में को. हराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पुलिस मामले की जाँच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक श्योपाल सिंह ने बताया कि युवक के शव को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की जाँच जारी है।



# मृतकों के परिजनों से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** टटीरी कस्बे के पास शुक्रवार को सब्जी से भरे पिकअप के खाई में गिरने से हुए सड़क हादसे के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिला अध्यक्ष बागपत चौधरी रामकुमार सिंह के नेतृत्व मे कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। हादसे में जान मौहम्मद, असफाक व रज्जू की मौके पर ही मौत हो गई थी।

इस मामले में वास्तु स्थिमि की जानकारी के लिए काग्रेस कमेटी का प्रतिनिधि मंडल गांव डोला पहुंचा। इस दौरान मृतको के परिवार व घायलों के परिवार वालों से मुलाकात की और उनको सात्वना दी और मृतकों व घायलो के प्रति गहरा दुख प्रकट किया और उनका सहास बढाया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने भी कॉल पर पीड़ित परिजनों से वार्तालाप की और हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया। काग्रस. जनों ने प्रशासन से मृतक के परि. जनों को 5-5 लाख व घायलों के परिजनों को 3-3 लाख आर्थिक मदद की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से बड़ौत शहर अध्यक्ष कांग्रेस रामहरि पंवार, पूर्व पीसीसी देवेन्द्र चौहान, सरफराज एडवोकेट, फरीद बूम राणा, डा सुभाष शर्मा व बिजेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।



# पूजा कर रहे पंडित के साथ की मारपीट, श्रद्धालुओं में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढमुक्तेश्वर।** तीर्थनगरी ब्रजघाट में बेखौफ दबंगों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रसिद्ध ब्रजघाट गंगा घाट पर पूजा कर रहे पंडित सतपाल के साथ कुछ दबंगों ने मारपीट की और पूजा का सामान फेंक दिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस भी हरकत में आ गई।

जानकारी के अनुसार, पंडित सतपाल पिछले 15 वर्षों से ब्रजघाट के मुख्य घाट पर रहकर श्रद्धालुओं के लिए पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान करवाते हैं। रविवार की सुबह वह गंगा घाट पर पूजा की तैयारी में लगे थे,तभी तीन से चार युवक वहां पहुंचे। बताया जा रहा है कि युवक नशे में थे। उन्होंने पंडित से अभद्रता की,पूजा का सामान उठाकर फेंक दिया और विरोध करने पर पंडित के साथ मारपीट भी की। आसपास में मौजूद श्रद्धालुओं ने किसी तरह पंडित को बचाया। मारपीट की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित पंडित सतपाल ने बताया कि वह वर्षो से घाट पर पूजा कर रहे है। आज तक किसी से विवाद नहीं हुआ। लेकिन कुछ दबंगों ने उनकी पूजा बिगाड़ी, सामान फेंक दिया और उनके साथ मारपीट की। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल भी अब असुरक्षित हो गए हैं। गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि ब्रजघाट पर पंडित सतपाल के साथ मारपीट का वीडियो संज्ञान में आया है। पुलिस टीम को जांच के निर्देश दिए गए हैं। आरोपियों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। घाट पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी।



## एक नजर

### चोरी की मोटर साइकिल के साथ वाहन चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से थाना क्षेत्र से चोरी की गयी एक मोटर साइकिल बरामद की है। गढ़मुक्तेश्वर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के चकलठीरा तिराहे के पास चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को एक बाइक सवार आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पुलिस ने जब उसे पकड़कर पूछताछ की तो पता चला कि बाइक सवार एक शातिर किस्म का वाहन चोर है और मोटरसाइकिल चोरी की है। बाइक सवार की पहचान लोकेश पुत्र गरीबा निवासी ग्राम कांकाठेर की मढैया थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड के रूप में हुई है। जिसके कब्जे से थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र से चोरी की गयी मोटर साइकिल बरामद कर वाहन चोर को सलाखों के पीछे पंहुचा दिया गया है।

### शूज स्टोर में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, चोरी के समान के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** थाना सिम्भावली पुलिस ने सोनू शूज स्टोर में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्ज़े से चोरी का सामान बरामद किया है। सिंभावली थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश पाल ने बताया कि थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा सोनू शूज स्टोर में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश संदीप उर्फ चूहा पुत्र लखीराम निवासी न्यू भीमनगर थाना हापुड देहात जनपद हापुड को आरएसके इन्टर कॉलेज के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से चोरी के 4 जोड़ी जूते बरामद किए गए है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है जो थाना हापुड़ देहात का हिस्ट्रीशीटर है जिसके खिलाफ जनपद हापुड़ में आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार कर उसे कब से पर चोरी का

# कल्याण करोति संस्था द्वारा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर सम्पन्न

**मथुरा।** श्रीमद् जगद्गुरू पीपादाचार्य बलरामदास देवाचार्य महाराज ने कहा कि सच्ची पूजा वही है जो मानवता की सेवा से जुड़ी हो। किसी व्यक्ति की दृष्टि लौटाना केवल चिकित्सा नहीं, बल्कि उसके जीवन में आशा और आत्मबल का संचार करना है। यह कार्य ईश्वर की उपासना के समान है। नेत्र ही जीवन का दीपक हैं। जब किसी व्यक्ति की आँखों में पुनः प्रकाश आता है, तो वह केवल देखता ही नहीं, बल्कि जीवन को नए अर्थों में समझने लगता है। इस प्रकार के शिविर समाज में करुणा और सहयोग का प्रतीक हैं, जहाँ प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्य को सेवा के रूप में निभाता है। यह निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर कल्याणं करोति नेत्र संस्थान के सौजन्य से तथा करुणानिधान सेवा ट्रस्ट, कोलक. ाता के सहयोग से कल्याणं करो. ति नेत्र संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। ट्रस्ट के प्रबंध ट्रस्टी आनन्द अग्रवाल ने कहा कि कल्याणं करोति नेत्र संस्थान ने नेत्र चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में जो संवे. दनशीलता और समर्पण प्रदर्शित किया है, वह वास्तव में प्रेरणादायक है। संस्था जरूरतम. ंदों के जीवन में उजाला लाने का कार्य कर रही है, जो सच्चे अर्थों में समाजसेवा है। हमें गर्व है कि मथुरा जैसी पुण्यभूमि से यह सेवा मिशन निरन्तर आगे बढ़ रहा है कल्याण दास अग्रवाल (बृजवासी) ने कहा कि संस्थान के महासचिव सुनील कुमार शर्मा और उनकी टीम जिस समर्पण और निष्ठा से कार्य कर रही है, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने जिस भाव से जरूरतमंदों तक चिकित्सा सेवाएँ पहुँचाई हैं, वह समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुझे विष्वास है कि इस संस्थान का यह मानवीय प्रयास आने वाले समय में और भी अधिक लोगों के जीवन में प्रकाश लाएगा कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि इस निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में दूर-दराज के क्षेत्रों से आये कुल 3,407 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 1100 नेत्र रोगियों की शल्य चिकित्सा विषेष चिकित्सीय टीम द्वारा की गई। सभी रोगियों के लिए दवा, चश्मा, भोजन, पलंग-बिस्तर आदि की समस्त व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क की गई। उन्होंने आगे कहा कि "कल्याणं करोति नेत्र संस्थान का उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक कारणों से अपनी दृष्टि से वंचित न रहे। आगामी महीनों में और भी नेत्र शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि सेवा का यह अभियान निरंतर चलता रहे। कार्यक्रम का संचालन निरूपम भार्गव द्वारा किया गया। इस अवसर पर इन्द्रा अग्रवाल, माही अग्रवाल, मयंक, मुकेश खण्डेलवाल, एडवोकेट, खेमचन्द्र शर्मा, पूर्व चेयरमैन नगर पालिका, गोवर्धन, हिर्देश सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# कलैक्ट्रेट में वकीलों ने बना डाले बिना अनुमति चेंबर, सिटी मजिस्ट्रेट ने हटवाए



**मथुरा।** कलेक्ट्रेट परिसर में वकीलों द्वारा अवैधानिक तरीके से बनाए गए अस्थाई दर्जनों टीन शेड चौंबरों को उखड़वा दिया गया हैं। कलेक्ट्रेट की कैंटीन के समीप रिक्त पड़ी भूमि पर लंबे समय से वकील समुदाय के लोग चेंबर बनाने पर अड़े हुए थे। इस संबंध में तत्कालीन जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने शासन से भी पत्राचार किया था जिसमें शासन ने स्पष्ट रूप से उक्त भूमि पर चौंबर निर्माण की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। पिछले माह जिला अधिकारी सीपी सिंह ने भी बार एसोसिएशन के पदाधिकरियों से इस भूमि पर चौंबर निर्माण नहीं करने का आग्रह किया था। उसे सब के बावजूद वकीलों के एक तबके ने पुलिस कार्यालय के समीप बनी कैंटीन के पीछे से कलेक्ट्रेट की कैंटीन तक रास्ते पर टीन शेड डालकर दर्जनों चौंबर बना लिए। इसी स्थान पर कलेक्ट्रेट के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के आवास बने हुए हैं। आज जब कलक्ट्रेट कर्मी सुबह पहुंचे तो वहां चौंबर बने देख उनका माथा ठनक गया सभी दौड़े दौड़े नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार के पास पहुंचे। नगर मजिस्ट्रेट ने मौके पर आकर देखा तो वह भी अचंभित रह गए। उन्होंने मौके पर निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को डपटते हुए बैल्डिंग कटर से सभी चेंबर के लोहे के पाइप कटवाना शुरू कर दिया। टीन शेड चेंबर का मलबा जमा करा दिया गया है।

# मंगलाभिषेक के बाद श्रृंगार दर्शन कर भक्त हुए भाव विभोर



**गोवर्धन।** जन-जन के आराध्य गिरिराज प्रभु का मंगलाभिषेक के बाद हुए श्रृंगार के दर्शन कर भक्त भाव विभोर नजर आए। भगवान कृष्ण की प्रमुख लीलास्थली गोवर्धन में देवोत्थान एकादशी पर भक्ति की धारा प्रभावित हुई। गिरिराज नगरी में रविवार को भक्ति की धारा में प्रभावित हुई। तलहटी के दानघाटी मंदिर में गिरिराज जी के मंगला बेला में किए पंचामृत के महाअभिषेक व शाम की बेला में हुए फूल बंगले के दर्शन के लिए भक्त भावुक दिखाई दिए। गिरिराज प्रभु की छवि को भक्त अपलक निहारते रहे। दानघाटी मंदिर के सेवाधिकारी मथुरा दास कौशिक लाला पंडित के सानिध्य में गिरिराज जी का मंगला बेला में गाय के दूध, दही, घी, शहद व मानसी गंगा के जल से अभिषेक किया गया। गिरिराज के अभिषेक के बाद इत्र लगाकर मालिश की गई। मंगला बेला की तुलसी दल के साथ पोशाक धारण कराई और आरती उतारी गई। इस अवसर पर सेवाधिकारी लाला पंडित ने बताया कि बालकृष्ण स्वरूप में गिरिराज देव की पूजा है। बाल्यभाव में गिरिराज प्रभु को सुबह की बेला में प्रेम पूर्वक जगाकर मंगलाभिषेक किया जाता है। सांय बेला में गिरिराज महाराज श्रीकृष्ण के स्वरूप में सजाकर पोशाक धारण, हाथ में बांसुरी और सिर पर मुकुट धारण किया जाता है। सेवायत पवन कौशिक ने प्रभु के मनोरथ में भव्य फूल बंगला सजाकर छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया। इस दौरान मंदिर प्रांगण में प्रभु के दर्शन को भक्तों की कतार लगी रही। आयोजन के दौरान जगदीश प्रोहित, मोनू प्रोहित, कन्हैयालाल शर्मा, सतीश कौशिक, मीनालाल पुजारी आदि मौजूद रहे।

# सुंदर की पारी ने भारत को दिलाई बराबरी

## तीसरे टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया




**होबार्ट, वार्ता।** वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 49) की आतिशी पारी के दम पर भारत ने रविवार को तीसरे टी-20 मुक. ाबले में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली।

ऑस्ट्रेलिया के 186 रनों के जवाब में भारत ने 18.3 ओवर में पांच विकेट पर 188 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। सुंदर ने 23 गेंदों पर नाबाद 49 रनों की मैच विजयी पारी में तीन चौके और चार छक्के लगाए। जितेश शर्मा ने मात्र 13 गेंदों में तीन चौकों की मदद से नाबाद 22 रन बनाकर उनका बखूबी साथ दिया। जितेश ने भारत के लिए मैच विजयी चौका मारा।

मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 33 रन जोड़े। भारत का पहला विकेट चौथे ओवर में अभिषेक शर्मा 16 गेंदों में (25) के रूप में गिरा। उन्होंने अपनी पारी में दो छक्के और दो चौके लगाए। उन्हें नेथन एलिस ने आउट किया। छठे ओवर में एलिस ने शुभमन गिल (15) को भी अपना शिकार बना लिया। इसके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने पारी को संभालने का प्रयास किया और तेजी के साथ रन बओंरे। आठवें ओवर में मार्कस स्टॉयनिस ने सूर्यकुमार यादव को आउटकर भारत को तीसरा झटका दिया। सूर्यकुमार यादव ने 11 गेंदों में दो छक्के और एक चौका लागते हुए 24 रन बनाये। अक्षर पटेल 12 गेंदों में 17 रन बनाकर आउट हुए। अक्षर पटेल का विकेट गिरने के बाद मैदान पर आये सुंदर ने तिलक वर्मा के साथ पांचवें विकेट के लिए 34 रन जोड़े। तिलक वर्मा 26 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से 29 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन उसके बाद सुंदर ने जितेश के साथ भारत को जीत की मंजिल पर पहुंचा दिया।

ऑस्ट्रेलिया के लिए नेथन एलिस ने 36 रन देकर तीन विकेट लिए। मार्कस स्टॉयनिस और जेवियर बार्टलेट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया की पारी में तीन विकेट लेने वाले अर्शदीप सिह को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने आज यहां पहले बल्लेबाजी करते हुए टिम डेविड (74) और मार्कस स्टॉयनिस (64) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 186 रन बनाये थे। ऑस हारने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 14 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। ट्रैविस हेड (छह) और जॉश इंगलिस एक रन बनाकर आउट हुए। दोनों बल्लेबाजों को अर्शदीप सिह ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये टिम डेविड ने कप्तान मिचेल मार्श के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी हुई। नौवें ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने मिचेल मार्श (11) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। वरूण ने इसी ओवर में मिचेल ओवेन (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया।

# विदेश में होगी आईपीएल की नीलामी!

- **हमेशा की तरह संभावित स्थल खाड़ी क्षेत्र में कहीं माना जा रहा है**



**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल नीलामी स्थल को लेकर सोच में बदलाव होता दिख रहा है, जिसके अब विदेश में आयोजित होने की संभावना है। हालांकि फ्रेंचाइजियों को अभी तक आधिकारिक तौर पर शहर के बारे में सूचित नहीं किया गया है, लेकिन उन्हें इसके बारे में संकेत जरूर दिए गए हैं। हमेशा की तरह, संभावित स्थल खाड़ी क्षेत्र में कहीं माना जा रहा है। संयुक्त अरब अमीरात में अबू धाबी एक मजबूत संभावना है, लेकिन ओमान और कतर जैसे अन्य मध्य पूर्वी स्थानों पर भी विचार किया जा रहा है। यह घटनाक्रम पहले की योजना से बिल्कुल अलग है, जब ऐसा लग रहा था कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) भारत में ही नीलामी आयोजित करने का इच्छुक है। हालांकि, अब एक आदर्श स्थान हासिल करने में चुनौतियां नजर आ रही हैं, क्योंकि निर्धारित समय देश में त्योहारों और शादियों के मौसम से टकरा रहा है। जैसा कि पहले बताया गया था, नीलामी दिसंबर के मध्य में होने की संभावना है - कुछ दिन कम या ज्यादा - संभवत: महीने के दूसरे भाग में। बीसीसीआई द्वारा 15 नवम्बर से पहले तारीख और स्थान की औपचारिक घोषणा करने की उम्मीद है, जो कि आईपीएल 19 से पहले फ्रेंचाइजियों के लिए अपने रिटेंशन और रिलीज की सूची जमा करने की अंतिम तिथि है। समय सीमा बमुश्किल दो हफ्ते दूर है, खिलाड़ियों के रिटेंशन और रिलीज को लेकर चर्चाएं तेज हो रही हैं, और संजू सैमसन के संभावित व्यापार की चर्चा - जिसकी रिपोर्ट सबसे पहले क्रिकबज ने दी थी - मुख्य चर्चा का विषय बनकर उभर रही है। कई फ्रेंचाइजी भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज को लगातार उच्च दर्जा दे रही हैं, भले ही वह हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## संजीव-मानसी ने जीता मैंगलोर इंडिया इंटरनेशनल चैलेंस का खिताब

**मैंगलोर, वार्ता।** भारत के ऋत्विक संजीव और मानसी सिंह ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रविवार को मैंगलोर इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज 2025 बैडमिटन टूर्नामेंट में क्रमशः पुरुष और महिला एकल वर्ग के खिताब जीते। यहां उरवा इंडोर स्टेडियम में 22 वर्षीय ऋत्विक संजीव ने पुरुष एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में हमवतन रौनक चौहान को 14-21, 21-19, 21-19 से हराया। यह इस सीजन में ऋत्विक संजीव का पहला खिताब है। इस भारतीय बैडमिटन खिलाड़ी ने पिछले साल दिसंबर में तेलंगाना इंटरनेशनल चैलेंज जीतने के बाद ओडिशा मास्टर्स बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 स्पर्धा भी जीता था।

## सचिव को सीसीआई के आदेश पर कार्रवाई करने का अधिकार

**चेन्नई, वार्ता।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) ने सचिव देव ए पटेल को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा कई साल पहले जारी किए गए आदेश के संबंध में आगे की कार्रवाई तय करने के लिए अधिकृत किया है।

यह जानकारी एक शीर्ष अधिकारी ने दी। यह बहुप्रतीक्षित वार्षिक आम बैठक 30 अक्टूबर को गोवा के एक पांच सितारा होटल में आयोजित की गई, जिसमें राज्य शतरंज संघों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। हैरानी की बात यह है कि बैठक बुलाने वाले नोटिस में समय या स्थान का उल्लेख नहीं था। सूत्रों ने यूनीवार्ता को बताया कि बैठक शाम 6:30 बजे शुरू हुई, जिसमें अध्यक्ष नितिन नारंग व्यक्तिगत और ऑनलाइन दोनों ही रूप से अनुपस्थित रहे।

## नैशविले ने मेसी के हमले से बचकर प्लेऑफ मे सीरीज बराबर की

- **नैशविले ने इंटर मियामी के खिलाफ अपने आप को तीसरे मैच में पहुंचा दिया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** नैशविले ने इंटर मियामी के खिलाफ अपने पहले दौर की एमएलएस प्लेऑफ सीरीज को निर्णायक तीसरे मैच में पहुंचा दिया, जब उसने इंटर मियामी को 2-1 से हराया। इंग्लैंड के स्ट्राइकर सैम सुरिज ने शनिवार को गोलकीपर रोक्को रियोस नोवो द्वारा गिराए जाने के बाद पेनल्टी स्पॉट से मेजबान टीम को बढ़त दिलाई।

जोश बाउर ने हनी मुख्तार के कॉर्नर पर दूर पोस्ट पर शॉट मारकर बढ़त दोगुनी कर दी। मेहमानों ने कप्तान लियोनेल मेसी के जरिए एक गोल किया, जिन्होंने 90वें मिनट में 18 गज की दूरी से ऊपरी दाएं कोने में एक गोल किया। इस नतीजे के साथ सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है, और निर्णायक मैच 8 नवम्बर को इंटर मियामी के चेज स्टेडियम में खेला जाएगा। नैशविले के कोच ब्रायन कैलाघन ने कहा कि यह एक ऐसी टीम थी जो आक्रामक और तीव्र खेल के लिए प्रतिबद्ध थी और लंबे समय तक ऐसा करने में सक्षम थी।

यह एक चुनौती थी जो हमने खुद के लिए तय की थी और हम अपनी योजना को अंजाम देने में कामयाब रहे। इंटर मियामी के मैनेजर जेवियर माशेरानो ने अपनी टीम की गोल करने के मौके न बना पाने पर, खासकर मैच के शुरुआती दौर में, अफसोस जताया। माशेरानो ने कहा कि हम पहले हाफ में लियो (मेसी) को अच्छी पोजीशन में नहीं पा सके और आखिरी तीसरे हिस्से में हमारी सटीकता की कमी रही।हमारे विरोधी पूरी तारीफ के हकदार हैं।

# पीएम ने एशियाई युवा खेलों में भारत के प्रदर्शन की सराहना की



**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के युवा एथलीटों को एशियाई युवा खेल 2025 में उनके ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए आज बधाई दी,

जहां देश ने रिकॉर्ड 48 पदक हासिल किए। अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर मोदी ने उनके जुनून, धैर्य और समर्पण की सराहना की और उन्हें निरंतर सफलता की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया कि हमारे युवा एथलीओं ने एशियाई युवा खेल 2025 में अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ 48 पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने आगे कहा कि दल को बधाई। उनका जुनून, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत साफ दिखाई दे रही है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। भारत की पदक तालिका में विभिन्न खेलों में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक शामिल हैं, जो देश के बढ़ते प्रतिभा भंडार और मजबूत होते खेल पारिस्थितिकी तंत्र को दर्शाता है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि से नई पीढ़ी के एथलीओं को ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने और अंतर्राष्ट्रीय खेल जगत में भारत के बढ़ते कद में योगदान देने की प्रेरणा मिलने की उम्मीद है। एशियाई युवा खेल 2025 युवा खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुए हैं और भारत का एक मजबूत दावेदार के रूप में उभरना एथलेटिक प्रतिभाओं को निखारने पर बढ़ते जोर को दर्शाता है।

# बाबर-शाहीन ने पाक को जिताया

- **बाबार आजम ने 47 गेंदों में 68 रनों की जबरदस्त पारी खेली**

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान के घरेलू दर्शकों को आखिरकार वो मिल गया जिसकी उन्हें लम्बे समय से तलाश थी: बाबर आजम की जबरदस्त पारी और सीरीज जीत। 47 गेंदों में उनकी 68 रनों की तेज पारी - टी20 अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में उनका 40वां 50 स्कोर-लाहौर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मेजबान टीम के 140 रनों के लक्ष्य का पीछा करने की नींव थी, जिसकी बदौलत पाकिस्तान ने एक ओवर शेष रहते चार विकेट से जीत हासिल की और टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। रात की शुरुआत शाहीन अफरीदी के अपने विस्फोटक अंदाज के साथ हुई, जिन्होंने पहले ही ओवर में दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम को तहस-नहस कर दिया और मेहमान टीम को चौंका दिया। जब बाबर खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट के बीच मैदान से बाहर गए, तब तक गद्दाफी स्टेडियम में दर्शकों ने अपने दोनों सबसे बड़े सितारों को पूरी लय में देख लिया था। पाकिस्तान द्वारा पहले ही ओवर में क्विटन डी कॉक और लुआन-ड्रे प्रीऑरियस को आउट करके शाहीन ने शुरुआत से ही लय बना ली। डी कॉक को आखिरी मूवमेंट में गेंद वापस उनके पास आई और अंदरूनी किनारा लेकर स्टंप्स पर जा लगी, इससे पहले कि प्रीऑरियस को पहली गेंद पर शॉर्ट फाइन लेग पर कैच कर लिया। शाहीन लगभग तीसरा विकेट ले ही लेते जब एक तेज इन-डकर गेंद डेवाल्ड ब्रेविस के घुटने पर लगी, लेकिन डीआरएस से पता चला कि गेंद बहुत ऊपर उछल गई थी। पावरप्ले में दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 22/2 था, जो टी20 अंतर्राष्ट्रीय इतिहास में उनका तीसरा सबसे कम स्कोर था।



# केन विलियमसन ने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 से लिया संन्यास

### मैं टीम का बहुत आभारी हूं, यह मेरे और टीम के लिए सही समय

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज केन विलियसमन ने आगामी टी20 विश्वकप से पहले अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।

विलियसमन ने अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि मैं लंबे समय से इस टीम का हिस्सा रहा हूं और इसके लिए बहुत आभारी हूं। यह मेरे और टीम दोनों के लिए सही समय है। इससे टीम को आगे की सीरीज और टी-20 विश्व कप के लिए स्पष्ट दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मिच शानदार कप्तान हैं और टीम को आगे ले जाने का यह उनका समय है। मैं अब दूर से उनका समर्थन करूंगा। न्यूजीलैंड के कोच रॉब वॉल्टर ने कहा कि यह फ़ैसला पूरी तरह समझ में आता है। क्रिकेट बहुत कुछ मांगता है और केन ने काफी योगदान दिया है। वह एक शानदार टीम मैन हैं और उनका अनुभव व शांत स्वभाव टीम के लिए अमूल्य है। अक्टूबर 2011 में पर्दापण करने के बाद से उन्होंने 93 टी-20 मैचों में 33-44 की औसत से 18 अर्द्धशतक लगाते हुए 2575 रन बनाए, इसमें 95 का सर्वोच्च स्कोर शामिल है। विलियमसन ने न्यूजीलैंड को 2021 टी-20 विश्व. कप के फाइनल तक पहुंचाया था, लेकिन उस दौरान उनका बेहतरीन 85 रन का योगदान भी टीम को जीत नहीं दिला सका। उन्होंने 75 मैचों में कप्तानी भी की। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज से स्वयं को अलग रखा था और इंग्लैंड के खिलाफ 1-0 की हार में भी जांघ की चोट के कारण नहीं खेले। टी-20 से संन्यास के बाद अब उनका पूरा ध्यान दिसंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज पर रहेगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा कि विलियमसन अब संभवत: 26 नवम्बर से शुरू होने वाला है।




# उन्नति हुड्डा सेमीफाइनल में हारी

**जर्मनी, वार्ता।** उन्नति हुड्डा के महिला एकल के सेमीफाइनल मैच में इंडोनेशिया की दुनिया की नंबर सात खिलाड़ी पुत्री कुसुमा वरदानी से हारने के बाद हाइलो ओपन 2025 बैडमिटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। शनिवार को खेले गए सेमीफानइल मुकाबले में 18 साल की उन्नति हुड्डा को वरदानी से 21-7, 21-13 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल बैडमिटन रैंकिग में 34वें नंबर पर मौजूद उन्नति हुड्डा की शुरुआत धीमी रही जबकि वरदानी ने शुरू में ही लय पकड़ ली, जिससे भारतीय खिलाड़ी नेट पर कई अनफोर्स्ड गलतियां करने पर मजबूर हो गईं। ब्रेक में 11-4 से पिछड़ने के बाद लंबे रैलियों में शामिल होने के बावजूद, हुड्डा 23 साल की वरदानी की स्पीड और सटीकता का मुकाबला नहीं कर पाईं। दूसरा गेम भी कुछ ऐसा ही रहा। हालांकि उन्नति हुड्डा ने छह लगातार अंक लेकर गैप को 18-13 तक कम करने के लिए थोड़ी वापसी की, लेकिन वरदानी ने जल्द ही मैच पर नियंत्रण करते हुए 35 मिनट में मुकाबला जीत लिया। भारतीय बैडमिटन खिलाड़ी अब मंगलवार से ग्वांगजू में शुरू होने वाले कोरिया मास्टर्स बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

# पंत की पारी से इंडिया 'ए' जीता

- **कप्तान ऋषभ पंत 90 की जबरदस्त पारी और तनुष कोटियान के दम पर द. अफ्रीका 'ए' को तीन विकेट से हराया**

बेंगलुरु, वार्ता। कप्तान ऋषभ पंत (90) की जबर्दस्त पारी और तनुष कोटियान (चार-चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंडिया ए ने पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को दक्षिण अफ्रीका ए को तीन विकेट से हरा दिया। इंडिया ए ने कल के चार विकेट पर 119 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया।

सुबह के सत्र में ऋषभ पंत के साथ आयुष बदोनी ने धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए स्कोर आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 53 रनों की साझेदारी हुई। टियान वैन वुरेन ने शतक की ओर बढ़ रहे ऋषभ पंत को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। ऋषभ पंत ने 113 गें. दों में 11 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 90 रन बनाए। 53वें ओवर में टियान वैन वुरेन ने आयुष बदोनी (34) को भी अपना शिकार बना लिया। तनुष कोटियान (23) सातवें विकेट के रूप में आउट हुए। इसके बाद इंडिया ए ने 73-1 ओवर में सात विकेट पर 277 रन बनाकर मुक. ाबला तीन विकेट से जीत लिया। मानव सुथार और अंशुल काम्बोज के बीच आठवें विकेट के लिए 62 रनों की अविजित मैच विजई साझेदारी हुई। दक्षिण अफ्रीका ए के लिए टियान वैन वुरेन ने तीन और शेपो मोरेकी ने दो विकेट लिए। ओकुहले सेले और लुथो सिपामला ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। दक्षिण अफ्रीका ए ने पहली पारी में 309 रनों का स्कोर बनाया था। भारत की ओर से तनुष कोटियान ने चार, गुरनूर बरार और मानव सुथार ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया था। इंडिया ए की टीम अपनी पहली पारी में 234 के स्कोर पर सिमट गई थी।

# इगा ने डब्ल्यूटीए फाइनल में पहला मुकाबला जीता

**रियाद, वार्ता।** इस साल की विबलडन चैंपियन इगा स्वियाटेक ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स के पहले एकल ग्रुप मैच में ऑस्ट्रेलियन ओपन विज. ेता मैडिसन कीज को सीधे सेओं में आसानी से हरा दिया। यह मुकाबला एकतरफा रहा क्योंकि शानदार फॉर्म में चल रही स्वियाटेक ने अपनी पहली सर्विस पर 82-1 प्रतिशत अंक हासिल किए, जबकि कीज को अपनी सर्विस में दिक्कत हुई, उन्होंने सात डबल फॉल्ट किए और पांच बार सर्विस गंवाई। स्वियाटेक ने अंततः 6-1, 6-2 से जीत हासिल की और शनिवार को ग्रुप चरण में अपनी पहली जीत दर्ज की। स्वियाटेक और कीज इस सीजन में पहले दो बार आमने-सामने हुई थीं, दोनों ने एक-एक बार जीत हासिल की थी, और दोनों ही मैच तीन-तीन सेट तक चले थे। ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में, अमे. रिकी कीज ने तीसरे सेट के सुपर ऑईब्रेक में अपनी पोलिश प्रतिद्वंद्वी को हराया और फिर खिताब अपने नाम किया। हालांकि, यूएस ओपन में पहले दौर में बाहर होने के बाद, कीज ने दो महीने से ज्यादा समय तक कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला था। स्वियाटेक ने बाद में कहा कि लगभग हर चीज में, लेकिन ज्यादातर अपनी सर्विस और पूरे ध्यान के साथ।मैं शुरू से अंत तक अपने जोन में थी, और सचमुच इसे इसी तरह बनाए रखना चाहती थी। इस साल के फ़ाइनल के दो एकल ग्रुप डब्ल्यूटीए की दिग्गज स्टेफ़ी ग्राफ और सेरेना विलियम्स के नाम पर हैं। स्वियाटेक और कीज को सेरेना विलियम्स ग्रुप में कजाकिस्तान की एलेना रिबा. कना और संयुक्त राज्य अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा के साथ रखा गया है। शनिवार को भी, रिबाकिना ने सात ऐस लगाए और अनिसिमोवा को 6-3, 6-1 से हराने में उन्हें सिर्फ़ 57 मिनट



लगे। इससे पहले, बेलारूसी स्टॉर आर्यना सबालेंका ने डब्ल्यूटीए से साल के अंत की विश्व नंबर 1 ट्रॉफी प्राप्त की, जिन्होंने टूर्नामेंट से पहले ही शीर्ष रैंकिग हासिल कर ली थी। यह लगातार दूसरा साल है जब सबा. लेंका ने डब्ल्यूटीए की साल के अंत में एकल वर्ग में विश्व नंबर 1 खिलाड़ी के रूप में सीजन का समापन किया है।

सबालेंका ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। हमने इस साल बहुत मेहनत की है, और मेहनत रंग लाती है। हर फ़ाइनल और हर मैच अविश्वसनीय था। मुझे इस सीजन पर बहुत गर्व है और उम्मीद है कि मैं रियाद में बहुत अच्छे प्रदर्शन के साथ सीजन का समापन कर पाऊंगी। स्टेफ़ी ग्राफ़ समूह के मैच, सबालेंका की अगुवाई में, रविवार को शुरू होंगे, जिसमें शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का सामना इटली की जैस्मीन पाओलिनी से होगा। उसी शाम, गत विजेता कोको गॉफ एक ऑल-अमेरिकन मुकाबले में जेसिका पेगुला से भिड़ेंगी।

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए जैमीसन और सोढ़ी को वापस बुलाया

- **मिशेल सेंटनर की अगुवाई में बुधवार को ऑकलैंड में सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा**

**वेलिगटन, वार्ता।** कई अहम खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण न्यूजीलैंड ने तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और स्पिनर ईश सोढ़ी को वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू पांच मैचों की अंतर्राष्ट्रीय टी-20 सीरीज के लिए 14 सदस्ईय टीम में वापस बुलाया है। ऑलराउंडर मिशेल सेंटनर की अगुवाई में बुधवार को ऑकलैंड में इस सीरीज का पहला मैच खेलना जाएगा। फिन एलन (पैर), लॉकी फर्ग्यूसन (हैमस्ट्रिंग), एडम मिल्ने (टखना), ग्लेन फिलिप्स (ग्रो. इन) और बेन सियर्स (हैमस्ट्रिंग) चोट के कारण बाहर हैं। इसके अलावा पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने भी रविवार को टी-20 से संन्यास की घोषणा कर दी है। इसे देखते हुए चयनकर्ताओं ने तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और स्पिनर ईश सोढ़ी को इस सीरीज के लिए टीम में शामिल किया है। टीम में अनकैप्ड तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ को जगह दी गई है। टीम चयन को लेकर न्यूजीलैंड के कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि वेस्टइंडीज जैसी खतरनाक टीम का सामना करने के पांच मौके मिलना बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि टीम पूरी सीरीज की लय में आने और गर्मियों की शुरुआत में बारिश से प्रभावित सीरीज के बाद कुछ मोमेंटम बनाने के लिए उत्सुक है। वाल्टर ने कहा कि टी-20 विश्व कप करीब आ रहा है और मुझे पता है कि यह लोगों के दिमाग में होगा, लेकिन हमारा ध्यान घर पर इस सीरीज पर है।

# सम्पादकीय

**सोमवार, 3 नवम्बर 2025**

## इच्छाशक्ति का अभाव

राजधानी दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों में प्रदूषण गंभीर होता जा रहा है। रविवार को हवा क्वालिटी और बिगड़ गई। एम्स और आसपास के इलाकों में एआईक्यू लेवल 420 तक पहुंच गया है। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम के लिए सीएक्यूएम के आदेश को लागू करते हुए दिल्ली सरकार ने बीएस-3 और उससे पुराने मानक वाले सभी ट्रांसपोर्ट व कमर्शियल वाहनों ट्रक, टेम्पो, लोडर आदि डीजल चालित वाहनों को दिल्ली में एंट्री पर बैन लगा दिया है। सवाल है कि दशकों से मीडिया व पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोग तथा संगठन, जिस प्रदूषण संकट के प्रति चेताते रहे हैं, उसके घातक परिणाम अब साफ सामने नजर आने लगे हैं। विडंबना यह है कि देश की राजधानी व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र ही नहीं, अब देश के तमाम बड़े-छोटे शहरों से भी जानलेवा प्रदूषण की खबरें आ रही हैं। इस घातक व मारक संकट की पुष्टि बहुचर्चित मेडिकल जर्नल लैंसेट की हालिया रिपोर्ट करती है। रिपोर्ट दावा करती है कि देश की हवा में 2010 की तुलना में साल 2022 तक प्रदूषणवाहक पीएम 2.5 कणों की मात्रा में 38 फीसदी तक का बढ़ावा हुआ है। जिसका घातक प्रभाव यह है कि करीब सत्रह लाख लोग असमय काल-कवलित हो चले हैं। इससे होने वाला आर्थिक नुकसान अलग है। यह कहना कठिन है कि अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका के आंकड़े कितने विश्वसनीय हैं। बहुत संभव है कि सरकारें इन आंकड़ों पर सहमति न जताएं, लेकिन दीपावली के बाद दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र समेत देश के विभिन्न शहरों में प्रदूषण जिस घातक स्तर तक पहुंचा है, वह हालात के गंभीर होने की ओर इशारा तो करता ही है। एक अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी ने दिल्ली को दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर का खिताब भी दिया है। इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता कि अस्पतालों में प्रदूषणजनित रोगों का उपचार कराने वाले लोगों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है। जीवन के संघर्ष में रोजी-रोटी की कवायद में जुटे लोगों को यह अहसास भी नहीं होता है कि वे दिन में कितनी जहरीली हवा निगल रहे हैं। हमारे शहर केंद्रित विकास की विसंगितयां भी शहरों में प्रदूषण का दायरा बढ़ा रही हैं। शहरों में उगते कंक्रीट के जंगल न केवल हवा के प्राकृतिक प्रवाह को बाधित कर रहे हैं, बल्कि वाहनों के सैलाब को भी बढ़ावा दे रहे हैं। विडंबना यह है कि इसके बावजूद राजनीतिक दलों व सरकारों में वह इच्छाशक्ति नजर नहीं आती, जो इस संकट के कारगर समाधान की राह दिखाती हो। निश्चित तौर पर प्रदूषण संकट की यह जानलेवा स्थिति हमें शर्मसार करने वाली है। यह हमारी सामूहिक विफलता की तसवीर भी उकेरती है। सर्दियों का मौसम आते ही दिल्ली व निकटवर्ती शहरों में जो प्रदूषण का बड़ा संकट दिखायी देता है, आखिर उसे साल भर सतर्कता के साथ क्यों नहीं देखा जाता। देश में आर्थिक असमानता व गरीबी के चलते लाखों लोग व बच्चे उन अस्वस्थकारी परिस्थितियों में काम करने को बाध्य हैं, जो कालांतर जानलेवा रोगों का सबब बनती हैं। देश में करोड़ों बाल श्रमिक पटाखा, कालीन और अन्य सांस के रोगों का संकट बढ़ाने वाले उद्योगों में काम कर रहे हैं।

### न्यायालय और कानून का शासन स्थिरता के आधार



सांविधानिक सिद्धांतों की रक्षा करने वाले न्यायिक अधिकारियों को भी दबाव और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है, जिन जजों का किसी राजनीतिक मामले में कोई हाथ नहीं था, उनके परिवार को भी राजनीतिक संगठनों ने निशाना बनाया, आप सभी जानते हैं कि मेरे परिवार को कैसे निशाना बनाया गया और उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए, यह सब केवल मुझे दबाने के लिए किया गया, उस कठिन समय में जो लोग किसानों के मुद्दे के पक्ष में थे, उन्हें भी धमकाया गया और दबाया गया, जब कई राजनेता अपनी स्थिति लेने में हिचकिचाते थे या चुप रहते थे, उस समय इस देश के न्यायविद, वकील और न्यायालय अपने सांविधानिक वादे के साथ खड़े रहे, सरकार बदलती हैं, लेकिन न्यायालय और कानून का शासन स्थिरता का आधार बने रहते हैं।

**-एनवी रमणा, पूर्व मुख्य न्यायाधीश**

# बदलते बिहार का रण: क्या बदलेगा 2025



**योगेश कुमार गोयल**

बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा होने के बाद से ही राज्य की सियासत उबाल पर है। दो चरणों में मतदान और 14 नवंबर को परिणाम, इन दो तिथियों के बीच अब हर बयान, हर गठबंधन, हर रैली और हर अपराध की खबर चुनावी हवा की दिशा तय करेगी। इस बार मुकाबला केवल नीतीश बनाम तेजस्वी या एनडीए बनाम इंडिया गठबंधन का नहीं है बल्कि अनुभव बनाम उम्मीद, सुशासन बनाम बदलाव और भरोसे बनाम मोहभंग की त्रिकोणीय लड़ाई बन गया है। बीस वर्षों से सत्ता के शिखर पर बैठे नीतीश कुमार का राजनीतिक भविष्य अब जनता की अदालत में है और इस फैसले में बिहार का आने वाला दशक छिपा है। बिहार में इस बार 7.43 करोड़ से अधिक मतदाता वोट डालेंगे, जिनमें 3.50 करोड़ महिलाएं और 3.92 करोड़ पुरुष शामिल हैं। इनमें से करीब 14 लाख युवा ऐसे हैं, जो पहली बार मतदान करेंगे। यही नई पीढ़ी अब इस चुनाव की दिशा मोड़ सकती है क्योंकि वह जातीय समीकरणों से अधिक रोजगार, शिक्षा, पलायन और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर केंद्रित है। इस बार का चुनावी रण बिहार की पारंपरिक राजनीति की जड़ों को चुनौती दे रहा है। जातिवाद, परिवारवाद और गठबंधन की राजनीति के बीच अब विकास, सुरक्षा और रोजगार की गूंज पहले से अधिक मुखर हो चुकी है।

राज्य की राजनीतिक पटकथा पिछले दो दशकों में अनेक बार बदली लेकिन एक चेहरा स्थाई रहा, नीतीश कुमार। 2005 में उन्होंने लालू यादव के शासन से 'सुशासन' की ओर संक्रमण का नारा दिया और जनता ने उसे हाथों-हाथ लिया लेकिन बीस वर्षों में वही चेहरा अब थकान का प्रतीक बन गया है। सत्ता विरोधी लहर स्पष्ट दिख रही है और विपक्ष इसे 'नीतीश थकान सिंड्रोम' कहकर प्रचारित कर रहा है। तेजस्वी यादव की आरजेडी, कांग्रेस और वाम दलों के साथ गठित महागठबंधन इस बार जोर-शोर से मैदान में है। वहीं एनडीए, जिसमें जेडीयू, भाजपा, लोजपा द्धरामविलासत्र और हम जैसे सहयोगी हैं, अपने पुराने समीकरणों पर भरोसा कर रहा है। मगर इन समीकरणों की जमीन पहले जैसी ठोस नहीं रही। भाजपा और जेडीयू के रिश्तों में तनाव है, सीट बंटवारे को लेकर खींचतान हुई है और नीतीश कुमार की उम्र और स्वास्थ्य पर लगातार चर्चा हो रही है।

भाजपा ने रणनीतिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनाव का मुख्य चेहरा बनाया हुआ है। राज्य में मोदी फैक्टर अब भी प्रभावी है लेकिन स्थानीय असंतोष इसे सीमित कर सकता है। बेरोजगारी, स्वास्थ्य और शिक्षा के ढ़ांचे की बदहाली, लगातार पलायन और अपराध के बढ़ते ग्राफ ने सुशासन की कहानी को कमजोर किया है। पटना से लेकर मुजफ्फरपुर और गया तक अपराध की घटनाएं आम होती जा रही हैं। हाल ही में मोकामा में हुई हत्या ने राज्य की कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया। चुनावी माहौल के बीच खुलेआम गोली चलना और जन सुराज के प्रत्याशी का खुलकर समर्थन कर रहे बाहुबली दुलारचंद यादव की हत्या यह संकेत देती है कि बिहार आज भी अपराध के साए से मुक्त नहीं है। विपक्ष इसे 'सुशासन का पतन' और 'जंगल राज' कहकर प्रचारित कर रहा है। जनता के मन में यह सवाल गूंज रहा है कि क्या बिहार का 'जंगल राज' कभी 'मंगल राज' बन सकेगा?

इन सबके बीच भ्रष्टाचार भी इस बार बड़ा मुद्दा बनकर उभरा है। प्रशांत किशोर, जो पहले चुनावी रणनीतिकार थे और अब जन सुराज पार्टी के नेता हैं, उन्होंने एनडीए के कई वरिष्ठ नेताओं पर भ्रष्टाचार और परिवारवाद के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनके आरोपों ने सत्ता पक्ष को रक्षात्मक बना दिया है। भाजपा ने पलटवार किया लेकिन जन धारणा में पीके की 'साफ-सुथरी राजनीति' का प्रभाव देखा जा सकता है। जन सुराज पार्टी का जनाधार भले सीमित हो लेकिन वह कई सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति पैदा कर सकती है। युवाओं और पढ़े-लिखे वर्ग में पीके की अपील बढ़ रही है, खासकर उन लोगों के बीच, जो जातिगत राजनीति से ऊब चुके हैं और नए विकल्प की तलाश में हैं। एनडीए सरकार ने इस बार मतदाताओं को लुभाने के लिए कई लोकलुभावन घोषणाएं की हैं, महिलाओं को 10 हजार रूपए की सहायता राशि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि, युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता, किसानों को फसल बीमा राहत और मुफ्त बिजली जैसी योजनाएं। भाजपा और जेडीयू दोनों इस बात पर दांव लगा रहे हैं कि महिलाओं का वर्ग, जो बिहार के चुनावों में अब निर्णायक बन चुका है, इन योजनाओं से प्रभावित होकर वोट करेगा। 2020 के चुनाव में महिला मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक था और इस बार भी यह रुझान कायम रह सकता है। महिला मतदाताओं की नब्ज इस बार निर्णायक हो सकती है, वे ही तय करेंगी कि स्थायित्व बेहतर है या परिवर्तन की शुरुआत।

दूसरी ओर, विपक्ष भी अपनी रणनीति पर आक्रामक है। तेजस्वी यादव ने रोजगार, शिक्षा और पलायन के मुद्दे को केंद्र में रखकर युवाओं को आकर्षित करने की कोशिश की है। राहुल गांधी के साथ उनकी साझा रैलियों में भीड़ उमड़ रही है लेकिन भीड़ को वोट में बदलना उनकी सबसे बड़ी चुनौती है। विपक्ष ने मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी और वोट चोरी का मुद्दा उठाया, यह नैरेटिव खासकर शहरी मतदाताओं और पढ़े-लिखे वर्ग में कुछ हद तक असर डाल सकता है। राज्य का जातीय गणित भी बदला है। 2022 के जाति आधारित सर्वेक्षण ने यह स्पष्ट किया कि बिहार में अत्यंत पिछड़ा वर्ग अब सबसे बड़ा समूह है, करीब 36 प्रतिशत। ओबीसी करीब 27 प्रतिशत, एससी 1996 प्रतिशत और मुस्लिम लगभग 17 प्रतिशत हैं। यही वर्ग अब चुनाव का निर्णायक चेहरा बन गया है। एनडीए इन वर्गों में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में है जबकि इंडिया गठबंधन यादव-मुस्लिम समीकरण को सहेजकर साथ ही पिछड़ों और दलितों को जोड़ने की रणनीति पर काम कर रहा है। सवाल यह है कि क्या जातीय पहचान अब भी वोट का आधार बनी रहेगी या फिर मतदाता अपनी प्राथमिकताएं बदल चुका है? दिलचस्प तथ्य यह है कि बिहार के ग्रामीण इलाकों में एनडीए की पकड़ मजबूत है जबकि शहरी इलाकों में विपक्ष को समर्थन बढ़ता दिख रहा है। लेकिन भाजपा सत्ता विरोधी भावना को संगठनात्मक ताकत से काउंटर करने की कोशिश कर रही है। मोदी फैक्टर और केंद्र की योजनाओं का लाभ एनडीए को मिला है पर यह लाभ तभी टिकेगा, जब नीतीश सरकार की छवि 'थकी हुई व्यवस्था' से उबर सके। भाजपा के भीतर भी यह चिंता है कि नीतीश अब वोट खींचने वाले नहीं रहे पर वे गठबंधन के लिए 'अनिवार्य चेहरा' हैं, उन्हें हटाना जोखिम भरा कदम होगा। विपक्ष के पास मौका है लेकिन उसके भीतर नेतृत्व का असंतुलन एक बड़ी कमजोरी भी है। तेजस्वी यादव की लोकप्रियता सीमित क्षेत्रों में केंद्रित है और कांग्रेस की पकड़ कमजोर पड़ चुकी है। यदि विपक्षी गठबंधन एकजुट रह सका और भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, अपराध जैसे मुद्दों को जनता के बीच जीवंत बनाए रख सका तो मुकाबला बेहद करीबी हो सकता है अन्यथा एनडीए सत्ता-विरोधी लहर को भी 'स्थायित्व और सुशासन' की ढ़ाल से झेल लेगा।

एक और बड़ा प्रश्न यह है कि क्या बिहार में इस बार महिला मतदाता कोई निर्णायक बदलाव ला पाएंगी? यह प्रश्न इसलिए अहम है क्योंकि 2005 से लेकर 2020 तक हर चुनाव में महिला मतदाताओं का रुझान उस दल की जीत से जुड़ा रहा है, जिसने उन्हें सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक सुविधा का भरोसा दिलाया। यदि महिलाएं एनडीए की योजनाओं से प्रभावित हुई तो यह गठबंधन को बढ़त दिला सकता है लेकिन यदि उन्हें लगे कि उनके जीवन में वास्तविक सुधार नहीं हुआ तो वे बदलाव का विकल्प चुन सकती हैं। बिहार का यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं बल्कि राजनीतिक संस्कृति के संक्रमण का चुनाव है। एक तरफ 'सुशासन बाबू' की थकान और सत्ता के स्थायित्व की कहानी है, दूसरी ओर नई पीढ़ी की उम्मीदें और बदलाव की मांग। बीच में प्रशांत किशोर जैसा तीसरा विकल्प है, जो राजनीति के पुराने समीकरणों को चुनौती दे रहा है। यह चुनाव बताएगा कि बिहार अब भी परंपरागत जातीय राजनीति में बंधा है या वह सामाजिक-आर्थिक मुद्दों को केंद्र में रखकर नई दिशा चुनने को तैयार है। 14 नवंबर को जब नतीजे आएंगे तो केवल यह नहीं बताएंगे कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा बल्कि यह भी उजागर करेंगे कि बिहार का जनमत अब भी बीस वर्षों पुराने भरोसे पर टिका है या नई सोच की ओर अग्रसर हो चुका है। मोकामा जैसी घटनाएं, बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार के आरोप, बेरोजगारी और पलायन की त्रासदी ने बिहार के मतदाताओं को सोचने पर मजबूर कर दिया है। इस चुनाव के नतीजे केवल सत्ता नहीं, बिहार की राजनीति की आत्मा को भी नया रूप देंगे। यह चुनाव बिहार के लिए वह मोड़ साबित हो सकता है, जहां से राज्य या तो भविष्य की ओर छलांग लगाएगा या फिर अतीत के साए में लौट जाएगा, जहां 'जंगल राज' और 'मंगल राज' के बीच केवल जनता की समझदारी की दीवार खड़ी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अब बेचारगी के नाम पर वोट की दरकार

**विपक्ष खासकर कांग्रेस के पास भी मोदी व अन्य भाजपा नेताओं द्वारा की गई बदजुबानियों की लंबी सूची है परन्तु कांग्रेस कम से कम वोट भुनाने के लिए जनसभाओं में उन शब्दावलियों को नहीं दोहराती कि कब मोदी ने 50 करोड़ की गर्ल फ्रेंड कहा तो कब श्कांग्रेस की विधवाश जैसा अशोभनीय शब्द इस्तेमाल किया। न ही कांग्रेस कभी इंदिरा गांधी व राजीव गांधी की शहादत पर वोट मांगती है। न ही वोट की खातिर जनता को बार बार यह याद दिलाती है। परन्तु आज भी भाजपा की ओर से इसी तरह की अपमानजनक बातें की जा रही हैं। जैसे कि गत 30 अक्टूबर को ही इसी बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान लखीसराय की एक रैली में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इतने गुस्से से बटन दबाना कि करंट इटली तक पहुंचे यही बात इसी अंदाज में अमित शाह पहले भी असम व छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों की चुनावी सभाओं में करते रहे हैं।**



**तनवीर जाफरी**

बिहार चुनाव की तिथि जैसे जैसे करीब आती जा रही है, वैसे वैसे बिहार में हो रहे चुनाव प्रचार में भी तरह तरह के रंग भरते देखे जा रहे हैं। बिहार की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की नीतीश सरकार ने सत्ता का पूरा लाभ उठाते हुए आदर्श आचार संहिता लागू होने से कुछ ही मिनट पहले कई ऐसी महत्वपूर्ण घोषणाएं और धन वितरण किए जिनसे वहां के मतदाताओं के एक वर्ग विशेषकर महिलाओं को लाभ पहुंचा। जैसे महिला उद्यमी योजना के तहत 10,000 रूपए की पहली किस्त 6 अक्टूबर 2025 यानी चुनाव की तारीख की घोषणा होने से कुछ ही मिनट पहले हस्तांतरित की गई । नितीश सरकार द्वारा यह दावा किया गया कि इससे 21 लाख महिलाएं लाभान्वित होंगी। इसके अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि, मासिक पेंशन रुपये 400 से बढ़ाकर रुपये 1,100 करने की आदि की घोषणा गई। इसी तरह विपक्षी महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव ने भी लोकलुभावन योजनाओं का पिटारा खोल कर रख दिया है। राज्य के हर परिवार को एक सरकारी नौकरी सहित महिलाओं को लुभाने तक के लिए बड़ा ऐलान किया। उन्होंने वादा किया है कि सत्ता में आने पर जीविका दीदियों को 30,000 रूपए मासिक वेतन वाली सरकारी नौकरी मिलेगी। साथ ही, ब्याज -मुक्त लोन और अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी। ऐसी और भी कई लोकलुभावन घोषणाएं विपक्षी गठबंधन की ओर से की गई हैं। बेशक ऐसी घोषणाएं मतदाताओं को आकर्षित करने की एक बड़ी रणनीति का हिस्सा हैं ।

परन्तु सत्तारूढ़ राजग के बिहार विधानसभा के सबसे बड़े घटक दल भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं द्वारा चुनाव प्रचार में कुछ अलग ही रंग भरने की कोशिशें की जा रही हैं। बड़ा आश्चर्य है कि लगभग दो दशक से सत्ता में रहने वाला राजग आज भी बिहार वासियों को लालू राज के दौर का कथित जंगल राज याद दिला रहा है? खासकर भाजपा के स्टार प्रचारक शोले फिल्म की तर्ज पर बिहार के मतदाताओं को याद करा रहे हैं कि राजग गया तो प्रदेश में गुंडा राज स्थापित हो जाएगा। यह बात तब कही जा रही है जबकि आज भी बिहार में सरे आम अपहरण की घटनाएं हो रही हैं। इसी वर्तमान चुनाव में राजनैतिक लोगों की हत्याएं हो रही हैं। अस्पताल में अपराधियों द्वारा दिन दहाड़े भर्ती मरीज की हत्या की जा रही है। पूरे राज्य में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। शराब बंदी के बावजूद तीन चार गुने रेट पर शराब की होम डिलेवरी की जा रही है। परन्तु ऐसी अनेक नाकामियों के बाद भी वोट, लालू के 20 वर्ष पुराने कथित गुंडा राज को याद दिला कर मांगा जा रहा है ? क्या प्रधानमंत्री तो क्या गृह मंत्री जैसे भाजपाई स्टार प्रचारक, सभी अपनी पार्टी का वही सधा सधाया विद्वेषपूर्ण राग अलाप रहे हैं। महागठबंधन पर श्तुष्टिकरण श का आरोप लगा रहे हैं तो कभी उनपर श्घुसपैठियोंश को संरक्षण देने का इलजाम लगा रहे हैं। बिहार की सत्ता में सबसे बड़ी भागीदारी निभाने के बावजूद आज भी जिस भाजपा के पास अपना कोई भी राज्य स्तरीय नेता तक न हो जिसने आज तक साफ शब्दों में अपना मुख्य मंत्री का चेहरा घोषित न किया हो वह पार्टी कभी नेहरू को कोस कर तो कभी भावनात्मक बातें कर राज्य के लोगों की शिक्षा,बेरोजगारी,स्वास्थ्य व कानून व्यवस्था जैसे मूल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है।

स्वयं जिस पार्टी के प्रदेश के सबसे बड़े नेता व बिहार के निवर्तमान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की नकली डिग्री,उनपर बार बार अपना नाम बदलने यहां तक कि उनपर सामूहिक हत्याएं करने जैसे आरोप विरोधियों द्वारा संवाददाता सम्मेलन में लगाए जा रहे हों उस भाजपा के मंच से स्वयं प्रधानमंत्री मोदी लोगों को यह बता रहे हैं कि राहुल व तेजस्वी जमानत पर घूम रहे हैं और अब चुनाव करीब आते आते तो प्रधानमंत्री मोदी ने अपना चिरपरिचित श्बेचारगी श दिखाने वाला कार्ड भी खेलना शुरु कर दिया है। विधानसभा चुनाव के दौरान, दरभंगा में कांग्रेस के मंच से उनकी दिवंगत मां के विरुद्ध किसी व्यक्ति के द्वारा बेहद अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। इसी बात को याद दिलाकर मोदी ने बिहार की एक सभा में भावुक होकर कहा कि जो गालियां उनकी मां को दी गई हैं, असल में वो देश की हर मां का अपमान है।ष्उन्होंने बार-बार इस अपमान का जिक्र किया और इसे चुनावी मुद्दा बनाते हुए वोट मांगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# चुनावी मौसम में देश के पत्रकारों का कर्तव्य



**विनीत नारायण**

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी जनता है और इस जनता की आवाज बनने का दायित्व पत्रकारों पर है। चुनाव वह समय होता है जब यह शक्ति सबसे अधिक सक्रिय होती है, जब जनता अपने मत से आने वाले पांच वर्षों की दिशा तय करती है। ऐसे निर्णायक समय में मीडिया की भूमिका केवल सूचना देने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वह एक प्रहरी यानी 'वॉचडॉग' की भूमिका निभाता है। दुर्भाग्य से, आज के परि.श्य में कई बार यह प्रहरी सार्वजनिक हित का रक्षक बनने के बजाय सत्ता या किसी दल का प्रचारक बनता दिखता है। यही वह विमर्श है जिस पर विचार होना चाहिए, कि पत्रकारों और एंकरों को क्यों और कैसे अपनी मूल भूमिका निभानी चाहिए, न कि पीआर द्धपब्लिक रिलेशनत्र पेशेवर बन जाना चाहिए।



पत्रकारिता का मूल उद्देश्य हमेशा सत्य का अन्वेषण रहा है। पत्रकार न तो किसी नेता के समर्थक होते हैं, न विरोधी, वे केवल जनता के प्रतिनिधि हैं। महात्मा गांधी ने कहा था कि प्रेस का काम जनता को सरकार की भूलों से सतर्क करना है, सरकार का मुखपत्र बनना नहीं। जब चुनाव आते हैं, तो यही भूमिका और भी संवेदनशील हो जाती है क्योंकि इस समय जनता को सूचित निर्णय लेने के लिए निष्पक्ष जानकारी चाहिए होती है। यदि मीडिया इस समय भ्रम फैलाए या किसी पक्ष के प्रचार का माध्यम बने, तो लोकतंत्र की आत्मा को आघात पहुंचता है। पत्रकारिता एक सार्वजनिक सेवा है, जबकि पीआर एक निजी हित का कारोबार। दोनों के स्वरूप में मूलभूत अंतर है। जहां पत्रकारिता का उद्देश्य सत्य और पारदर्शिता है, वहीं पीआर का उद्देश्य छवि निर्माण होता है, और वह भी किसी व्यक्ति या संगठन के हित में। जब कोई पत्रकार या एंकर अपने मंच का उपयोग किसी नेता की छवि चमकाने या विरोधी को बदनाम करने के लिए करता है, तो वह पत्रकार नहीं, पीआर एजेंट बन जाता है। यह स्थिति न केवल उसकी पेशेवर आचारसंहिता का उल्लंघन करती है, बल्कि जनता के साथ विश्वासघात भी है। चुनाव कवरेज अक्सर टीआरपी की होड़ में सनसनीखेज रूप ले लेता है। लेकिन वास्तविक पत्रकारिता की परीक्षा इसी समय होती है जब दबाव हो, आकर्षण हो और फिर भी कोई पत्रकार निष्पक्ष रह पाए। पत्रकारों को चाहिए कि वे चुनावी खबरों में तथ्यों की पुष्टि करें, उम्मीदवारों के वादों की जांच करें और जनता से जुड़े मुद्दों को केंद्र में रखें, न कि केवल रैलियों की भीड़ या विवादों की गहमागहमी को। एंकरों के लिए भी यह समय आत्म-संयम का होता है। उनसे अपेक्षा है कि वे मंच पर दोनों पक्षों को बराबर अवसर दें, तर्क पर तर्क से जवाब लें और चुनावी बहस को 'शोर' नहीं बल्कि 'संवाद' में बदलें। पत्रकारों व एंकरों का उद्देश्य दर्शकों को किसी दल की मनोवैज्ञानिक दिशा में मोड़ना नहीं, बल्कि उन्हें सोचने के लिए प्रेरित करना होना चाहिए। लोकतंत्र में पत्रकार सत्ता का संतुलन बनाए रखने वाले चौथे स्तंभ का प्रतिनिधि है। चुनाव काल में जब राजनीतिक दल वादों की बाढ़ लाते हैं, तब मीडिया का दायित्व है कि वह इन वादों की जांच करे। कौन से वादे व्यवहारिक हैं, कौन से केवल भाषणों की सजावट। इसके अलावा, मीडिया को यह भी देखना चाहिए कि क्या चुनावी प्रक्रिया पारदर्शी है? क्या प्रशासन और चुनाव आयोग निष्पक्ष हैं? क्या मतदाता को स्वतंत्र रूप से वोट डालने का अवसर मिल रहा है? यदि पत्रकार यह निगरानी न करें, तो सत्ता और धनबल का उपयोग करके जनमत को गुमराह करने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में पत्रकार ही वह दीवार है जो जनतंत्र को 'विज्ञापनतंत्र' बनने से बचा सकती है। सच्चा पत्रकार अपनी राय जरूर रख सकता है, लेकिन उसे तथ्यों की सत्यता से कभी समझौता नहीं करना चाहिए। उसे चाहिए कि वह हर रिपोर्ट में स्रोत स्पष्ट करे, हर दावा परखे और किसी भी राजनीतिक संदेश को प्रसारित करने से पहले उसकी विश्वसनीयता सुनिश्चित करे।

पत्रकारिता में 'निष्पक्षता' का अर्थ यह नहीं कि सबकी बात एक समान मानी जाए, बल्कि यह कि सच्चाई के प्रति वफादारी रखी जाए, चाहे वह सत्ता के खिलाफ हो या विपक्ष के। एंकरों को भी समझना होगा कि उनका मंच और चौनल एक भरोसे का प्रतीक है। यदि वे उसी मंच से किसी विशेष पार्टी के प्रवक्ता बन जाएं, तो वह भरोसा टूट जाता है। ट्रोल्स के प्रभाव, कॉर्पोरेट दबाव और राजनीतिक समीकरणों के बीच संतुलन बनाए रखना कठिन अवश्य है, पर यही कठिनाई पत्रकारिता को सम्मान दिलाती है। आज के युग में सोशल मीडिया ने सूचना का लोकतंत्रीकरण किया है, लेकिन अफवाहों और आधी सच्चाईयों के प्रसार का खतरा भी बढ़ा है। इस वातावरण में टीवी और प्रिंट मीडिया के पत्रकारों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्हें चाहिए कि वे त्वरित सुर्खियों से आगे बढ़कर पड़ताल करें, डेटा और दस्तावेजों पर आधारित रिपोर्ट तैयार करें और जनता को यह सिखाएं कि सच्ची खबर कैसे पहचानी जाए। यदि पत्रकार भी सिर्फ ट्रेंड या वायरल वीडियो के पीछे भागने लगे, तो वह समाज को जागरूक नहीं बल्कि भ्रमित करेगा। आज चुनाव के मौसम में पत्रकारों को आत्ममंथन की जरूरत है। क्या वे अपनी रिपोर्टों से जनता को सशक्त बना रहे हैं या किसी राजनीतिक पार्टी या कॉर्पोरेट घराने के एजेंडे को मजबूत कर रहे हैं? क्या उनके सवाल जनता के प्रश्न हैं या टीआरपी के लिए रचे गए नाटक?लोकतंत्र तभी सुरक्षित रहेगा जब पत्रकार अपने पेशे की आत्मा को जिंदा रखेंगे। जब वे सत्ता से नहीं, बल्कि जनता से डरेंगे।

'वॉचडॉग' बनने का अर्थ है सत्ता पर निगाह रखना, अन्याय पर सवाल करना और जनता के अधिकारों की रक्षा करना। चुनाव चाहे लोकसभा का हो या नगरपालिका का, मीडिया का धर्म एक ही हैरू सच दिखाना, पूरी ईमानदारी से, चाहे किसी को असुविधा ही क्यों न हो। पत्रकारिता केवल करियर नहीं, बल्कि लोकसेवा का माध्यम है। यदि पत्रकार और एंकर इस आत्मा को पहचान लें और चुनावी मौसम में पीआर के प्रभाव से ऊपर उठकर तटस्थ प्रहरी बनें, तो लोकतंत्र की नींव और अधिक मजबूत होगी। जनमत जागरूक होगा, सत्ता जवाबदेह बनेगी और भारत की लोकतांत्रिक परंपरा सच्चे अर्थों में सशक्त होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### इज़रायली हवाई हमले में चार हिजबुल्लाह सदस्यों की मौत

**बेरूत।** लेबनान के दक्षिणी गांव कफर रूमाने पर इजरायली हवाई हमले में चार लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। यह जानकारी देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालीन संचालन केंद्र ने दी। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) के अनुसार, एक इजरायली ड्रोन ने शनिवार को स्थानीय समयानुसार रात लगभग 10:20 बजे (2020 जीएमटी) हवाई हमला किया, जिसमें गांव के पूर्वी बाहरी इलाके में दोहा-कफर रूमाने रोड पर एक निर्देशित मिसाइल से चार पहिया वाहन को निशाना बनाया गया।

### ईरान में स्वैच्छिक बल के दो सदस्यों की हत्या

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कोर ने शनिवार को कहा कि दक्षिण-पूर्वी प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान में हुए आतंकवादी हमलों में उसके बासिज स्वैच्छिक बल के दो सदस्य मारे गए। पीड़ितों की पहचान एस्माईल शावरज़ी और मोख्तार शाहौज़ेही के रूप में हुई है। शुक्रवार को खाश काउंटी से ज़ाहेदान की ओर गश्ती अभियान के दौरान आतंकवादियों ने उन पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। आईआरजीसी ने अपने आधिकारिक समाचार आउटलेट सेपा न्यूज़ के माध्यम से कहा कि अस्पताल में उनकी मौत हो गई, हालांकि हमलावरों का संगठन स्पष्ट नहीं किया गया।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 350 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किए

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने मछली पकड़ने वाले एक जहाज पर लदी 350 किलोग्राम से अधिक क्रिस्टल मेथामफेटामाइन और हेरोइन बरामद की है। इनकी कीमत लगभग पांच अरब रुपये है। मेथामफेटामाइन को आमतौर पर 'आइस' के रूप में जाना जाता है। उप रक्षा मंत्री मेजर जनरल अरुणा जयशेखर ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि 16 बैगों में पैक ये मादक पदार्थ मछली पकड़ने वाले एक जहाज के अंदर पाए गए। , जिसे नौसेना ने शनिवार को देश के पश्चिमी तट के पास समुद्र में रोका था।

### अफगान सुरक्षा बलों ने घुसपैठ करने की कोशिश में 144 को गिरफ्तार किया

**काबुल।** अफगानिस्तानी सुरक्षा बलों ने सीमा पार कर पड़ोसी देश ईरान में अवैध रूप से घुसपैठ करने की कोशिश करने के आरोप में 144 लोगों को गिरफ्तार किया है। सेना ने रविवार को एक बयान में कहा कि अफगानिस्तान के पश्चिमी हेरात प्रांत में तैनात सैन्य कर्मियों द्वारा गिरफ्तार किए गए लोगों में दो संदिग्ध मानव तस्कर भी शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि सीमा सुरक्षा को मजबूत करने और सीमाओं के पार अवैध आवाजाही को रोकने के उद्देश्य से सुरक्षा बल इस तरह के अभियान जारी रखेंगे।

# ट्रम्प 2.0 में भारतवंशियों के खिलाफ हेट क्राइम 91% बढ़ा

## एच-1बी वीजा पर धमकियां भी मिल रहीं, मंदिरों पर हमले व भारतीयों को देश से निकालो जैसे नारे बढ़े



बाइडन कार्यकाल में दक्षिण एशियाई मूल के लोगों के खिलाफ ऑनलाइन नफरत व हिंसा सीमित रही

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में भारतवंशियों के खिलाफ हेट क्राइम के मामले बढ़े हैं। बाइडन कार्यकाल में दक्षिण एशियाई मूल के लोगों के खिलाफ ऑनलाइन नफरत व हिंसा सीमित रही। अक्टूबर 2024 तक 46000 ट्रोलिंग और 884 धमकियां दर्ज हुई, लेकिन ट्रम्प के लौटते ही हालात बिगड़ गए। अक्टूबर 2025 तक ट्रोलिंग बढ़कर 88000 तक पहुंची, यानी इसमें 91 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। दिसम्बर में वीजा और माइग्रेंट मामले में ट्रम्प- मस्क-रामास्वामी बहस के बाद 76 प्रतिशत धमकियां 'नौकरियां छीनने' से जुड़ी रहीं। ट्रम्प सरकार के एच-1बी वीजा फीस बढ़ाने और 104 भारतीयों को डिपोर्ट करने के फैसले ने माहौल भड़काया। इससे टेक्सास, वर्जीनिया व कैलिफोर्निया में गोलीबारी और मंदिर पर हमलों के मामले में उछाल आया। थिंक टैंक 'सेंटर फार द स्टडी ऑफ आर्गनाइज्ड हेट' के अनुसार बीते कुछ महीनों में नस्लभेदी पोस्ट्स में भी तेजी आई है। कैलिफोर्निया में पूरे साल मंदिरों पर हमले और ऑनलाइन नफरती अभियानों के संगठित प्रयास जारी रहे। नवम्बर 2024 से अक्टूबर 2025 के बीच अमेरिका के शहरों में भारतीय समुदाय को निशाना बनाते हुए हिंसक वारदातों की एक शृंखला सामने आई। फरवरी 2025 में वर्जीनिया में एक भारतीय-अमेरिकी कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मार्च 2025 में एक किराना स्टोर पर हुए हमले में पिता-पुत्री की जान चली गई। सितम्बर 2025 में टेक्सास के डलास में दो छात्रों और श्रमिकों की हत्या कर दी गई। इसी महीने चंद्रमौली नागमल्लैया की सिर काटकर हत्या ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया। अक्टूबर 2025 में पेंसिल्वेनिया के पिट्सबर्ग में एक मोटेल पर गोलीबारी में भारतीय मूल के मालिक और कर्मचारियों को निशाना बनाया गया। वहीं ओहायो, इलिनाय और इंडियाना राज्यों में छात्रों से हेट क्राइम के मामले सामने आए। रिपोर्ट के मुताबिक, बढ़ते नस्लभेद का यह ट्रेंड सिर्फ भारतीयों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे दक्षिण एशियाई समुदाय को निशाना बना रहा है। इसमें धर्म, नागरिकता या जातीय पहचान का कोई फर्क नहीं किया जा रहा। रिपोर्ट में इसके चार प्रमुख कारण बताए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका, यूरोप और आस्ट्रेलिया में प्रवासियों के खिलाफ जो वैश्विक नाराजगी बढ़ी है, वह इस नस्लभेदी ट्रेंड का पहला बड़ा कारण है। यह भावना दुनियाभर में उभर रही दक्षिणपंथी राजनीति का अहम हिस्सा बन चुकी है। एच-1बी पर अमेरिकी हैं गुस्सा अमेरिका में एच-1बी वीजा को लेकर गुस्सा भी इस ट्रेंड को बढ़ा रहा है। दक्षिणपंथी समूहों का आरोप है कि भारतीय 'कम योग्य' होते हुए भी अमेरिकी नागरिकों की नौकरियां छीन रहे हैं। इससे सोशल मीडिया पर 'भारतीयों को देश से निकालो' जैसे नारों में इजाफा हुआ। भारतीयों के खिलाफ नस्लभेद एशियाई समुदायों के खिलाफ व्यापक भेदभाव का हिस्सा है। ट्रम्प की जीत के बाद श्वेत वर्चस्ववादी गतिविधियां चरम पर पहुंच जाती हैं। जबकि, चुनावी दौर में हेट क्राइम में करीब 80 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी जाती है। ट्रेड डील पर तनाव का भी असर भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर तनाव से नफरत को हवा मिली है। फ्लोरिडा में एक सिख ट्रक ड्राइवर की वजह से हुए एक्सीडेंट में तीन लोगों की मौत जैसे मामलों को कुछ लोग बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे हैं ताकि उनके खिलाफ नफरत फैलाई जा सके।



श्रीनगर। कश्मीर मैराथन 2025 के दूसरे संस्करण में भाग लेते जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला।

### दक्षिण सूडान में आरएसएफ के ड्रोन हमलों में 12 की मौत

**खार्तूम।** दक्षिण सूडान के कोर्डोफन राज्य में अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स द्वारा दो विस्थापन केंद्रों को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमलों में बच्चों और महिलाओं सहित कम से कम 12 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। यह जानकारी स्वयंसेवी समूहों ने शनिवार को दी। स्वयंसेवी समूह सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार शाम को आरएसएफ ने कडुगली शहर में अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन के परिसर में एक आश्रय केंद्र पर ड्रोन हमला किया, जिसमें पांच बच्चों की मौत हो गई। इसने कहा कि एक अन्य ड्रोन हमले में अल-अब्बासिया तगाली क्षेत्र में एक विस्थापन शिविर को निशाना बनाया गया।

### कैरेबियाई सागर में जहाज पर अमेरिका ने किया हमला, तीन मरे

**नई दिल्ली।** कैरेबियाई सागर में एक और जहाज़ पर अमेरिका के हवाई हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शनिवार देर रात सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर इसकी पुष्टि की।

उन्होंने कहा कि यह हमला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आदेश पर किया गया और इसका निशाना एक ऐसा जहाज था जो अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के अनुसार अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल था। हेगसेथ ने बताया कि हमले में तीन व्यक्ति मारे गए। यह हमला अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्र में हुआ और किसी अमेरिकी सैनिक को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी रक्षा विभाग इन लोगों को उसी तरह से निशाना बनाएगा जैसे उसने अल-कायदा के आतंकवादियों को बनाया था। उन्होंने इन मारे लोगों को 'नार्को आतंकी' की संज्ञा दी। यह हमला पिछले सप्ताह किए गए तीन हमलों की श्रृंखला का हिस्सा है। सितम्बर से शुरू हुए इस अमेरिकी 'ऑपरेशन' में अब तक वेनेज़ुएला और कोलंबिया के नागरिक सहित 62 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इस दौरान 14 जहाज और एक पनडुब्बी नष्ट हुई है। अमेरिका का दावा है कि ये सभी अभियान ड्रग्स तस्करी रोकने के लिए हैं। आलोचकों का कहना है कि ये हमले अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हैं।

# मेक्सिको के सुपरमार्केट में धमाके, 23 की मौत

## घटना के बाद 12 घायलों को हर्मोसिल्लो के छह अस्पतालों में भर्ती कराया गया


मेरी संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथः शीनबाम

**मेक्सिको।** मेक्सिको के उत्तर-पश्चिमी राज्य सोनारा की राजधानी हर्मोसिल्लो में एक स्टोर में भीषण आग और विस्फोट की घटना हुई, जिसमें कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई, जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं, जबकि 12 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

यह हादसा शहर के डाउनटाउन इलाके में स्थित वाल्डोज स्टोर में हुआ। सोनारा के गवर्नर अल्फोंसो दुराजो ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए एक वीडियो में इस घटना की पुष्टि की और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई। राज्य के अटार्नी जनरल गुस्तावो सालास चावेज ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि मौतें विषाक्त गैसों के सांस द्वारा सेवन के कारण हुई हैं। उन्होंने कहा फिलहाल ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है जिससे लगे कि आग जानबूझकर लगाई गई थी, हालांकि किसी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। घटना के बाद 12 घायलों को हर्मोसिल्लो के छह अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने एक्सपर पोस्ट कर कहा मेरी संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं जिन्होंने इस भयावह हादसे में अपने प्रियजनों को खोया है। सरकार की राहत टीमें मौके पर पहुंच चुकी हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि स्टोर पूरी तरह आग की लपटों में घिरा हुआ था। एक वीडियो में एक झुलसे व्यक्ति को स्टोर के बाहर गिरते हुए देखा गया, जिससे हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि दमकलकर्मियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। फिलहाल आग लगने के सटीक कारणों की जांच की जा रही है।

# नाइजीरिया में ईसाइयों की हत्या से ट्रम्प नाराज

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमले की धमकी दी, 8 महीने के दौरान 7000 से ज्यादा ईसाई मारे गए


इन हत्याओं के बीच बोको हरम और फुलानी एक्सट्रीमिस्ट जैसे आतंकी संगठन जिम्मेदार हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नाइजीरिया को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि अगर नाइजीरिया में ईसाइयों की हत्या और हमले बंद नहीं हुए, तो अमेरिका तुरंत नाइजीरियाई सरकार को दी जाने वाली सभी आर्थिक और सैन्य सहायता रोक देगा। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अगर जरूरत पड़ी, तो अमेरिका 'गन के साथ' नाइजीरिया में कार्रवाई करेगा और उन आतंकियों को खत्म करेगा जो ईसाइयों पर हमला कर रहे हैं।

ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने अपने डिपार्टमेंट ऑफ वार को संभावित सैन्य कार्रवाई की तैयारी के आदेश दे दिए हैं। इंटरनेशनल सोसाइटी फार सिविल लिबर्टीज एंड द रूल ऑफ ला की एक रिपोर्ट के अनुसार, नाइजीरिया में जनवरी से 10 अगस्त तक धार्मिक हिंसा बढ़ने के कारण 7000 से अधिक ईसाइयों की हत्या कर दी गई है। इन हत्याओं के बीच बोको हरम और फुलानी एक्सट्रीमिस्ट जैसे आतंकी संगठन जिम्मेदार हैं। नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबू ने कहा कि देश को धार्मिक रूप से असहिष्णु कहना गलत है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की पहचान ही धार्मिक स्वतंत्रता और समान सम्मान पर आधारित है। नाइजीरिया किसी भी धार्मिक उत्पीड़न को बढ़ावा नहीं देता। संविधान सभी धर्मों की सुरक्षा की गारंटी देता है। सरकार सभी नागरिकों की रक्षा करेगी, चाहे उनका धर्म, जाति या नस्ल कुछ भी हो। जैसे अमेरिका अपनी विविधता को ताकत मानता है, वैसे ही नाइजीरिया भी इसे अपनी शक्ति मानता है। कुछ हफ्ते पहले अमेरिकी सीनेटर टेड क्रूज ने भी कांग्रेस से अपील की थी कि नाइजीरिया को धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने वाला देश घोषित किया जाए। ट्रम्प ने भी कहा था कि नाइजीरिया में ईसाई अस्तित्व के संकट से गुजर रहे हैं और 'रैडिकल इस्लामिस्ट' इन हत्याओं के जिम्मेदार हैं। नाइजीरिया की 22 करोड़ की आबादी लगभग बराबरी से मुस्लिम और ईसाई समुदाय में बंटी है। देश में बोको हराम जैसे कट्टरपंथी इस्लामी संगठन लंबे समय से हिंसा कर रहे हैं। खासकर देश के उत्तरी हिस्सों में होनी वाली हिंसा का शिकार ईसाई के साथ-साथ मुस्लिम समुदाय भी होता आ रहा है। कई जगह ये हमले धार्मिक कारणों से, तो कई जगह जमीन, जातीय संघर्ष, या आतंकवादी नेटवर्क की वजह से होते हैं।

# मिस्र में दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम खुला

## 3000 साल पुरानी तूतनखामेन की कब्र रखी गई, खोजने वाले 5 लोग रहस्यमयी मौत मरे

इसे बनाने में करीब एक अरब डॉलर से ज्यादा की लागत आई है

**काहिरा।** मिस्र में गीजा के पिरामिडों के पास दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम ग्रैंड इजिप्शियन आम जनता के लिए खोल दिया है। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सीसी के साथ दुनिया के कई देशों के नेता उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इसे बनाने में करीब 1 अरब डॉलर से ज्यादा की लागत आई है। ग्रैंड इजिप्शियन म्यूजियम (जीईएम) की सबसे बड़ी खासियत बाय किंग तूतनखामेन की कब्र है। 1922 में ब्रिटिश पुरातत्वविद हावर्ड कार्टर ने यह कब्र खोजी थी। इसमें 5500 से अधिक वस्तुएं मिली थीं।

अब पहली बार यह सब एक ही स्थान पर आम दर्शकों के लिए रखी जा रही हैं। तूतनखामेन सिर्फ 9 साल की उम्र में मिस्र की सत्ता पर काबिज हो गया था और 18-19 वर्ष की आयु में उसकी मृत्यु हो गई थी। उसका शासनकाल 1332/1323 ईसा पूर्व था। यह कब्र लगभग 3,000 वर्षों तक छिपी रही क्योंकि इसे चट्टानों और मलबे से ढक दिया गया था। नए म्यूजियम में हावर्ड कार्टर और उनकी टीम द्वारा तूतनखामुन के मकबरे में खोजी गई सभी कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। तूतनखामेन की कब्र का ताला 26 नवम्बर 1922 को हावर्ड कार्टर ने तोड़ा था। ब्रिटिश लार्ड कार्नार्वन ने 3000 साल पुरानी इस कब्र खोजने में लाखों पाउंड खर्च किए थे। ताला टूटने के बाद सबसे पहले वे ही अंदर गए। कब्र के प्रवेश द्वार पर कोई शिलालेख नहीं मिला, लेकिन स्थानीय मजदूरों ने फुसफुसाया कि जो राजा की नींद तोड़ेगा, मौत उसके पंखों से आएगी। लगभग 5 महीने बाद 5 अप्रैल 1923 को लार्ड कार्नार्वन की रहस्यमयी मौत हो गई। करीब सुबह 6 बजे लार्ड कार्नार्वन की चीखें होटल के हाल में गूंजीं। उसी रात 1:55 बजे काहिरा शहर में अचानक बिजली गुल हो गई थी।, लेकिन सबसे चौंकाने वाली खबर इंग्लैंड से आई। हैम्पशायर में लार्ड की पालतू कुत्ती 'सूसी' ने तीन बार भौंका और मर गई। कार्नार्वन के अलावा 4 लोग और मारे गए। इनमें शामिल थ। ममी का एक्स-रे करने वाले- आर्चिबाल्ड डगलस रीड, अज्ञात बीमारी के चलते उनकी मौत हो गई थी। कब्र की खुदाई में शामिल पुरातत्वविद्-ह्यू एवेलिन व्हाइट, आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने खून से दीवार पर लिखा था कि मैं श्राप के अधीन हूं और मुझे मरना ही होगा। हावर्ड कार्टर की टीम के सदस्य-आर्थर माचेन्थ, कब्र की खोज के दो साल बाद अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने से मौत हो गई।

### पाक ने अफगान शरणार्थियों की वापसी के लिए तोरखम सीमा फिर से खोली

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अफ़ग़ान शरणार्थियों की स्वदेश वापसी के लिए उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तोरखम सीमा को फिर से खोल दिया है। यह जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी। प्रांत के खैबर जिले के डिप्टी कमिश्नर बिलाल राव ने मीडिया से शनिवार को कहा कि आज सुबह सीमा पार से परिचालन फिर से शुरू किया गया जिससे उन अफगान परिवारों को वापस भेजा जा सके जो हफ्तों से पाकिस्तान में इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सैकड़ों अफगान नागरिक आव्रजन केंद्र पर पहुंच चुके हैं।


### अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता के माध्यम से समझौता संभवः ईरान

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने कहा कि तेहरान, अमेरिका के साथ सीधी बातचीत में दिलचस्पी नहीं रखता है लेकिन अप्रत्यक्ष वार्ता के माध्यम से समझौता किया जा सकता है।

अराघची ने शनिवार को कतर के अल जजीरा को दिए गए साक्षात्कार में ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित चिताओं का समाधान करने के लिए वार्ता की तत्परता दिखाई। उन्होंने कहा कि हम वाशिंगटन के साथ प्रत्यक्ष वार्ता करने के इच्छुक नहीं हैं लेकिन हम अप्रत्यक्ष वार्ता के माध्यम से समझौता कर सकते हैं। अपने परमाणु कार्यक्रम की शांतिपूर्ण प्रकृति को दोहराते हुए अराघची ने कहा कि ईरान के यूरेनियम संवर्धन को रोका नहीं जा सकता है और जो युद्ध से प्राप्त नहीं किया जा सकता है वह राजनीति के माध्यम से भी प्राप्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश का 400 किलोग्राम भंडार, जिसमें 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम है, अभी भी ईरान के बमबारी वाले परमाणु संयंत्रों के मलबे के नीचे दबा हुआ है और उसे किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे परमाणु सुविधाओं में संरचनाओं एवं उपकरणों दोनों मामले में हमें बहुत नुकसान हुआ है लेकिन हमारी तकनीक बरकरार है।

# रूस ने लॉन्च की 'खाबरोवस्क' पनडुब्बी

## पनडुब्बी पोसेइडान नामक परमाणु ड्रोन से लैस होगी, तटीय शहरों को एक झटके में कर सकती है खाक


इस ड्रोन में लगाया गया न्यूक्लियर पावर प्लांट पारंपरिक सबमरीन रिएक्टर से 100 गुना छोटा है

**मास्को।** रूस ने एक और शक्तिशाली हथियार के रूप में अपनी नई परमाणु पनडुब्बी 'खाबरोवस्क' लॉन्च की है। यह पनडुब्बी पोसेइडान नामक परमाणु ड्रोन से लैस होगी, जिसे 'डूम्सडे मिसाइल' भी कहा जाता है क्योंकि यह तटीय देशों को पूरी तरह नष्ट करने की क्षमता रखती है। इस ऐतिहासिक लॉन्चिंग समारोह में रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोउसव और नौसेना प्रमुख एडमिरल अलेक्जेंडर मोइसयेव मौजूद थे।


सेवरोडविंस्क के सेवमाश शिपयार्ड में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान बेलोउसव ने कहा आज हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है भारी परमाणु-संचालित मिसाइल क्रूजर 'खाबरोवस्क' लॉन्च किया जा रहा है। सेवमाश शिपयार्ड वही स्थान है जहां भारत के आईएनएस विक्रमादित्य एयरक्राफ्ट कैरियर का भी निर्माण और पुनर्निर्माण किया गया था। रूस के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह पनडुब्बी अत्याधुनिक अंडरवाटर हथियारों और रोबोटिक सिस्टम्स से लैस है, जो रूस की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और वैश्विक जलक्षेत्रों में उसके राष्ट्रीय हितों की रक्षा करेगी। रूसी समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, 'खाबरोवस्क' का डिजाइन रूबिन डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है और यह आधुनिक नौसेना अभियानों के लिए विकसित की गई है। यह एक परमाणु-संचालित अंडरवाटर ड्रोन है, जो अत्यधिक गहराई और लंबी दूरी तक जा सकता है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने हाल ही में घोषणा की थी कि पोसेइडान का सफल परीक्षण किया गया है। इस ड्रोन में लगाया गया न्यूक्लियर पावर प्लांट पारंपरिक सबमरीन रिएक्टर से 100 गुना छोटा है। रूस की सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने इस हथियार को डूम्सडे मिसाइल करार दिया, जबकि रूसी संसद की रक्षा समिति के प्रमुख अंद्रेई कार्तापोलोव ने कहा कि यह ड्रोन पूरे तटीय देशों को खत्म करने में सक्षम है। विशेषज्ञों का कहना है, इस लॉन्च के साथ रूस ने संकेत दिया है कि वह भविष्य की अंडरवाटर युद्ध तकनीक में दुनिया से कई कदम आगे बढ़ चुका है।

# रूसी संपत्तियां जब्त करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

**बेलग्रेड।** रूस में सोशलिस्ट पार्टी आंदोलन के संस्थापक, सर्बियागास के पर्यवेक्षी बोर्ड के अध्यक्ष और सर्बिया में रूसी ऐतिहासिक सोसायटी शाखा के प्रमुख अलेक्जेंडर वुलिन ने कहा कि यूरोपीय संघ उस स्थिति में रूसी संपत्तियों को जब्त करने की हिम्मत नहीं करेगा जब उसे कड़ी प्रतिक्रिया मिलने की आशंका होगी।

उन्होंने ए बातें आरआईए नोवोस्ती एक साक्षात्कार में कही। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने सितम्बर में रूस की ज़ब्त संपत्तियों का उपयोग करके यूक्रेन को एक नया ऋण आवंटित करने का प्रस्ताव रखा था। सुलेएन के अनुसार, यूक्रेन तभी ऋण चुकाएगा जब रूस हर्जाना भरेगा। हालांकि यूरोपीय संघ में इस ऋण पर आम सहमति नहीं है। अक्टूबर में, रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने कहा कि रूस द्वारा क्षतिपूर्ति के लिए यूरोपीय संघ के प्रस्ताव वास्तविकता से परे हैं और उन्होंने जर्मनी पर लंबे समय से रूसी संपत्तियों को ज़ब्त करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर मास्को की फ्रीज संपत्ति जब्त की गई तो वह निश्चित रूप से बहुत ही कठोर जवाब देगा। सर्बिया के पूर्व उप प्रधानमंत्री रहे वुलिन ने कहा कि अगर वे पूरे इतिहास में रूसी उपनिवेशों को लूटते रहे हैं तो उन्होंने रूस की संपत्ति क्यों नहीं ज़ब्त की? जो लोग उनसे कमज़ोर थे, वे भी रूस को लूटेंगे अगर उन्हें लगता है कि उन्हें इसकी सज़ा नहीं मिलेगी। वे रूसी संपत्ति ज़ब्त करेंगे या नहीं यह सिर्फ़ जवाबी शक्ति पर निर्भर करता है।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108